खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

नई दिल्ली, रविवार 20 अप्रैल 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 18 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

तापमान अधिकतम :32°C न्यूनतम: 21°C

सेंसेक्स 78,553.20 निफ्टी 23,851.65

सोना 98,350 चांदी 1,00,000

shahtimes2015@gmail.com बैसाख कृष्ण पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2082 21 शव्वाल 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित


## उत्तराखंड बोर्ड रिजल्ट में कमल व अनुष्का रहे अव्वल

शाह टाइम्स ब्यूरो


कमल चौहान
99.20% अंक


अनुष्का राणा
98.60% अंक

■ हाईस्कूल में 90.77 % व इंटरमीडिएट में 83.23% छात्र हुए पास, मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री ने छात्र-छात्राओं को दी बधाई

**रामनगर/देहरादून।** उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद ने शनिवार को हाईस्कूल व इंटरमीडिएट का रिजल्ट घोषित कर दिया है।

हाईस्कूल में विवेकानंद वीएमआईसी मंडलसेरा बागेश्वर के कमल सिंह चौहान व एचजीएस एसवीएम आईसी कुसुमखेड़ा हल्द्वानी के छात्र जतिन जोशी ने 99.20 प्रतिशत अंक लाकर संयुक्त रूप से प्रदेश टॉप किया है। वहीं इंटरमीडिएट में इंटर कॉलेज बदासी देहरादून की छात्रा अनुष्का राणा ने 98.60 प्रतिशत अंक लाकर प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। हाईस्कूल का पासिंग 90.77 प्रतिशत और इंटरमीडिएट का 83.23 प्रतिशत रहा है। इस बार भी बालिकाओं ने बाजी मारी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और प्रदेश के शिक्षा मंत्री डा. धनसिंह रावत ने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दी। शनिवार को बोर्ड के सभापति डा. मुकुल कुमार सती ने बोर्ड के अधिकारियों के साथ हाईस्कूल व इंटरमीडिएट का परिणाम जारी किया। उन्होंने बताया कि हाईस्कूल में 1,09859 छात्रों ने परीक्षा दी है। 99,725 परीक्षार्थी हाईस्कूल की परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं। इंटरमीडिएट में 106345 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी और 88,518 विद्यार्थी पास हो गए। बताया कि हाईस्कूल में बागेश्वर के कमल सिंह चौहान, कुसुमखेड़ा हल्द्वानी के छात्र जतिन जोशी ने 99.20 प्रतिशत अंक हासिल किए गए हैं। दोनों छात्रों ने संयुक्त रूप से प्रदेश की सर्वश्रेष्ठ सूची में पहला स्थान हासिल किया है। एसवीएम आईसी न्यू टिहरी टिहरी गढ़वाल की छात्रा कनाकलता ने 500 में से 495 अंक यानी 99 प्रतिशत लाकर प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल किया है। गोस्वामी गनेश दत्त सरस्वती आईसी उत्तरकाशी के छात्र दिव्यम व सीएआईसी अगस्तमुनि रुद्रप्रयाग की छात्रा प्रिया व पीपी सीवीएम आईसी नानकमत्ता ऊधमसिंह नगर की छात्रा दीपा जोशी ने हाईस्कूल की परीक्षा में 500 में से 494 यानी 98.80 प्रतिशत लाकर प्रदेश की श्रेष्ठता सूची में संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल किया है। हाईस्कूल में बालकों -शेष पृष्ठ दो पर

## जेईई मेन सत्र-2 के परिणाम घोषित

### 24 छात्रों को मिले 100 पर्सेंटाइल



■ 100 पर्सेंटाइल पाने वाले 24 टॉपरों में 22 लड़के और दो लड़कियां शामिल

**नई दिल्ली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने जेईई मेन 2025 के सेशन 2 का परिणाम घोषित कर दिया है, जिसके साथ ही टॉपर्स की सूची भी सार्वजनिक कर दी गई है। इस बार कुल 24 छात्रों ने 100 पर्सेंटाइल प्राप्त किए हैं। इस बार केवल पेपर 1 (बीई/बीटेक) का रिजल्ट घोषित किया गया है।

जबकि पेपर 2 (बीआर्क/बीप्लानिंग) के परिणाम की घोषणा अभी बाकी है। एजेंसी ने 18 अप्रैल को दोपहर 2 बजे जेईई मेन सत्र-2 की फाइनल आंसर-की जारी की थी। इससे एक दिन पहले, 17 अप्रैल को भी आंसर-की वेबसाइट पर अपलोड की गई थी, लेकिन बाद में हटा ली गई थी। एनटीए ने फाइनल आंसर-की से दो सवाल हटा दिए हैं और नियमों के अनुसार इन सवालों के लिए सभी छात्रों को पूरा अंक दिया जाएगा। जेईई मेन के पहले सत्र में 39 उम्मीदवारों के एनटीए स्कोर घोषित नहीं किए गए थे, क्योंकि वे अनुचित व्यवहार में लिप्त पाए गए थे। दूसरे सत्र के दौरान 110 उम्मीदवार परीक्षा -शेष पृष्ठ दो पर



गाजा पर इजरायली एयरस्ट्राइक में 90 लोगों की मौत

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



केएल राहुल ने धोनी और कोहली को पछाड़ा

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

### भारतीय दूतावास ने कनाडा में भारतीय छात्रा की मौत पर जताया शोक

**टोरंटो।** कनाडा में भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने गत बुधवार को गोलीबारी की घटना में एक भारतीय छात्रा हरसिमरत रंधावा की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया है। भारतीय महावाणिज्य दूतावास, टोरंटो ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर कहा कि हम हैमिल्टन, ओन्टारियो में भारतीय छात्रा हरसिमरत रंधावा की दुखद मौत से बहुत दुखी हैं। वह एक निर्दोष पीड़िता थी, दो वाहनों पर हुई गोलीबारी की घटना के दौरान अचानक एक गोली लगने से उसकी मृत्यु हो गई। फिलहाल हत्या की जांच चल रही है।

### सेना ने की लद्दाख में मोबाइल कनेक्टिविटी शुरू

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने एक बड़ा कदम उठाते हुए लद्दाख के सुदूर और अत्यधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में अभूतपूर्व मोबाइल कनेक्टिविटी की सुविधा प्रदान की है, जिसमें पूर्वी और पश्चिमी लद्दाख तथा सियाचिन ग्लेशियर के अग्रिम क्षेत्र भी शामिल हैं। सेना ने शनिवार को बताया कि दुनिया के कुछ सबसे दुर्गम इलाकों जैसे दौलत बेग ओल्डी, गलवान, डेमचोक, चुमार, बटालिक, द्रास और सियाचिन ग्लेशियर में तैनात सैनिकों को पहली बार अब विश्वसनीय 4 जी और 5 जी मोबाइल कनेक्टिविटी तक पहुंच मिली है।

### मोदी दो दिवसीय यात्रा पर सऊदी अरब जाएंगे

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस एवं प्रधानमंत्री प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के निमंत्रण पर 22-23 अप्रैल को दो दिवसीय सऊदी अरब की यात्रा पर जाएंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार वर्ष 2016 और 2019 के बाद प्रधानमंत्री की सऊदी अरब की यह तीसरी यात्रा होगी। यह यात्रा सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस एवं प्रधानमंत्री की सितम्बर 2023 में जी 20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने और भारत-सऊदी अरब रणनीतिक साझीदारी परिषद की पहली बैठक की सह-अध्यक्षता के लिए नई दिल्ली की राजकीय यात्रा के बाद की गई है।

## बांग्लादेश में हिंदू नेता की हत्या पर भारत के तेवर तल्ख

### अंतरिम सरकार अल्पसंख्यकों की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाए

नई दिल्ली, वार्ता

**भारत ने बांग्लादेश** में हिंदू समुदाय के नेता भाबेश चंद्र रॉय के अपहरण और नृशंस हत्या किए जाने की निंदा करते हुए वहां की अंतरिम सरकार से बिना कोई बहाना बनाए अल्पसंख्यकों की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शनिवार को इस बारे में मीडिया के सवालों के जवाब में कहा कि हमें बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यक नेता भाबेश चंद्र रॉय के अपहरण और क्रूर हत्या की जानकारी मिली है। यह हत्या अंतरिम सरकार के तहत हिंदू अल्पसंख्यकों के व्यवस्थित उत्पीड़न के एक पैटर्न का अनुसरण करती है, यहां तक कि पिछली ऐसी घटनाओं के अपराधी किसी सजा के डर के बिना खुल्लमखुल्ला घूम रहे हैं। श्री जायसवाल ने कहा कि हम इस घटना की निंदा करते हैं और एक बार फिर अंतरिम सरकार को याद दिलाते हैं कि वह बिना किसी नए बहाने या भेदभाव किए हिंदुओं सहित सभी अल्पसंख्यकों की रक्षा करने की अपनी जिम्मेदारी पर खरी उतरे।




### पूर्वोत्तर को लेकर बांग्लादेश की टिप्पणी निंदनीय: खड़गे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बांग्लादेश में हिंदुओं के बड़े नेता भाबेश चंद्र रॉय की निर्मम हत्या और पूर्वोत्तर को लेकर बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार की टिप्पणी को निराशाजनक बताते हुए कहा है कि वहां अल्पसंख्यकों पर जारी हमलों से साफ है कि दोनों मुल्कों के बीच हुई बातचीत विफल रही है। श्री खड़गे ने कहा कि श्री मोदी और बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार की भले ही मुस्कुराते हुए फोटो सामने आई हो, लेकिन सच यह है कि यह बातचीत विफल रही है। बांग्लादेश में बड़े स्तर पर अल्पसंख्यक हिंदू मारे जा रहे हैं, लेकिन कोई सकारात्मक पहल कहीं से नजर नहीं आ रही है। बांग्लादेश में लगातार धार्मिक अल्पसंख्यकों खासकर हमारे हिंदू भाई-बहनों पर अत्याचार हो रहा है।

## दिल्ली में छह मंजिला इमारत गिरी, 11 मरे

### कई लोग मलबे में फंसे, 20 लोगों को फिलहाल मलबे से बाहर निकाला गया

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुस्तफाबाद इलाके में शनिवार सुबह एक छह मंजिला इमारत गिर गई। जिसके मलबे में दबकर 11 लोगों की मौत हो गई है। कई लोग मलबे में फंसे हैं। जिन्हें बाहर निकालने का काम जारी है। यह घटना सुबह करीब 3 बजे हुई।

मौके पर डॉग स्क्वॉड, एनडीआरएफ और पुलिस की टीमें मौजूद हैं। फिलहाल बचाव अभियान जारी है। छह मंजिला इमारत देखते ही देखते जमींदोज हो गई। इस पूरे हादसे का एक वीडियो सामने आया है। जिसमें इस इमारत को गिरते हुए देखा जा सकता है। हादसे की सूचना शुक्रवार और शनिवार की दरम्यानी रात करीब दो से तीन बजे के बीच में दमकल विभाग को मिली, जिसके बाद तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। अभी भी कई लोग फंसे हुए हैं। हादसे के बाद से अब तक मलबे से 20 लोगों को निकाला जा चुका है, जिसमें चार लोगों की मौत पुलिस कंफर्म कर रही है, लेकिन सूत्रों का कहना है कि हादसे में 11 लोगों की जान गई है। पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार और शनिवार की दरम्यानी रात करीब तीन बजे शक्ति विहार की गली नंबर 1 में एक इमारत के ढहने की सूचना पुलिस स्टेशन दयालपुर को मिली। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि तहसीन पुत्र यासीन की चार मंजिला इमारत ढह गई थी, जिसमें कथित तौर पर 22 लोग फंसे हुए थे। एनडीआरएफ, डीएफएस और एम्बुलेंस सेवाओं को तुरंत बुलाया गया और बचाव कार्य शुरू किया गया। डिविजनल फायर ऑफिसर राजेंद्र अटवाल ने बताया कि सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और पाया कि पूरी इमारत ढह गई है। हमें लोगों के मलबे में फंसे होने की सूचना भी मिली। रेस्क्यू के लिए एनडीआरएफ और दिल्ली अग्निशमन सेवा की टीमें मिलकर काम कर रही है।

### मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मृतकों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने उत्तर-पूर्वी दिल्ली के दयालपुर थाना क्षेत्र में शनिवार को एक चार मंजिला इमारत ढहने के दुर्भाग्यपूर्ण हादसे में मारे गए लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। श्रीमती गुप्ता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि मुस्तफ़ाबाद में इमारत गिरने की दर्दनाक घटना से मन अत्यंत व्यथित है।



## मेरठ में भी तेज बारिश से दो मकान गिरे

■ नौ माह की बच्ची समेत दो की मौत 14 राज्यों में आंधी-तूफान का अलर्ट

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के मेरठ में शुक्रवार को आंधी-बारिश के कारण अलग-अलग जगहों पर दो मकान ढह गए। एक महिला और उसकी 9 माह की बच्ची की मलबे में दबकर मौत हो गई। करीब 10 लोग घायल हुए। लखनऊ में शनिवार सुबह 3 बजे तूफान आया। इससे सैकड़ों पेड़ और बिजली के पोल गिर गए।

इसके चलते रास्ते बंद हो गए। मौसम विभाग ने शनिवार को राजस्थान-मध्य प्रदेश में तेज लू (हीटवेव) की आशंका जताई है। महाराष्ट्र में भी तेज गर्मी रहेगी। इसके अलावा बिहार, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, झारखंड, नार्थ ईस्ट समेत 14 राज्यों में आंधी-तूफान की चेतावनी है। बारिश के साथ यहां तेज आंधी और बिजली का भी अलर्ट है। राजस्थान और गुजरात से आई गर्म हवाओं के असर से पूरा मध्य प्रदेश तप रहा है। सीजन में पहली बार शुक्रवार को दिन का पारा 44 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। खजुराहो, गुना और नौगांव सबसे ज्यादा गर्म रहे। यहां पारा 44 डिग्री पार हो गया। शनिवार को पारा 42.5 डिग्री सेल्सियस और रविवार को 43.1 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने के आसार हैं। 5 जिलों में लू चलेगी। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में तेज आंधी, ओलावृष्टि और भारी बारिश के कारण कई घरों को नुकसान पहुंचा है।

## नाबालिग से रेप, आरोपी चाचा को 20 दिन में उम्रकैद सुनाई



■ तीस हजारी कोर्ट ने 20 लाख मुआवजा देने का दिया आदेश

**नई दिल्ली।** दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट ने 16 साल की नाबालिग बच्ची से रेप कर उसे गर्भवती करने वाले 45 साल के व्यक्ति को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने सिर्फ 20 दिन में इस गंभीर केस का फैसला सुनाया और कहा कि दोषी को जिंदगी भर जेल में रहना होगा।

यह मामला पोक्सो एक्ट की धारा 6 के तहत दर्ज हुआ था। अदालत ने पीड़िता को 19.5 लाख रुपये का मुआवजा दिलाने का आदेश भी दिया। अदालत ने कहा कि जब आरोपी ने लड़की का यौन शोषण करना शुरू किया, तब उसकी उम्र 45 साल थी और लड़की सिर्फ 16 साल की थी। एडिशनल सेशन जज बबीता पुनिया ने कहा कि दोनों के बीच करीब 30 साल का फर्क था। इतनी बड़ी उम्र का अंतर इस मामले को और ज्यादा गंभीर बनाता है। मेरे मन में इस बात को लेकर कोई संदेह नहीं है कि पीड़ित बच्ची ने बहुत कष्टदायक पीड़ा सहन की होगी। दरअसल, दोषी पीड़ित के पिता का जानकार था और वह उसे चाचा कहकर बुलाती थी। उसने बच्ची से कई बार रेप किया और प्रेग्नेंट कर दिया।

## मकोका मामले में नरेश बाल्यान समेत 7 आरोपियों की न्यायिक हिरासत बढ़ी

■ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये कोर्ट में पेश हुए 'आप' के पूर्व विधायक

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) मामले में गिरफ्तार आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व विधायक नरेश बाल्यान और अन्य छह आरोपियों की न्यायिक हिरासत शनिवार को 23 अप्रैल तक बढ़ा दी।

ड्यूटी जज जितेंद्र सिंह ने जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये बाल्यान, रितिक उर्फ पीटर, रोहित उर्फ अन्ना, सचिन चिकारा, साहिल उर्फ पोली, विजय उर्फ कालू और ज्योति प्रकाश उर्फ बाबा की पेशी के बाद उन सभी की न्यायिक हिरासत बढ़ा दी। सरकारी वकील वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये और जांच अधिकारी सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) नरेश अदालत के समक्ष पेश हुए और साहिल उर्फ पोली तथा विजय उर्फ कालू की न्यायिक हिरासत चार दिन बढ़ाने की मांग की। अदालत ने अभियोजन पक्ष की दलीलें सुनने के बाद सभी आरोपियों की न्यायिक हिरासत 23 अप्रैल तक बढ़ा दी।

## अफगानिस्तान में फिर महसूस हुए भूकंप के झटके

### दिल्ली, जम्मू-कश्मीर और पाकिस्तान में भी डोली धरती

**काबुल।** अफगानिस्तान में शनिवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। भूकंप के झटके पाकिस्तान, जम्मू-कश्मीर और दिल्ली तथा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में भी महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंपीय निगरानी केंद्र ने बताया कि रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.8 मापी गई।

केंद्र ने बताया कि अफगानिस्तान में शनिवार को दोपहर बाद 12:17 बजे (भारतीय समयानुसार) यह भूकंप आया। दिल्ली-एनसीआर और जम्मू-कश्मीर समेत उत्तर भारत के कई इलाकों में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। अफगानिस्तान में अभी भूकंप से हताहतों और नुकसान के बारे में कोई प्रारंभिक रिपोर्ट नहीं मिली है। इसके अलावा भारत में भी अभी तक किसी नुकसान या हताहत होने की कोई सूचना नहीं मिली है। अफगानिस्तान के अलावा पाकिस्तान में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंपीय निगरानी केंद्र ने पूर्वाह्न 11:47 बजे (स्थानीय समयानुसार) 5.9 तीव्रता का भूकंप बताया।

## जनेऊ पहनने पर छात्र को परीक्षा से रोका

### सीईटी पेपर देने गया था, गेट पर काटने को कहा, आरोपियों के खिलाफ FIR

बेंगलुरु, वार्ता

■ परीक्षा केंद्र के कर्मचारियों का दावा : किसी भी छात्र से पवित्र धागा उतारने को नहीं कहा



**कर्नाटक में दो** कॉलेजों में स्टूडेंट के जनेऊ पहनने पर विवाद हो गया। पहला मामला शिवमोगा जिले के आदिचुंचनगिरी स्कूल का है। जहां कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (सीईटी) एग्जाम देने आए तीन स्टूडेंट का जनेऊ उतरवाया गया।

वहीं दूसरा मामला बीदर जिले के साई स्पूर्थी पीयू कॉलेज का है। यहां एक स्टूडेंट ने जनेऊ उतारने से मना कर दिया, तो उसे एग्जाम में बैठने नहीं दिया गया। मामला सामने आने के बाद कर्नाटक ब्राह्मण महासभा की तरफ से पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई। आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। कर्नाटक के बीदर में एग्जाम देने गए स्टूडेंट सुचिव्रत कुलकर्णी ने बताया कि 17 अप्रैल को मेरा मैथ का सीईटी एग्जाम था। जब मैं एग्जाम सेंटर पहुंचा, तो कॉलेज मैनेजमेंट ने मेरी जांच की और मेरा जनेऊ देखा। उन्होंने मुझसे कहा कि इसे काट दो या हटा दो, तभी वे मुझे परीक्षा में बैठने देंगे। 45 मिनट तक मैं उनसे अनुरोध करता रहा, लेकिन आखिरकार मुझे घर वापस आना पड़ा। मेरी मांग है कि सरकार दोबारा परीक्षा कराए या मुझे सरकारी कॉलेज में सीट दे। पुलिस के मुताबिक, आदिचुंचनगिरी पीयू कॉलेज एग्जाम सेंटर पर सुरक्षा कर्मचारियों ने तीन छात्रों से जनेऊ उतारने को कहा गया। एक स्टूडेंट ने मना कर दिया, तो उसे रोक दिया गया। जबकि दो अन्य छात्रों ने परीक्षा हाल में प्रवेश करने से पहले जनेऊ उतार दिया। एक सीनियर पुलिस अधिकारी ने बताया कि जब हमने कॉलेज अधिकारियों से पूछताछ की, तो उन्होंने कहा कि उनकी ओर से केवल परीक्षा कराने के लिए बिल्डिंग दी गई है। एंट्रेंस एग्जाम आयोजित करने या सुविधा प्रदान करने में उनकी कोई भूमिका नहीं है। वहीं परीक्षा केंद्र के कर्मचारियों ने दावा किया कि उन्होंने किसी भी छात्र से अपनी शर्ट या पवित्र धागा उतारने को नहीं कहा।







# उत्तर प्रदेश में मौसम ने तेजी के साथ करवट बदली

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी में मौसम ने तेजी के साथ करवट ली है। राजधानी लखनऊ सहित पूरे पूर्वांचल में मौसम के बदलने का अलर्ट जारी हुआ है। शुक्रवार की देर रात तक लखनऊ में तेज आंधी चली जिससे कई इलाकों की बिजली गुल हो गई।

मौसम विभाग के मुताबिक नए सक्रिय हुए पश्चिमी विक्षोभ के असर से लखनऊ में शनिवार को गरज-चमक और झोंकेदार हवाओं संग बारिश की संभावना है। हवाओं की रफ्तार 30 से 50 किमी प्रति घंटे तक जा सकती है। तेज हवाओं और बूंदाबांदी से पारे में गिरावट आएगी और गर्मी से फिलहाल राहत रहेगी। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि ईरान से चले पश्चिमी विक्षोभ की तीव्रता शनिवार को लखनऊ में दिखाई देगी। इसके असर से यहां झोंकेदार हवाओं संग बारिश की संभावना बन रही है। रविवार को भी राजधानी में बूंदाबांदी की स्थितियां बन सकती हैं। 21



■ लखनऊ में आधी रात के बाद चली आंधी
■ कई जिलों में बारिश और वज्रपात का अलर्ट, चलेंगी हवाएं

अप्रैल से दोबारा पारे में बढ़त देखने को मिलेगी। अंबेडकरनगर, अमेठी, अयोध्या, आजमगढ़, बदायूं, बागपत, बहराइच, बलिया, बलरामपुर, बाराबंकी, बस्ती, चंदौली, देवरिया, गाजीपुर, गोंडा, हापुड़, हरदोई, जौनपुर, कानपुर नगर, लखीमपुर खीरी, लखनऊ, मऊ, मिर्जापुर, पीलीभीत, प्रतापगढ़, प्रयागराज, रायबरेली, रामपुर, भदोही, संभल, शाहजहांपुर, सिद्धार्थनगर, सीतापुर, सोनभद्र, श्रावस्ती, सुल्तानपुर, उन्नाव, वाराणसी व आसपास के इलाकों में गरज-चमक संग बारिश की चेतावनी जारी की गई है। अमरोहा, बिजनौर, बरेली, मुरादाबाद पीलीभीत, रामपुर, शाहजहांपुर, अंबेडकरनगर, अमेठी, अयोध्या, आजमगढ़, बदायूं, बागपत, बहराइच, बलिया, बलरामपुर, बाराबंकी, बस्ती, चंदौली, देवरिया, गाजीपुर, गोंडा, गोरखपुर, हापुड, हरदोई, जौनपुर, कानपुर नगर, कुशीनगर, लखीमपुर खीरी, लखनऊ, महाराजगंज, मऊ, मेरठ, मिर्जापुर, मुजफ्फरनगर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, रायबरेली, भदोही, सहारनपुर, संभल, शामली, सिद्धार्थनगर, संत कबीर नगर, सोनभद्र, श्रावस्ती, सुल्तानपुर, उन्नाव, वाराणसी व आसपास के इलाकों में झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना है।

## कश्मीर में भारी वर्षा, प्रमुख सड़कें बंद

**श्रीनगर।** कश्मीर घाटी में पिछले 24 घंटों से भारी वर्षा होने के कारण निचले इलाकों में जलभराव हो गया है, जिससे यहां का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग खुला है, लेकिन बर्फबारी के कारण श्रीनगर-लेह, बांदीपोरा-गुरेज़, मुगल रोड और सिन्थन रोड अस्थायी रूप से बंद हैं। अधिकारियों ने बताया कि सड़क एजेंसियों से हरी झंडी मिलने के बाद ही इन सड़कों पर यातायात की अनुमति दी जाएगी। खराब मौसम के चलते बांदीपोरा जिले में एहतियातन तुलैल में कक्षा आठवीं तक और गुरेज तहसील में पांचवीं कक्षा तक की कक्षाएं शनिवार को स्थगित कर दीं गईं। कश्मीर के कई जिलों में भारी बारिश हुई, जिनमें गुलमर्ग में सबसे ज्यादा 35.2 मिलीमीटर द्धमिमीत्र्ञ बारिश दर्ज की गई। वहीं, कोकरनाग में 33.2 मिमी, कुपवाड़ा में 20 मिमी, काज़ीगुंड में 27.4 मिमी और श्रीनगर में 18.3 मिमी बारिश हुई। जम्मू संभाग में, बटोटे में 15.4 मिमी बारिश हुई, जो इस क्षेत्र में सबसे अधिक है। केन्द्र शासित प्रदेश में अगले 24 घंटों में व्यापक रूप से हल्की से मध्यम बारिश और गरज के साथ छींटे पड़ने के आसार हैं।

# ये करणी नहीं, योगी सेनाः अखिलेश

**आगरा।** सपा सांसद रामजीलाल सुमन घर पर हुए हमले के बाद पार्टी मुखिया अखिलेश यादव ने उनसे मुलाकात की। उन्होंने करणी सेना पर हमले का आरोप लगाते हुए कहा कि यह सरकार द्वारा प्रायोजित हिंसा है, जिसका उद्देश्य दलितों और अल्पसंख्यकों को डराना है। अखिलेश ने आरोप लगाया कि सरकार करणी सेना को फंडिंग कर रही और पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है।

सांसद रामजीलाल सुमन ने बीते दिनों राणा सांगा को लेकर विवादित टिप्पणी की थी, जिसके बाद भारी बवाल देखने को मिला। करणी सेना ने आगरा पहुंचकर प्रदर्शन किया। पिछले दिनों सांसद के घर पर कुछ लोगों ने हमला करने की कोशिश भी की थी, जिसके बाद सांसद की सुरक्षा बढ़ा दी गई। सांसद सुमन के बयान के बाद खूब गहमागहमी देखने को मिली। पूरे बवाल के बाद सपा प्रमुख अखिलेश यादव भी शनिवार को सांसद से मिलने आगरा पहुंचे, जहां उन्होंने सरकार पर जमकर हमला बोला है। अखिलेश ने मीडिया से बातचीत के दौरान सरकार पर आरोप लगाया कि ये पीडीए को तोड़ने की कोशिश है। सपा प्रमुख ने कहा कि समाजवादी पार्टी बाबा साहेब आंबेडकर के संविधान और उसके तहत हमें मिले अधिकारों का पालन करते हुए आगे बढ़ेगी। तलवार लहराने वालों और गाली-गलौज करने वालों पर कार्रवाई होगी। अखिलेश यादव ने सपा के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के घर



आगरा में सपा प्रमुख बोले- सरकार से हो रही फंडिंग

पर करणी सेना की तरफ से किए गए हमले को लेकर कहा कि ये पीडीए को डराने की कोशिश की गई है। उन्होंने कहा कि सांसद के आवास पर अचानक हमला नहीं हुआ, ये हमला एक साजिश के तहत हुआ है, हमलावरों का इरादा जान लेने का था। अखिलेश ने कहा कि हाल में हुए उपचुनाव भी ये लोग डराकर ही जीते हैं। प्रयागराज में एक दलित को मारकर जला दिया गया। ये एक तरह से दलिता. -अल्पसंख्यकों को डराने कोशिश पूरी कोशिश की गई है।

अखिलेश यादव ने कहा कि करणी सेना नहीं, ये योगी सेना है, जिसके लिए सरकार से फंडिंग हो रही है। सीएम के स्वजातीय लोगों ने जिस तरह तलवारें लहराईं, वो पिछड़ा, दलित अल्पसंख्यकों को हटाना चाहते हैं। तलवार लहराने पर भी न तो पुलिस ने कोई कार्रवाई की और न ही किसी ने विरोध किया। इस तरह के शांतिपूर्ण प्रदर्शन की अनुमति सरकार ने दी थी। उनका इरादा जान लेने का था, ये सब प्रदर्शन सरकार की फंडिंग पर हो रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### महाकुंभ बसाने वाले लल्लूजी के गोदाम में भीषण आग

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में शास्त्री ब्रिज के बीच में काली सड़क पर स्थित कुंभ मेला बसाने वाले लल्लू जी टेंट हाउस के अस्थाई गोदाम में लगी भीषण आग पर कड़ी मशक्कत के बाद काबू पा लिया गया। पुलिस उपायुक्त (नगर) अभिषेक भारती ने बताया कि सुबह सात बजे सूचना मिली कि महाकुंभ बसाने वाले लल्लूजी के काली सड़क पर स्थित अस्थाई गोदाम में आग लग गई। सूचना के बाद मौके पर कई बड़े प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। गोदाम में रखे बड़ी संख्या में बांस-बल्लियां, टेंट के पर्दे, रजाई-गद्दे, कुर्सी-मेज और प्लाईवुड में आग लगी है। सिविल लाइंस, हंडिया, मेजा, कोरांव, नैनी, प्रतापगढ़, कौशांबी से 18 दमकल गाड़ियों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह से छह घंटे में बाद काबू पा लिया गया।

### हिंदू-हिंदी की राजनीति पर उद्धव ठाकरे को फटकार

**प्रयागराज।** दक्षिणी राज्य तमिलनाडु में हिंदी को लेकर पिछले दिनों हुए विवाद अभी पूरी तरह थमा भी नहीं था कि अब महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे के 'हिंदू और हिंदी' वाले बयान पर संतों ने फटकार लगाते हुए उन्हें विवाद से बचने की नसीहत दी। श्रृंगवेरपुर पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी नारायणाचार्य शांडिल्य महाराज ने राज ठाकरे के साथ ही शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे को हिंदी भाषा को लेकर राजनीति न करने की कड़ी चेतावनी दी।

### आतंकवादी सहयोगी का वाहन किया जब्त

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बड़गाम जिले में एक आतंकवादी के सहयोगी का वाहन जब्त कर लिया गया है। पुलिस की ओर से शनिवार को यहां जारी एक बयान के मुताबिक गैरकानूनी गतिविधि अधिनियम (1967) के तहत बड़गाम के कांत. बाग क्रालपोरा निवासी मुद्दसर अहमद राठेर के कब्जे से एक 'इनोवा' कार को जब्त किया है। राठेर एक आतंकी मॉड्यूल से जुड़ा हुआ था। बयान के मुताबिक बड़गाम पुलिस की इस कार्रवाई से यह स्पष्ट होता है कि वह किसी भी तरह की आंतकी गति. विधियों को बर्दाश्त नहीं करने के साथ ही ऐसी गतिविधियों का समर्थन करने वालों को भी नहीं बख्शेगी।

# जैन मंदिर ध्वस्तः बीजेपी पर बरसी कांग्रेस-सपा

मुंबई, वार्ता

■ ये नफरत सिर्फ मुसलमानों तक सीमित नहीं रहेगीः कांगेस
■ पीडीए और पीड़ा नहीं सहेगाः सपा

मुंबई के विले पार्ले के कांबलीवाड़ी स्थित दशकों पुराने पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर को मुंबई नगर निगम के तोड़े जाने पर पूरे देश के जैन समुदाय में भारी आक्रोश है। इस कार्रवाई के खिलाफ शनिवार को जैन समाज के लोगों ने अहिंसक रैली निकाली, जिसमें हजारों की संख्या में जैन समाज के लोग शामिल हुए। इस बीच कांग्रेस ने इस घटना को लेकर बीजेपी सरकार पर निशाना साधा है।

कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी का कहना है कि पहले ही इस बात को कह दिया गया था कि ये नफरत सिर्फ मुसलमानों तक ही सीमित नही रहेगी, बल्कि दूसरे धर्म भी इसकी जद में आएंगे। सांसद ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसके कैप्शन में उन्होंने कहा है कि मुंबई में कुछ दिनों पहले जैन समाज के मंदिर पर बुलडोजर चलाकर उसे ध्वस्त किया गया था, आज पूरा जैन समाज सड़कों पर है: प्रतापगढ़ी। उन्होंने कहा कि नेता विपक्ष राहुल गांधी ने पहले ही कहा था कि ये नफरत सिर्फ मुसलमानों तक सीमित नहीं रहेगी। वहीं कांग्रेस के साथ ही समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने भी इस कार्रवाई को लेकर बीजेपी पर हमला किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट करते हुए कहा 'भाजपा सरकार के तहत मुंबई में तोड़े गए जैन मंदिर के विरोध में उमड़ा ये जैन समाज, देश में भाजपा सरकारों द्वारा अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न के खिलाफ उफान पर आया वो क्रोध, रोष और आक्रोश है जिसका ज्वालामुखी बहुत दिनों से सुलग रहा था। आज ये तस्वीरें पूरी दुनिया में देखी जा रही हैं। भाजपा ने अपनी नकारात्मक राजनीति से हमारे देश की सहिष्णुता की स्वस्थ और स्वच्छ छवि बहुत धूमिल कर दी है। सबसे बड़ा सवाल ये है कि आजादी के इतने सालों बाद आखिर भाजपा के शासन में ही और विशेषकर भाजपा शासित राज्यों में ही ऐसी घटनाएं क्यों घट रही हैं और जैन समाज कई बार सड़कों पर उतरने के लिए क्यों मजबूर हुआ है। ये विशाल जनाक्रोश बता रहा है कि अब भ्रष्ट भाजपा अपने अंतिम चरण में है, जैनियों के कार्यक्रम में प्रवचन देने वाले भाजपाई अब कहां छुपकर बैठे हैं।

## योगी ने सुनी 300 लोगों की समस्याएं, त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

# किसी के साथ अन्याय नहीं होने देंगे

गोरखपुर, वार्ता



■ अधिकारी लोगों की शिकायतें हल करना सुनिश्चित करें, किसी को चिंतित या परेशान होने की जरूरत नहीं: सीएम

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गोरखपुर में शनिवार को तेज बारिश के बावजूद जनसेवा का अनुष्ठान जारी रखा और जनता दर्शन का आयोजन सुनिश्चित कराने के साथ ही उन्होंने करीब 300 लोगों की समस्याएं सुनीं और इन समस्याओं के त्वरितए गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और संतोषजनक निस्तारण के निर्देश अधिकारियों को दिए।

मुख्यमंत्री के गोरखपुर प्रवास पर होने के चलते शनिवार सुबह कई लोग जनता दर्शन में शामिल होने पहुंचे थे, परंतु तेज बारिश के कारण उन्हें यह आशंका थी कि शायद उनकी मुलाकात मुख्यमंत्री से न हो पाए, लेकिन मुख्यमंत्री ने प्रतिकूल मौसम को देखते हुए लोगों के बैठने की व्यवस्था महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सभागार में कराई। इस दौरान उन्होंने 300 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और सभी को आश्वस्त किया सबकी समस्या का निस्तारण करना उनकी सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि किसी के साथ अन्याय नहीं होने पाएगा। योगी ने लोगों की समस्याओं से संबंधित प्रार्थना पत्र लेकर उसे अधिकारियों की इस निर्देश के साथ हस्तगत किया कि समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक निस्तारण सुनिश्चित करें। जनता दर्शन में योगी ने आत्मीयता से सभी लोगों को समस्या निस्तारण का भरोसा देते हुए कहा कि किसी की चिंता करने या परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। सबकी समस्या पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी। उन्होंने पुलिस व राजस्व से जुड़े मामलों में कार्रवाई करने में अनावश्यक विलंब न होने की हिदायत दी, तो जमीन कब्जा करने की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए दबंग और भू-माफिया पर नकेल कसने के निर्देश दिए। पुलिस से जुड़े कुछ मामलों पर मुख्यमंत्री ने कहा प्राथमिकी दर्ज करने और उसके बाद विधिक कार्यवाही में कोताही नहीं होनी चाहिए। घरेलू विवाद के मामले में उन्होंने परस्पर संवाद से समस्या कासमाधान करने के निर्देश दिए। हर बार की भांति इस बार भी जनता दर्शन में कुछ लोग गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने अधिका. रियों को निर्देशित किया कि इलाज में इस्टीमेट की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण कर शासन को भेजें। इलाज के लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि धन के अभाव में किसी का इलाज बाधित नहीं होगा। जनता दर्शन में समस्या लेकर आई आंशिक रूप से शारीरिक अक्षमता की शिकार कर महिला और उसकेसाथ बच्चे को देखकर मुख्यमंत्री भावुक हो गए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इनकी समस्या का निस्तारण कराओ और इन्हें चाय भी पिलाओ। इस दौरान कुछ अन्य लोगों के साथ आए उनके बच्चों को योगी ने प्यार दुलारकर आशीर्वाद दिया। उन्हें पढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए चॉकलेट दिया। गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान शनिवार सुबह तेज बारिश का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दिनचर्या पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। खराब मौसम में भी वह गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन और अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की प्रतिमा समक्ष शीश झुकाने के बाद मंदिर परिसर का भ्रमण कर व्यवस्थाओंका जायजा लेने निकले।

## यूपी के बांध और झील बनेंगे पर्यटन केन्द्र

**लखनऊ।** योगी सरकार ने ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए चित्रकूट, महोबा, सोनभद्र, हमीरपुर, झांसी, सिद्धार्थनगर और बांदा जनपदों में स्थित सात प्रमुख बांधों और झीलों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का फैसला लिया है। इन स्थानों को ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए बांधों और जलाशयों को पर्यटन स्थलों के रूप में विकसित किया जाएगा। इन स्थानों पर जल और एडवेंचर गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए सिंचाई और जल संसाधन विभाग की सहमति, सहयोग सुनिश्चित किया गया है। जिन बांधों और जलाशयों को इको टूरिज्म के लिए चुना है, उनमें चित्रकूट में गुन्ता बांध, महोबा में अर्जुन डैम, सोनभद्र में धंधरौल डैम, हमीरपुर में मौदहा डैम, झांसी में गढ़मऊ झील, सिद्धार्थनगर में मझौली सागर और बांदा में नवाब टैंक शामिल है। इसका उद्देश्य प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर इन जलाशयों को पर्यटकों के लिए आकर्षक बनाना है। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन और आर्थिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। सिंचाई और जल संसाधन विभाग इन परियोजनाओं के लिए तकनीकी सहायता और आवश्यक अनुमतियां प्रदान करेगा। विभाग यह सुनिश्चित करेगा कि बांधों की सुरक्षा और संरचना पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े, साथ ही जल क्रीड़ा गतिविधियों के लिए उपयुक्त पर्यावरण और सुरक्षा मानकों का पालन किया जाए। उत्तर प्रदेश में प्राकृतिक और सांस्कृतिक समृद्धि का खजाना है। योगी सरकार का लक्ष्य इन बांधों और झीलों को विश्वस्तरीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना है, ताकि पर्यटक प्रकृति के बीच सुकून और साहसिक अनुभव प्राप्त कर सकें। इस परियोजना से स्थानीय समुदायों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से लाभ होगा। पर्यटन गतिविधियों के विकास से होटल, रेस्तरां, परिवहन और गाइड सेवाओं जैसे क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

# सड़क हादसे में मां-बाप समेत 4 की मौत

## बेटे की अस्थियां विसर्जित करने जा रहा था परिवार

फतेहपुर, वार्ता

यूपी के फतेहपुर में भीषण हादसे में दंपति समेत चार लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में एक बेकाबू कार ने हाइवे के किनारे खड़े डंपर में पीछे से टक्कर मार दी। यह टक्कर इतना तेज थी कि कार का पिछला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। एक महिला और बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा है।

पुलिस के मुताबिक हादसे में घायल महिला और बच्चे को मंडलीय अस्पताल, खागा पहुंचाया गया। जहां उनकी हालत को देखते हुए डॉक्टरों जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। पुलिस के मुताबिक घायलों और मृतकों की पहचान कर



■ यूपी के फतेहपुर में खड़े डंपर में घुस गई कार दो गंभीर घायल

उनके परिजनों को सूचित कर दिया है। झांसी जिले के दीनदयाल नगर निवासी सॉफ्टवेयर इंजीनियर आदित्य की मौत हो गई थी। इसके बाद उनके पिता रामकुमार भार्गव (55), मां कमलेश भार्गव (50), जीजा पराग चौबे (50) पत्नी चारू (35), 12 वर्षीय भतीजा काश्विक और ड्राइवर शुभम (35) अटिगा से आदित्य की अस्थियां विसर्जित करने प्रयागराज जा रहे थे। शनिवार की सुबह लगभग 5 बजे उनकी गाड़ी खागा कोतवाली के प्रयागराज कानपुर हाईवे पर सुजानीपुर चौराहा से गुजर रही थी। इसी दौरान हनुमान मंदिर के सामने कार हाईवे के किनारे खड़े डंपर में पीछे से जा घुसी। इसके बाद एक तेज धमाका हुआ। फिर स्थानीय लोग और दुकानदारों ने इस हादसे की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही डंफर का ड्राइवर मौके से वाहन लेकर फरार हो गया। फिर पुलिस घटनास्थल से सभी घायलों को मंडलीय अस्पताल, खागा ले गई, जहां डॉक्टरों ने रामकुमार और उनकी पत्नी कमलेश, शुभम और पराग को मृत घोषित कर दिया। आदित्य की पत्नी चारु और भतीजे कश्विक की हालत को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां उनका इलाज हो रहा है।

# कांगेस ने 2000 करोड़ की संपत्ति हड़पी

नेशनल हेराल्ड मामले पर बीजेपी का कांग्रेस पर हमला

**नई दिल्ली।** नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने एक बार फिर कांग्रेस और गांधी परिवार पर तीखा हमला बोला है। पार्टी प्रवक्ता प्रत्यूष कांत ने शनिवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में आरोप लगाया कि कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने आजादी के आंदोलन से जुड़ी नेशनल हेराल्ड जैसी ऐतिहासिक संस्था को अपने निजी लाभ के लिए इस्तेमाल किया।

प्रत्यूष कांत ने कहा कि आजादी के लिए एक न्यूज पेपर शुरू किया गया था। यह फ्रीडम फाइटर्स का सपना था कि भारत में फ्री मीडिया होगा, लेकिन आज एक परिवार ने उसे अपने घर की प्रॉपर्टी बना लिया है। उन्होंने दावा किया कि महज 50 लाख रुपए देकर गांधी परिवार ने करीब 2000 करोड़ रुपए की संपत्ति पर कब्जा कर लिया। ये करप्शन इतनी गहराई तक फैला है कि ये मॉडल हॉवर्ड बिजनेस स्कूल में भी नहीं सिखाया जाता, बल्कि रॉबर्ट वाड्रा बिजनेस स्कूल में ही पढ़ाया जाता है। बीजेपी प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने फर्जी विज्ञापन, फर्जी किराया समझौते के जरिए तीन तरीकों से घोटाला किया। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले में मनी लॉन्ड्रिंग की गई।

# आवक और उठाव बराबर रहने से सभी जिंसों में रहा टिकाव

नई दिल्ली, वार्ता

स्थानीय स्तर पर आवक और उठाव बराबर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव स्थिर रहे। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5750-5850, दाल चना



6750-6850, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9550-9650, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 8500-8600 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3450-3550 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4400-4500, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। खाद्य तेल : सरसों तेल 15385 रुपये, मूंगफली तेल 19047 रुपये, सूरजमुखी तेल 16703 रुपये, सोया रिफाइंड 14835 रुपये, पाम ऑयल 13187 रुपये और वनस्पति तेल 16484 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**उत्तराखंड बोर्ड....** का उत्तीर्ण 88.20 व बालिकाओं का उत्तीर्ण 93.25 प्रतिशत रहा। हाईस्कूल में चम्पावत 96.97 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान पर रहा है। वहीं इंटरमीडियट में केशव भट्ट एसपीआईसी करबारी ग्रांट देहरादून, कोमल कुमारी गोस्वामी गनेश दत्त सरस्वती विद्या मंदिर आईसी उत्तरकाशी को 500 में से 489 अंक यानी 97.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर श्रेष्ठता सूची में संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान पर रहे हैं। एसवीएमआईसी आवास विकास ऋषिकेश देहरादून के छात्र आयूष सिंह रावत ने 96.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश की सूची में तीसरा स्थाल हासिल किया है। इंटर का उत्तीर्ण प्रतिशत 83.23 रहा। प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने वाले परीक्षार्थियों की संख्या 41290 है। जनपद पिथौरागढ़ कुल 91.90 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान पर रहा है। बालकों का 80.10 प्रतिशत व बालिकाओं का 86.20 प्रतिशत रहा।

**जेईई मेन...** से संबंधित दस्तावेजों की जालसा. जी सहित अनुचित साधनों में शामिल पाए गए और परिणामस्वरूप, उनके परिणाम घोषित नहीं किए गए। एनटीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इन उम्मीदवारों के अलावा, 23 उम्मीदवारों के परिणाम उनकी तस्वीरों, बायोमेट्रिक विवरण या पहचान सत्यापन के लिए अन्य व्यक्तिगत जानकारी में विसंगतियों के कारण रोक दिए गए हैं। इन उम्मीदवारों को अपने परिणाम घोषित करने के लिए एक निर्दिष्ट तिथि के भीतर एनटीए को एक राजपत्रित अधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित अपनी तस्वीरों का वैध प्रमाण प्रदान करने के लिए कहा गया है। जेईई मेन 2025 के जारी परिणामों के साथ-साथ जेईई एडवांस्ड के लिए क्वालिफाइंग कटऑफ भी घोषित कर दी गई है। सामान्य श्रेणी के छात्रों को जेईई एडवांस्ड में बैठने के लिए कम से कम 93.10 पर्सेंटाइल की आवश्यकता होगी। वहीं, ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए कटऑफ 80.38, ओबीसी के लिए 79.43, एससी के लिए 61.15, और एसटी वर्ग के छात्रों के लिए कटऑफ 47.90 पर्सेंटाइल निर्धारित की गई है। 100 पर्सेंटाइल पाने वाले 24 टॉपरों में 22 लड़के और 2 लड़कियां शामिल हैं। इस बार के 24 टॉपर्स में से सबसे अधिक 7 छात्र राजस्थान से हैं। इनके अलावा तेलंगाना से 3, महाराष्ट्र से 3, उत्तर प्रदेश से 3, पश्चिम बंगाल से 2, दिल्ली और गुजरात से 2-2, जबकि आंध्र प्रदेश और कर्नाटक से 1-1 छात्र टॉपर्स की सूची में शामिल हैं। इस वर्ष कुल 24 छात्रों ने 100 पर्सेंटाइल हासिल किए हैं। टॉपर्स की सूची इस प्रकार है- मोहम्मद अनस, राजस्थान, आयुष सिंघल, राजस्थान, आर्किसमैन नंदी, पश्चिम बंगाल, देवदत्त माझी, पश्चिम बंगाल, आयुष रवि चौधरी, महाराष्ट्र, लक्ष्य शर्मा राजस्थान, कुशाग्र गुप्ता कर्नाटक, हर्ष गुप्ता, तेलंगाना, आदित प्रकाश भगड़े गुजरात, दक्ष दिल्ली, हर्ष झा, दिल्ली, राजित गुप्ता राजस्थान, श्रेयस लोहिया उत्तर प्रदेश, सक्षम जिंदल राजस्थान, सौरव उत्तर प्रदेश, वंगाला अजय रेड्डी तेलंगाना, सानिध्य सराफ, महाराष्ट्र, विशाद जैन महाराष्ट्र, अर्णव सिंह राजस्थान, शिवेन विकास तोशनीवाल गुजरात, कुशाग्र बैंगहा उत्तर प्रदेश, साई मनोगना गुथिकोंडा आंध्र प्रदेश, ओम प्रकाश बेहरा राजस्थान, बानी ब्रता माजी तेलंगाना।

# महिलाओं पर अत्याचार स्वीकार्य नहींः विजया

मुर्शिदाबाद, वार्ता

राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया राहतकर ने बंगाल के हिंसा प्रभावित जिलों मुर्शिदाबाद, मालदा और धुलियान पहुंचकर पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और उन्हें न्याय का भरोसा दिलाया। राष्ट्रीय महिला आयोग के अलावा राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की टीम ने भी मुर्शिदाबाद में दंगा प्रभावित लोगों से मुलाकात की। एनसीडब्ल्यू पीड़ितों को आश्वासन दिया कि भविष्य में उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए केंद्र हर आवश्यक कदम उठाएगा।

एनसीडब्ल्यू प्रमुख विजया राहतकर ने पीड़ितों से कहा कि चिंता करने की जरूरत नहीं है, क्योंकि केंद्र उनके साथ है। उन्होंने मुर्शिदाबाद में पीड़ितों से कहा कि हम आपकी दुर्दशा का पता लगाने आए हैं। ऐसा न सोचें कि आप अकेले हैं, देश और आयोग आपके साथ है। उन्होंने कहा कि एनसीडब्ल्यू अपनी रिपोर्ट केंद्र को सौंपेगा। पीड़ितों ने राहतकर से कहा हिंसा प्रभावित इलाकों में स्थायी बीएसएफ शिविर स्थापित किए जाएं। मानवाधिकार आयोग ने जाफराबाद इलाके में मारे गए पिता पुत्र



■ मुर्शिदाबाद में दंगा पीड़ितों से मिलीं राहतकर दिया न्याय का भरोसा

हरगोविंद और चंदन के परिजनों से भी मुलाकात की और न्याय का भरोसा दिलाया। मानवाधिकार और महिला आयोग जांच के बाद केंद्र को अपनी रिपोर्ट सौंपेगा। मुर्शिदाबाद जिले में दंगा प्रभावित शिविर में महिलाओं ने हिंसा के दिनों के दौरान अपनी दुर्दशा बताई। राहतकर ने कहा महिलाओं के ऊपर अत्याचार किए गए हैं, जो स्वीकार्य नहीं किए जाएंगे। राहतकर ने उन्हें भरोसा दिया कि भविष्य में उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए केंद्र द्वारा सभी कदम उठाए जाएंगे। इससे पहले विजया ने 11 और 12 अप्रैल को मुर्शिदाबाद के शमशेरगंज, सुती, धुलियान और जंगीपुर इलाकों में भड़की हिंसा का स्वत: संज्ञान लिया था।

## पश्चिम बंगाल की सीएम का नाम बेगम ममता हो

**नई दिल्ली।** भाजपा के फायरब्रांड नेता विनय कटियार ने कहा है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री आधी हिन्दू हैं और आधी मुसलमान, इसलिए उनका नाम बेगम ममता रख दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में हुई हिंसा के लिए राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी जिम्मेदार हैं। उनका कहना है कि सीएम ही हिंसा करवा रही हैं। उन्होंने राज्य की सीएम ममता बनर्जी पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया है कि बंगाल में हिंसा सीएम के इशारों पर हो रही है। बीज. पी नेता विनय कटियार का कहना है कि जब तक ममता बनर्जी सीएम की कुर्सी पर बैठी रहेंगी, तब तक बंगाल में सुधार की कोई गुंजाइश नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य के आधे लोग उन्हीं के अनुसार चल रहे हैं। ऐसे में सीएम को कुर्सी से हटाना जरूरी है, तभी बंगाल की रक्षा हो सकती है। कटियार ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी खुद ही हिंसा करवा रही हैं और फिर सबका श्रेय भी ले रही हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मैडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8434 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# देखते ही देखते जमींदोज हो गई छह मंजिला इमारत, रेस्क्यू जारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुस्तफाबाद इलाके में शनिवार सुबह एक बिल्डिंग गिर गई। जिसके मलबे में दबकर 11 लोगों की मौत हो गई है। कई लोग मलबे में फंसे है। जिन्हें बाहर निक.ालने का काम जारी है। यह घटना सुबह करीब 3 बजे हुई। इस हादसे पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दुख जताया है। मौके पर डॉग स्क्वॉड, एनडीआरएफ और पुलिस की टीमें मौजूद हैं। फिलहाल बचाव अभियान जारी है।

छह मंजिला इमारत देखते-देखते ही जमींदोज हो गई। इस पूरे हादसे का एक वीडियो सामने आया है। जिसमें इस इमारत को गिरते हुए देखा जा सकता है। हादसे की सूचना शुक्रवार और शनिवार की दरम्यानी रात करीब दो से तीन बजे के बीच में दमकल



विभाग को मिली, जिसके बाद तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। अभी भी कई लोगों फंसे हुए हैं।हादसे के बाद से अब तक मलबे से 20 लोगों को निकाला जा चुका है, जिसमें चार लोगों की मौत पुलिस कंफर्म कर रही है। लेकिन सूत्रों का कहना है कि हादसे में 11 लोगों की जान गई है।

पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार और शनिवार की दरम्यानी रात करीब तीन बजे शक्ति विहार की गली नंबर 1 में एक इमारत के ढहने की सूचना पुलिस स्टेशन दयालपुर को मिली। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि तहसीन पुत्र यासीन की चार मंजिला इमारत ढह गई थी, जिसमें कथित तौर पर 22 लोग फंसे हुए थे। एनडीआरएफ, डीएफएस और एम्बुलेंस सेवाओं को तुरंत बुलाया गया और बचाव कार्य शुरू किया गया। अब तक करीब 20 लोगों को बचाकर जीटीबी अस्पताल ले जाया गया है, जहां डॉक्टरों ने उनमें से चार को मृत घोषित कर दिया। वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद हैं। अभी भी कई लोगों के फंसे होने की आशंका है। डिविजनल फायर ऑफिसर राजेंद्र अटवाल ने बताया कि सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और पाया कि पूरी इमारत ढह गई है। हमें लोगों के मलबे में फंसे होने की सूचना भी मिली। रेस्क्यू के लिए एनडीआरएफ और दिल्ली अग्निशमन सेवा की टीमें मिलकर काम कर रही है।

मैंने इसके संबंध में पत्र लिखा, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई: विधायक मोहन सिंह बिष्ट

वहीं, मुस्तफाबाद विधायक मोहन सिंह बिष्ट ने कहा, अभी कुछ दिन पहले की बात है मैंने विधानसभा में यही मुद्दा उठाया था कि मुस्तफाबाद में कैसे 50-60 वर्ग गज में 5-6 मंजिल मकान बनाए जा रहे हैं, मैंने एमसीडी कमिश्नर, एलजी सबको इसके संबंध में पत्र लिखा, लेकिन निगम की तरफ से कोई कार्रवाई नहीं हुई, आज की ये घटन इसी का परिणाम है।

सीएम रेखा गुप्ता ने घटना पर दुख जताते हुए कहा, मुस्तफाबाद में इमारत गिरने की दर्दनाक घटना से मन अत्यंत व्यथित है। घटना की जांच के आदेश दे दिए गए हैं और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# होटल ली मेरिडियन को हाईकोर्ट से राहत

## लाइसेंस मुद्दे पर रोकी गई कार्रवाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने जनपथ स्थित ली मेरिडियन होटल के खिलाफ अधिकारियों को कोई भी कार्रवाई करने से रोक दिया है। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने होटल प्रबंधन की याचिका पर संयुक्त पुलिस आयुक्त (लाइसेंसिंग) और दिल्ली सरकार को नोटिस जारी किया।

कोर्ट ने हेल्थ ट्रेड लाइसेंस पर जोर दिए बिना ईटिंग हाउस लाइसेंस और लॉजिंग लाइसेंस के नवीनीकरण के लिए होटल ली मेरिडियन चलाने वाली सीजे इंटरनेशनल लिमिटेड की अर्जी पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

कोर्ट ने कहा कि सीजे इंटरनेशनल लिमिटेड के ईटिंग हाउस लाइसेंस और लॉजिंग लाइसेंस का भी नवीनीकरण किया जाए। कोर्ट ने अधिकारियों को





जवाब दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया और मामले की अगली सुनवाई पांच अगस्त को तय की।

याचिकाकर्ताओं ने अदालत से दिल्ली सरकार को होटल से पहले से नवीनीकृत आबकारी लाइसेंस से संबंधित स्वास्थ्य व्यापार लाइसेंस प्रस्तुत करने के लिए कहने से रोकने का निर्देश देने की मांग की। कंपनी ने अपने भोजनालय और आवास लाइसेंस के नवीनीकरण के लिए आवेदन किया है।

कंपनी की ओर से पेश वकील ने दलील दी कि मादक पेय परोसने और रेस्तरां चलाने के लिए होटल प्रबंधन को वैध ईटिंग हाउस लाइसेंस और लॉजिंग लाइसेंस प्राप्त करना आवश्यक है।

## एक नजर

### स्नेचर, रिसीवर और सीसीएल को पकड़ा चोरी के मोबाइल और एक स्कूटी बरामद की

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली के दक्षिण-पूर्वी जिला पुलिस के अमर कॉलोनी थाने के स्टाफ ने ने स्नैचर, रिसीवर और सीसीएल को चोरी के फोन के साथ पकड़ा है।पुलिस ने उनके पास से सात स्नैच/चोरी के मोबाइल और एक स्कूटी बरामद की है।

दिल्ली के दक्षिण-पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त ने बताया कि 17 अप्रैल को एक शिकायतकर्ता ने सअमर कॉलोनी थाने में शिकायत दर्ज कराई थी जिसमें उसने बताया कि रात करीब 12:10 बजे वह अपने घर वापस जा रहा था। इसी दौरान जब वह कैलाश कॉलोनी मेट्रो स्टेशन के पास पहुंचा तो दो स्कूटी सवार झपटमारों ने उसका आई फोन छीन लिया और मौके से भाग गए। इसके बाद अमर कॉलोनी थाने के तहत मामला दर्ज कर हेड कांस्टेबल प्रवीण कुमार,अंकुश, कांस्टेबल नीरज और राजेश की टीम ने घटनास्थल के पास लगे कैमरों की सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया और खुफिया जानकारी जुटाई। अंत में तकनीकी निगरानी की मदद से टीम ने बदरपुर में मोबाइल फोन का पता लगा लिया। टीम ने उस स्थान पर छापा मारकर सोि.हल (23) को गिरफ्तार कर छीना हुआ मोबाइल फोन था। तलाशी लेने पर उसके पास से छह अन्य मोबाइल फोन भी बरामद हुए। सोहेल से विस्तार से पूछताछ करने पर उसने बताया कि अफसर अंसारी (19) और एक सीसीएल ने उसे वह मोबाइल फोन बेचा था। टीम ने अपने सूत्रों को विक.सित किया और अंततः अफसर को उसके सहयोगी सीसीएल के साथ जसोला स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के पास स्कूटी के साथ पकड़ लिया। बरामद मोबाइल फोन को जोड़ने के लिए मामले की आगे की जांच जारी है।पुलिस पूछताछ करने पर आरोपी अफसर ने बताया कि वह अपने सहयोगी सीसीएल के साथ मिलकर साउथ दिल्ली के इलाके से मोबाइल फोन छीनता और चुराता था और जल्दी पैसा कमाने के लिए उन्हें रिसीवर सोहिल को बेच देता था। उन्होंने कई बार एक साथ ऐसी वारदातों को अंजाम दिया था।

### 15 साल की दुष्कर्म पीड़िता को सात माह का गर्भ समाप्त करने की अनुमति, देरी पर अदालत नाराज

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** हाईकोर्ट ने 15 साल की दुष्कर्म पीड़िता के 27 सप्ताह से अधिक के गर्भ को समाप्त करने की अनुमति दे दी है। नाबालिग से चचेरे भाई ने दुष्कर्म किया था जिस कारण वह गर्भवती हो गई थी। अदालत ने मदद में मिली देरी पर भी नाराजगी जताई और जांच में देरी करने पर एलएनजेपी अस्पताल प्रभारी से स्पष्टीकरण मांगा है। यह दिल दहला देने वाला मामला न केवल एक मासूम बच्ची के दर्द को उजागर करता है, बल्कि व्यवस्था में समय पर मदद की कमी को भी सामने लाता है।

न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने कहा कि 15 साल की बच्ची ने पहले अपने चचेरे भाई के हाथों यौन शोषण का दर्द सहा। फिर सात महीने तक डर के कारण चुप रही। अब वह हर दिन उस दर्दनाक घटना को याद कर अस्पताल के बिस्तर पर पड़ी है। कोर्ट ने यह भी बताया कि गर्भपात की प्रक्रिया से गुजरने का शारीरिक दर्द उस मनोवैज्ञानिक पीड़ा की तुलना में कुछ भी नहीं है, जो वह रोज सह रही है।

कोर्ट ने एलएनजेपी अस्पताल को तुरंत गर्भपात की प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया। साथ ही यह सुनिश्चित करने को कहा कि बच्ची की देखभाल में कोई कमी न हो और यदि बच्चा जीवित पैदा होता है तो उसकी उचित देखभाल की जाए। कोर्ट ने यह भी आदेश दिया कि गर्भपात से संबंधित सभी खर्चे सरकार वहन करेगी।

कोर्ट ने सिस्टम की खामियों पर गहरी नाराजगी जताई। एक अन्य मामले का इसमें हवाला दिया गया जिसमें पीड़िता को 9 अप्रैल को अस्पताल में भर्ती किया गया था, लेकिन मेडिकल बोर्ड ने उसकी जांच में एक सप्ताह की देरी की। कोर्ट ने 2023 में दिए गए अपने निर्देशों का पालन न होने पर एलएनजेपी अस्पताल के मेडिकल सुपरिटेंडेंट से एक सप्ताह के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है। इन निर्देशों में कहा गया था कि 24 सप्ताह से अधिक गर्भ वाली दुष्कर्म पीड़िताओं की तुरंत मेडिकल जांच होनी चाहिए, बिना कोर्ट के आदेश की प्रतीक्षा किए।

### दुकान को बड़ा करने को निकाला गया था बीच का पार्टीशन

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** पिछले कई दिनों से हाजी तहसीन मीट की दुकान तैयार करवा रहे थे। इसके लिए कागजी कार्रवाई भी हो चुकी थी। दुकान को बड़ा करने के चक्कर में हाजी तहसीन ने बीच के पार्टीशन को निकाल दिया था। शुक्रवार को भी वहां काम हुआ।

स्थानीय लोगों का दावा है कि रात करीब 11 बजे अचानक मकान को एक झटका लगा था। बिल्डिंग में रहने वाले लोगों को लगा कि शायद भूकंप का झटका है, लेकिन इसे मन का वहम मानकर लोगों ने नजर.अंदाज कर दिया। इसके चंद ही घंटे बाद पूरी की पूरी इमारत जमींदोज हो गई। लोगों का कहना था कि इस पर ध्यान दिया होता तो शायद यह हादसा न होता।

रात 11 बजे के बीच इमारत हल्की से खिसकी। बिल्डिंग में रहने वाले बेटे के दोस्त ने इसका जिक्र भी किया था, लेकिन ध्यान नहीं दिया। पड़ोसी बताते हैं कि करीब 15 साल पहले हाजी तहसीन ने यहां अपना मकान बनाया था।

60 गज के एल-शेप के मकान में दो तरफ नाली मकान से लगकर गुजरती है। ग्राउंड फ्लोर पर तहसीन ने चार दुकानें बनाई। फिलहाल एक दुकान में इनका प्रॉपर्टी का दफ्तर चल रहा था। दूसरी दुकान में पहले मोबाइल की दुकान थी, जिसमें अब हलवाई की दुकान खुल गई थी। बाकी दो दुकानों में मीट की दुकान खोलने की तैयारी थी।

मकान में कॉलम और पिलर नामचारे के लिए ही डाले थे। ऐसे में ग्राउंड फ्लोर पर की गई छेडछाड़ की वजह से मकान गिर गया। वहीं कुछ लोग एमसीडी की नाली का पानी इनकी बुनियाद में जाने को मकान के गिरने की मुख्य वजह बता रहे थे। पुलिस इसकी पड़ताल कर रही है।

## खाटू श्याम में बनेगा भगवान जगन्नाथ मंदिर

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** राजस्थान के सीकर जिले में स्थित पावन तीर्थस्थल खाटू श्याम के निकट जलुंद मगनपुरा क्षेत्र में श्याम टाउनशिप में भगवान जगन्नाथ के भव्य मंदिर के निर्माण की विधिवत शुरुआत हो चुकी है। मंदिर के निर्माण हेतु भूमि पूजन का आयोजन किया गया, जो कि ओडिशा के ऐतिहासिक श्री जगन्नाथ पुरी मंदिर के मुख्य पुजारी भवानी प्रसाद दास महापात्र द्वारा मंत्रोच्चार और वेद विधियों के साथ संपन्न कराया गया। यह मंदिर ओमश्री रियल टेक ग्रुप द्वारा विकसित की जा रही श्री श्याम टाउनशिप के मुख्य स्थल में बनेगा। मंदिर निर्माण हेतु भूमि का उदारतापूर्वक दान ओमश्री रियल टेक ग्रुप के संस्थापक प्रवीण कुमार भाटी द्वारा किया गया। उन्होंने कहा हमारा उद्देश्य केवल भवन निर्माण नहीं, बल्कि एक ऐसी आध्यात्मिक धरोहर की रचना है जो आने वाली पीढियों को सेवा,भक्ति और एकता के मार्ग पर ले जाए। भूमि पूजन के अवसर पर भवानी प्रसाद दास महापात्र ने कहा पुरी और खाटू दो प्रमुख तीर्थ हैं और यह मंदिर उन दोनों के बीच भक्ति का सेतु बनेगा।

## जनता को यकृत को स्वस्थ रखने का संकल्प लेना चाहिए: अमित शाह

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह आज नई दिल्ली में विश्व यकृत (स्पअमत) दिवस के अवसर पर प्देजपजनजम वि स्पअमत दक ठपसपंतल बपमदबमे (प्स्ठै) द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

अपने संबोधन में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि यकृत हमारे शरीर की रचना और इसे स्वस्थ रखने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हमारे शरीर के सभी अंगों में पुनर्जीवित होने की सबसे अधिक क्षमता यकृत में है क्योंकि यकृत ही पूरे शरीर को स्वस्थ रखने का मार्ग है। उन्होंने कहा कि आज विश्व यकृत दिवस के अवसर पर





पूरे देश की जनता को अपने यकृत के प्रति सजग, प्रयत्नशील और पूरी जानकारी के साथ यकृत को स्वस्थ रखने का संकल्प लेना चाहिए। गृह मंत्री ने स्वस्थ जीवनशैली के अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा कि मई 2020 से उनके जीवन में बहुत बड़ा परिवर्तन आया है। शाह ने कहा शरीर की आवश्यकता के अनुसार जल, आहार, व्यायाम और नींद से उन्होंने अपने जीवन में बहुत कुछ हासिल किया है।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि आज प्स्ठै द्वारा भ्मास्म्क योजना का शुभारंभ हुआ है और यह अभिनव पहल यकृत को स्वस्थ रखने के प्रति देश में जागरूकता फैलाने में सफल होगी। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को नियमित स्वास्थ्य जांच के दौरान विटामिन ई की भी जांच करवानी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गत 10 वर्षों में होलिस्टिक अप्रोच के साथ देशवासियों को स्वस्थ रखने के लिए अनेक कार्यक्रम चलाए।

## केजरीवाल ने मुस्तफाबाद में बिल्डिंग हादसे में मृतकों के प्रति जताया दुख

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुस्तफाबाद इलाके में चार मंजिला बिल्डिंग गिरने से मलबे में दबकर कई लोगों की हुई दुखद मौत पर आम आदमी पार्टी के नेताओं ने गहरा दुख व्यक्त किया है। इस घटना की सूचना मिलने पर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, नेता प्रतिपक्ष आतिशी और एमसीडी मेयर महेश कुमार खिंची समेत अन्य नेताओं ने अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की है।

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मुस्तफाबाद में बिल्डिंग गिरने की घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए एक्स पर कहा कि मुस्तफाबाद में बिल्डिंग गिरने की ये घटना बेहद दुखद है। इस हादसे में जिन परिवारों ने अपनों को खोया, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं से मेरी अपील है कि राहत और बचाव कार्यों में प्रशासन का पूरा सहयोग करें।वहीं, नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने एक्स पर कहा कि मुस्तफाबाद में बिल्डिंग गिरने की घटना बेहद दुखद है। इस हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं है। मुस्तफाबाद के सभी ष्आपष कार्यकर्ताओं से मेरा निवे.दन है कि राहत और बचाव कार्य में प्रशासन की मदद करें। उधर, दिल्ली नगर निगम के मेयर महेश कुमार खिंची ने एक्स पर कहा कि मुस्तफाबाद में बिल्डिंग गिरने की घटना अत्यंत हृदय विदारक है। इस दु:खद हादसे में जिन लोगों ने अपनी जान गंवाई है, उनके परिजनों के प्रति मैं अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूँ। एमसीडी के निगमायुक्त अश्वनी कुमार को घटना की जांच कराने के आदेश दिए हैं। साथ ही संबंधित अधिकारियों की लापरवाही के लिए उन्हें सस्पेंड करने के निर्देश दिए।

## एमसीडी ने दोहरे भुगतान के चार मामलों में सतर्कता जांच शुरू की

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** ई-ऑफिस पर अभिलेखों के डिजिटलीकरण और लीगल केस मॉनिटरिंग सिस्टम (LeCMoS) पोर्टल के कार्यान्वयन के दौरान, दिल्ली नगर निगम के वित्त विभाग को शाहदरा उत्तरी जोन के इंजीनियरिंग, एम-3 के एमटीएस कैडर संभावित दोहरे भुगतान के चार मामलों का पता लगा है।

सभी चार मामलों में पर्याप्त दस्तावेजी साक्ष्य एकत्र किए गए हैं और उनका सत्यापन किया गया है। प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि इंजीनियरिंग-एम3 विभाग के स्थापना क्लर्क/बिलिंग क्लर्क (ईसी/बीसी) ने प्राथमिकता भुगतान फाइल को बिना यह जांचे ही प्रोसेस कर दिया कि उस मामले में नगर निगम कर्मचारी द्वारा पहले ही भुगतान प्राप्त किया जा चुका है। पहले उन्होंने एलसीए दाखिल करके बैंक अटैचमेंट के माध्यम से अपने नियमितीकरण बकाया, गैर मीट्रिक बकाया आदि का भुगतान प्राप्त किया। जब उन्हें बैंक अटैचमेंट के माध्यम से भुगतान मिला, तो उन्होंने विभाग को सूचित नहीं किया कि भुगतान प्राप्त होने के बाद उनका केस क्लोज हो गया है। ईसी/बीसी ने , निगम कर्मचारियों को निष्पादन संख्या 3711/2024,1351/2024,3245/2024 आदि के माध्यम से पहले से ही भुगतान प्राप्त हो चुका है, इसकी पुष्टि और क्रॉस चेक किए बिना, प्राथमिकता के आधार पर भुगतान हेतु सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी प्राप्त की। यह निगम कर्मचारी के अनुचित एवं अस्वीकार्य व्यवहार और प्राथमिकता भुगतान के लिए केस फाइल को प्रोसेस करने वाले लोगों द्वारा तथ्यों को छिपाकर धन के दुरुपयोग का मामला है।

सतर्कता विभाग के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पिछले 10 वर्षों में डबल पेमेंट के सभी संभावित मामलों की गहन जांच करने के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं।

## दिल्ली में खटाखट कट रहे चालान पेट्रोल पंप पर AI कैमरे से हो रही निगरानी

### बगैर पीयूसीसी वाले वाहनों का पेट्रोल पंप पर पहुंचते ही कट रहा 10 हजार का चालान

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** जिस तरह से दिल्ली में प्रदूषण की समस्या बनी हुई है, दिल्ली सरकार इसे लेकर और सख्त हो गई है। अब पेट्रोल पंप पर बगैर प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र (पीयूसीसी) वाले वाहन के पहुंचते ही संबंधित वाहन का चालान काट दिया जा रहा है।

चालान कटने के साथ ही ई-चालान के तहत वाहन मालिक के मोबाइल नंबर पर भी सूचना भेजी जा रही है। इससे पहले सरकार ने पेट्रोल पंप पर ऐसे वाहन के पहु.चने पर चेतावनी देकर दो घंटे का समय देने की योजना बनाई थी, मगर प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिहाज से सरकार ने योजना में बदलाव किया है। करीब 100 पेट्रोल पंपों पर ट्रायल के तौर पर यह व्यवस्था शुरू हो चुकी है। जून अंत तक दिल्ली के सभी 500 पेट्रोल पंपों पर यह व्यवस्था स्थापित हो जाएगी।

दिल्ली में अगर वाहन चला रहे हैं तो प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र बनवाना ना भूलें, अगर किसी कारण से इसे नहीं बनवा पाए हैं तो तुरंत बनवा लें, अन्यथा आप मुश्किल में फंस सकते हैं और आप का 10000 का चालान हो सकता है। दिल्ली सरकार ने प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र को लेकर नियम सख्त कर दिए हैं।

## खराब जीवन शैली व खानपान घटा रहे लिवर की क्षमता

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** खराब खानपान व जीवन शैली से शरीर का बढ़ता वजन लिवर की क्षमता को घटा रहा है। शोध बताते हैं कि करीब 25 साल बाद देश में लिवर की बीमारी तेजी से बढ़ेगी। इसमें मोटापा बड़ी भूमिका निभाएगा।

विशेषज्ञों का कहना है कि दुनियाभर में तेजी से मोटापा बढ़ रहा है। मोटापे के लिवर की क्षमता तेजी से प्रभावित हुई है। एम्स के एक शोध के मुताबिक, देश में तीन में से एक व्यस्क और बच्चा नॉन अल्कोहलिक फैटी लिवर से पीड़ित है। यह समस्या शहरी क्षेत्रों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी तेजी से बढ़ रही है, जबकि इस समस्या को 100 फीसदी तक रोका जा सकता है। यदि व्यक्ति खानपान और जीवन शैली में सुधार करता है तो लिवर की बीमारी की आशंका को 50 फीसदी तक दूर कर सकता है।

एम्स में गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के प्रोफेसर डॉ. शालीमार ने बताया कि देश में मोटापे के साथ लिवर की समस्या भी तेजी से बढ़ रही है। सिर्फ खानपान की आदतों में बदलाव और पोषण में सुधार करके लिवर की बीमारी के 50 फीसदी मामलों को रोका जा सकता है। लिवर में खुद को ठीक करने की अद्भुत क्षमता होती है। सही जीवनशैली में बदलाव करके कई साल से हुए नुकसान को भी ठीक किया जा सकता है।

## समाज कल्याण मंत्री ने वृद्धावस्था पेंशन योजना को लेकर की समीक्षा बैठक

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली के समाज कल्याण, एससी /एसटी कल्याण, चुनाव और सहकारिता मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने ओल्ड एज पेंशन योजना को लेकर समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। अधिकारियों ने समीक्षा बैठक में पेंशन योजना की प्रगति की जानकारी दी।

समाज कल्याण मंत्री ने योजना की प्रगति जानने के साथ ही पेंशन में नये नाम जोड़े जाने की प्रक्रिया को लेकर निर्देश दिए। ऐसी पेंशन जो किसी वजह से लौट कर आई हैं, अन्य



पेंशन जिन पर आवेदनों के जरिए आपत्तियां लगी हैं, उनके निस्तारण को लेकर भी बैठक में निर्देश दिए। बैठक में लाभार्थियों के थर्ड पार्टी वेरीफिकेशन और सीएससी की भूमिका को लेकर भी चर्चा हुई।

समाज कल्याण मंत्री ने निर्देश दिये की आवेदनों का समयबद्ध निस्तारण हो और आवेदकों को चक्कर न लगाने पड़ें। खाते आवश्यक दस्तावेजों से लिंक हों ताकि डीबीटी में कोई समस्या न आये। अधिकारी लगातार इसकी जानकारी जुटाएं और पेंशन लाभार्थियों से फीडबैक लें। दिल्ली में केंद्र सरकार और राज्य सरकार की ओर से 04 लाख से ज्यादा वरिष्ठ नागरिकों को वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ मिल रहा है।

## साइबर पुलिस ने डिजिटल गिरफ्तारी घोटाले का किया पर्दाफाश

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दक्षिण पश्चिम दिल्ली पुलिस के साइबर अपराध प्रकोष्ठ ने साइबर अपराध के एक नए रूप डिजिटल गिरफ्तारी से जुड़े एक हाई-टेक घोटाले का भंडाफोड़ किया है, जिसमें अपराधियों ने सरकारी एजेंसियों का रूप धारण कर एक सेवानिवृत्त अधिकारी को तीन दिनों तक आभासी हिरासत में रखा और उनसे 48.5 लाख रुपये ठगे। तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है और चीनी ऑपरेटरों से जुड़ी कई फर्जी कंपनियों का पर्दाफाश किया गया है।

## कपिल मिश्रा ने मुस्तफाबाद क्षेत्र में बिल्डिंग गिरने की घटना स्थल का किया दौरा

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के कला, संस्कृति एवं भाषा तथा श्रम मंत्री कपिल मिश्रा ने मुस्तफाबाद क्षेत्र का दौरा किया, जहां हाल ही में एक अत्यंत दुखद घटना में एक बहुमंजिला इमारत गिर गई। इस अवसर पर दिल्ली विधानसभा के डिप्टी स्पीकर एवं क्षेत्रीय विधायक मोहन सिंह बिष्ट भी उनके साथ मौजूद रहे।मंत्री कपिल मिश्रा ने मौके पर पहुंच कर घटनास्थल का जायजा लिया और प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने इस हादसे को अत्यंत हृदयविदारक बताते हुए कहा कि दिल्ली सरकार पीड़ितों के साथ पूरी संवेदनशीलता के साथ खड़ी है और उन्हें हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।मंत्री ने बताया कि राहत एवं बचाव कार्य तत्परता से प्रारंभ कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार वे स्वयं स्थिति का आकलन करने पहुंचे हैं। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि यह



दुर्घटना मात्र एक हादसा नहीं, बल्कि गंभीर आपराधिक लापरवाही का परिणाम है, और दोषियों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा।मिश्रा ने बताया कि एनडीआरएफ और दिल्ली पुलिस राहत कार्यों में पूरी सक्रियता से जुटे हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि घटना की गंभीरता से जांच की जाए और दोषी व्यक्तियों व अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए।मंत्री ने कहा कि यह क्षेत्र अवैध रूप से निर्मित 6-7 मंजिला इमारतों से घिरा हुआ है, जो भविष्य में और भी बड़े हादसों को जन्म दे सकती हैं। सीलमपुर, मुस्तफाबाद, जाफराबाद जैसे क्षेत्रों में अवैध निर्माण कार्यों की भरमार है, और यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसी सभी इमारतों को चिन्हित कर तत्काल खाली कराया जाए, जिससे समय रहते जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि बिना सरकारी अनुमति और वैध नक्शे के किसी भी प्रकार के निर्माण कार्य की अनुमति न दी जाए। मिश्रा ने कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुन.रावृत्ति रोकने के लिए क्षेत्र की जर्जर और असुरक्षित इमारतों की पहचान कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए उन्होंने दिल्ली नगर निगम के आयुक्त को निर्देशित किया कि आगामी 2-3 दिनों में पूरे क्षेत्र का सर्वेक्षण कर जोखिमपूर्ण इमारतों की सूची तैयार कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।इसके अतिरिक्त, मंत्री ने अवैध अतिक्रमण को हटाने का भी आश्वा.सन दिया और नागरिकों से अपील की कि वे सभी निर्माण कार्य नियमों और सरकारी दिशा-निर्देशों के अंतर्गत ही करें।इस अवसर पर मोहन सिंह बिष्ट ने कहा कि वे लगातार क्षेत्र में हो रहे अवैध निर्माण के मुद्दे को उठा रहे हैं, और सरकार क्षेत्र के समग्र विकास हेतु प्रतिबद्ध है ताकि जनता को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई देश को मज़बूत बनाना है तो भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी
भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति दिल्लीप्रदेश 9810024415

### शहर में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए दिए सख्त निर्देश

# सभी थाने में सुबह 10 से लेकर 2 बजे तक की जाए जनसुनवाई

**■ काम में लापरवाही बरतने पर पुलिसकर्मी पर की जाएगी सख्त कार्रवाई**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** शहर में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस कमिश्नर जे रविंद्र गौड़ की अध्यक्षता में पुलिस लाइन्स में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान उन्होंने सभी पुलिस अधिकारी, एसीपी और थाना प्रभारियों को अपराधों पर अंकुश लगाने, कानून व्यवस्था बनाए रखना, आम जनता में समन्वय स्थापित करने, नशा तस्करों पर प्रहार करने, संगीन अपराधों में फरार चल रहे आरोपियों की की धरपकड़ सुनिश्चित करने और लंबित मामलों के समाधान में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि थाने पर दर्ज एफआईआर की कॉपी प्रतिवादी के घर पर पहुंचाई जाए।

पुलिस अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में जुआ अवैध शराब, अवैध खनन, अवैध भूमि कब्ज की शिकायत प्राप्त होने पर तुरंत कार्यवाही करें। यदि थाना प्रभारियों ने इन शिकायतो के मिलने पर लाप. रवाही बरती तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। शिकायतकर्ता के साथ अच्छा व्यवहार किया जाए, उनसे मधुर व्यवहार किया जाए। और उनकी समस्या का जल्द से जल्द निस्तारण किया जाए।

सभी प्रकार के वेरिफिकेशन जैसे पासपोर्ट, चरित्र, आधार कार्ड आदि सभी का सत्यापन किया जाए। बीट प्रणाली को मजबूत किया जाए। धारा में नाम हटाने और बढ़ाने से पहले उच्च अधिकारी की अनुमति ली जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी बुजुर्ग, महिला,बच्चों, एवं गरीब व्यक्ति के साथ दुर्व्यवहार ना किया जाए। गुंडा एक्ट तथा निरोधात्मक कार्यवाही के दौरान यह ध्यान दिया जाए, कि किसी के विरुद्ध गलत ढंग से बिना सबूत के कार्यवाही नहीं की जाए।

उन्होंने सख्ती से निर्देश दिए की सभी थाना प्रभारी सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर 2 बजे तक थाने में बैठकर जनसुनवाई करें और जनता की समस्याओं का निस्तारण करें। एफआईआर प्राप्त होने सूचनाओं पर एफआईआर दर्ज की जाए और जीरो एफआईआर हो तो उसे भी दर्ज कर संबंधित थाना/ राज्य को भेजा जाए। किसी भी थाने पर क्रॉस तहरीर प्राप्त होने पर संबंधित पुलिस उपायुक्त द्वारा जांच करने के बाद ही एफआईआर दर्ज की जाये। उन्होंने कहा कि इन निर्देशों का सख्ती से पालन किया जाए। यदि इन निर्देशों की ओर किसी भी अधिकारी या थाना प्रभारी ने लापरवाही बरती तो उसके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

# 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' के समर्थन में विशाल पदयात्रा का आयोजन

**गाजियाबाद।** सामाजिक संस्था 'मानवता की ओर एक कदम' के तत्वावधान में आज दिनांक 19 अप्रैल 2025, दिन शनिवार को 'एक राष्ट्र - एक चुनाव' के समर्थन में एक विशाल पदयात्रा का आयोजन किया गया। यह पदयात्रा शाम 4 बजे शहीद भगत सिंह घंटाघर से प्रारंभ होकर चौपला से होते हुए दुर्गा भाभी चौक से निकलकर शहीद पथ नवयुग मार्केट तक संपन्न हुई। पदयात्रा समापन होने से पूर्व वक्ताओं ने अपने संबोधन के माध्यम से एक राष्ट्र एक चुनाव की अपील संदेश दिया। इस अवसर पर सामाजिक नागरिक के रूप में मुख्य वक्ता मयंक गोयल ने कहा 'यह मुद्दा किसी दल विशेष का नहीं, बल्कि भारत के प्रत्येक नागरिक का है। अलग-अलग चुनावों से न केवल समय और धन की बर्बादी होती है, बल्कि विकास कार्य भी प्रभावित होते हैं। हम सभी एकजुट होकर केंद्र सरकार से आग्रह करते हैं कि इस नीति पर शीघ्र कार्यान्वयन हो।'

इस पदयात्रा का नेतृत्व संस्था के समन्वयक सरदार एसपी सिंह द्वारा किया गया, जिन्होंने कहा 'यह सिर्फ एक चुनाव प्रणाली नहीं, बल्कि देश के हर नागरिक की सहूलियत और राष्ट्र की आर्थिक मजबूती की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। श्एक राष्ट्र - एक चुनाव' से न केवल संसाधनों की बचत होगी, बल्कि शासन की निरंतरता भी बनी रहेगी। यह देश के सुनहरे भविष्य की ओर एक सार्थक प्रयास है।' शहर के मुख्य बाजार से पदयात्रा गुजरने के दौरान बाजार में व्यापारियों एवं नागरिकों ने मयंक गोयल और सरदार एसपी सिंह सहित सभी पदयात्रा में शामिल लोगों का स्वागत अभिनंदन करते हुए अपना भरपूर समर्थन दिया।

मयंक गोयल अध्यक्ष के रूप में शहर के मुख्य बाजार में प्रथम आगमन पर व्यापारियों ने आतिशबाजी कर पुष्पवर्षा से शानदार स्वागत अभिनंदन किया। वन नेशन वन इलेक्शन के समर्थन में पदयात्रा के दौरान मयंक गोयल, सरदार एसपी सिंह, सुरेन्द्र नागर,पार्षद राजीव शर्मा, राजीव अग्रवाल, प्रदीप चौधरी, अशोक भारतीय, विनीत शर्मा, अजय चौधरी, संजय शर्मा, तनुज गंभीर, उदयन गर्ग, कृष्ण त्यागी, राजीव डागर, पंकज लड्डू जितेंद्र महाना , दिव्यांश भटनागर आदि शामिल रहे।

## पशुपालकों को निशुल्क दवाएं बांटीं

**गाजियाबाद।** भिक्कनपुर गांव में शनिवार को सरदार बल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मेरठ की ओर से चिकित्सा शिविर लगाया गया। इसमें विशेषज्ञों ने पशुओं का अल्ट्रासाउंड किया। साथ ही, पशुपालकों को निशुल्क दवाएं बांटीं। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसपी पांडे ने बताया कि विश्वविद्यालय की टीम हर सप्ताह एक गांव में अत्याधुनिक उपकरणों से पशुओं की जांच करती है। साथ ही, उचित परामर्श भी देती है।

**एक नजर**

## गांजे की तस्करी करने वाला गिरफ्तार 2 किलो 170 ग्राम गांजा बरामद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** लगातार बढ़ रही मादक पदार्थ की तस्करी पर पुलिस अंकुश लगाने पर सख्ती से कार्य कर रही है। रोजाना कोई ना कोई अभियुक्त नशे की तस्करी करता हुआ पकड़ा जा रहा है। क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस ने मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से 2 किलो 170 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है।

क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस ने चेकिंग के दौरान गांजे की तस्करी करने वाले अभियुक्त सादिक पुत्र असलम निवासी पीएसी चौक केला भट्टा को चिपियाना अंडरपास के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है। पूछताछ करने पर पता चला कि आरोपी असलम दिल्ली से अवैध गांजा लेकर आता था। और उसकी छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर कॉलेज रेलवे स्टेशन के आसपास भीड़ वाले स्थान पर बेच देता था। गांजे से प्राप्त पैसों से अपने शौक पूरे करता था। आरोपी सादिक पर पहले से चोरी, गैंगस्टर एक्ट आदि के 17 मुकदमे दर्ज है । पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल में भेज दिया है।

# तहसील दिवस पर मोदीनगर में आई 45 शिकायतें



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** माह के तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले तहसील दिवस (समाधान दिवस)पर मोदीनगर तहसील में एडीएम की अध्यक्षता में कुल 45 शिकायतें मिली जिनमे से 3 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। हिन्दू संगठन के लोगो ने प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर पश्चिम बंगाल में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में बंगाल सरकार को बर्खास्त करने की मांग की।

एडवोकेट विपिन दत्त शर्मा ने अवैध रूप से काटी जा कॉलोनी के कॉलोनाइजर के खिलाफ शिकायत दर्ज कर कानूनी कार्यवाही करने की मांग की,जिसपर एडीएम व एसडीएम ने जीडीए अधिकारी को तुरंत कार्यवाही करने के आदेश दिये। भारतीय किसान यूनियन किसान सभा के कार्यकर्ताओं ने किसानों की मांगों का ज्ञापन सौंपा।

तहसील दिवस में एसडीएम निखिल चक्रवर्ती, डीसीपी मेरठ मण्डल,एसीपी ज्ञानप्रकाश राय,तहसीलदार रजत सिंह, नायब तहसीलदार सचिन पंवार,प्रशांत सक्सेना सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# कारगिल युद्ध पर आयोजित क्विज प्रतियोगिता के विजेताओं को किया सम्मानित

**गाजियाबाद।** डासना मसूरी स्थित जेएमएस इंस्टीटूट ऑफ टेक्नोलॉजी में शनिवार को कारगिल युद्ध पर आयोजित क्विज में सफल विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इस क्विज में बुलंदशहर, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, हापुड़, गाजियाबाद के विभिन्न विद्यालयों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आरडब्लूए फेडरेशन गाजियाबाद के कार्यवाहक चेयरमैन कर्नल तेजेंद्र पाल त्यागी रहे। जिनका इंस्टिट्यूट की ओर से भव्य सम्मान किया गया। कर्नल टीपी त्यागी ने कहा कि कारगिल युद्ध में गाजियाबाद की भागीदारी रही है। कारगिल मे गाजियाबाद के चार सिपाहियों ने अपनी शहादत दी। इसके अलावा गाजियाबाद में परमवीर चक्र अमर बलिदानी मनोज पांडे के नाम पर मनोज बिहार सोसाइटी है, महावीर चक्र अमर बलिदानी कैप्टन जीएस सूरी के नाम मे शास्त्री नगर मे पार्क है, कीर्ति चक्र अमर बलिदानी कैप्टन जे एस जस के नाम मे सड़क है, अशोक चक्र अमर बलिदानी मेजर मोहित शर्मा के नाम से द्वार है।



**कारगिल युद्ध की बारीकियां विधार्थियों को बताई**

कारगिल युद्ध एक बहुत ही मुश्किल युद्ध था जो करीब 5 हजार मीटर की ऊंचाई पर लड़ा गया। करीब 150 किलोमीटर का फ्रंट था। 523 सिपाहियो ने अपना बलिदान देकर यह युद्ध जीता। यदि नहीं जीता जाता तो दुश्मन श्रीनगर से लेह को जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग को काट सकता था। उन्होंने युद्ध की बारीकियाँ विधार्थियों को बताई। इस अवसर पर इंस्टीट्यूट के चेयरमेन आकाश सिंघल, सचिव डॉ हिमांशु सिंघल, निर्देशक अनिरुद्ध विश्वास, मनवीर सिंह, विजय वर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किये और विध्यार्थियों को पुरुस्कृत किया।

## विधायक संजीव शर्मा के प्रयास से एमएमजी अस्पताल को मिलेंगे 200 नए बेड

**गाजियाबाद।** शहर विधायक संजीव शर्मा शहर के विकास को लेकर काफी मुखर नजर आ रहे है। जनता दरबार लगाकर वह समस्याओं का निस्तारण कर रहे है तो शहर की जरूरतों को पूरा करने में भी कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे है। हाल ही में उन्होंने अपनी विधायक निधि से शहर में हाई मास्क लाइटे लगाकर सड़कों और चौराहों का रोशन करने का काम किया है। अब उनके प्रयास से एमएमजी अस्पताल में करीब 200 बेड की व्यवस्था होने जा रही है, जिसका लाभ जनता को साफ तौर पर मिलेगा, बताया जा रहा है कि करीब 80 करोड़ की लागत से एमएमजी अस्पताल की नई बिल्डिंग का निर्माण होगा।

बातया जा रहा है कि गाजियाबाद में एमएमजी जिला अस्पताल का नवनिर्माण भविष्य की जरूरतों के अनुसार होगा। यहां विभिन्न प्रकार की आवासीय और अनावासीय सुविधाओं का निर्माण व विकास होगा। परिसर में आगंतुक कक्ष, कॉन्फ्रेंस रूम, सभागार कक्ष, सामान्य कक्ष कार्यालय, प्रयोगशाला, टेलीफोन एक्सचेंज, लाइब्रेरी, लेक्चर हॉल, रसोई व दुकान सहित कैन्टीन जैसी सुविधाओं को सुदृढ़ किया जाएगा. इसके अलावा निरीक्षक अधिकारियों के रेस्ट रूम, अभिलेख व स्टेशनरी आदि के लिए भंडारण स्थान, पार्किंग, विभिन्न प्रकार के आवासीय-अनावासीय प्रखंड, प्रशासनिक भवन, क्रीड़ा स्थल, मॉर्चरी, पुलिस स्टेशन, एसटीपी, ईटीपी तथा वॉच टावर जैसी सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए नवनिर्माण व विकास कार्यों को पूरा किया जाएगा। इसके अलावा सीसीटीवी सर्विलांस सिस्टम की स्थापना, फायर फाइटिंग मैकेनिज्म तथा ग्रीनरी बेल्ट के विकास समेत विभिन्न कार्यों को पूरा किया जाएगा. इसके लिए नियोजन विभाग की देखरेख में एक विशिष्ट टीम के गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है जो प्रोजेक्ट रिपोर्ट, आर्किटेक्चरल डिजाइन व 3डी मैपिंग जैसी प्रक्रियाओं को पूरा कर नवनिर्माण कार्यों के डीटेल्ड एक्शन प्लान तैयार करेगी।

# निवाड़ी नगर पंचायत की बोर्ड बैठक में 18 करोड़ रुपये के प्रस्ताव हुए पास



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** नगर पंचायत निवाड़ी में बोर्ड बैठक का आयोजन किया गया अध्यक्षता चेयरमैन अनिल त्यागी ने की।बैठक में अधिशासी अधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह व समस्त सभासद के साथ साथ लिपिक तेजवीर सिंह व नितिन त्यागी उपस्थित रहे। चौयरमैन अनिल त्यागी ने बताया कि नगर पंचायत निवाड़ी की बोर्ड बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट पास हुआ इसमें 18 करोड़ का बजट पास हुआ यह बजट पढ़कर सुनाया गया जिसमें सभासद गण द्वारा बहुमत से प्रस्ताव पारित किया गया।

## बंगाल में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर गरजे बजरंगी, मोहन नगर चौराहे पर जाम लगाया

**साहिबाबाद।** बंगाल में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में शनिवार सुबह मोहन नगर मंदिर पर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने ममता सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। कुछ देर के लिए मोहन नगर चौराहे पर जाम भी लगाया और डीसीपी ट्रांस हिंडन को ज्ञापन भी दिया। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल महानगर अध्यक्ष ब्रह्म दत्त गुप्ता के नेतृत्व में बंगाल में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने विरोध प्रदर्शन किया आपको बताने की गाजियाबाद के मोहन नगर मंदिर से डीसीपी ट्रांस हिंडन के बीच एक रैली निकाली। जिसमें उन्होंने मोहन नगर चौराहे को 10 मिनट के लिए पूर्ण रूप से बन्द कर दिया। अधिकारियों के क्या आश्वासन के बाद जाम को खोला गया। बजरंग दल की तरफ से अधिकारियों ने एसीपी को ज्ञापन सौंप कर अपना विरोध दर्ज कराया उनकी मांग है कि बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू कराया जाना चाहिए जिसको लेकर आज पूरे देश भर में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने विरोध प्रदर्शन दर्ज कराया है।

### युवक को गोली मारने का मामला

## आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर मकान बिकाऊ हैं के पोस्टर लगाए

**मोदीनगर।** गांव डबाना में बीते दिनों शादी समारोह के दौरान एक युवक को गोली मार दी गई थी। मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से नाराज पीड़ित पक्ष ने घर पर मकान बिकाऊ है का पोस्टर चस्पा कर दिया है। गांव डबाना में 14 अप्रैल की रात एक शादी समारोह में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया था। इसमें लोकेंद्र त्यागी पक्ष की ओर से गांव निवासी गजेंद्र को गोली मार दी गई थी। वहीं, योगेश के सिर पर पिस्तौल की बट हमला किया गया था। मामले में लोकेंद्र त्यागी, राहुल त्यागी, चर्चिल और एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी।

छह दिन बीतने के बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि पुलिस आरोपियों को बचाने का प्रयास कर रही है। वहीं, आरोपी पक्ष मामले में समझौता करने का दबाव बना रहे हैं। शनिवार को पीड़ित पक्ष के लोगों ने अपने-अपने घरों के बाहर मकान बिकाऊ के पोस्टर लगा दिए हैं। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कराने वालों को सुरक्षा दे दी गई है। आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस की कई टीम दबिश दे रही हैं। जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

## नीले झंडे को पैर से रगड़ने पर दो पक्षों के बीच मारपीट, एक घायल

**मोदीनगर।** गांव नगला आक्खू में शुक्रवार रात नीले झंडे को पैर से रगड़ने पर दो पक्षों में मारपीट हो गई। इसमें एक युवक घायल हो गया। वहीं, गांव में तनाव की स्थिति है। पुलिस ने पांच लोगों पर केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, नगला आक्खू में 14 अप्रैल को गांव के मुख्य द्वार पर नीला झंडा लगाया गया था। आरोप है कि शुक्रवार रात गांव में रहने वाले कुछ दबंगों ने झंडा उतारकर नीचे गिरा और उसे पैर से रगड़ने लगे।

इसकी सूचना दलित समाज के लोगों को लगी तो कुछ युवकों ने इसका विरोध किया। आरोप है कि विरोध करने से नाराज दबंगों ने मारपीट शुरू कर दी। दोनों पक्षों के बीच मारपीट में दलित युवक दीपांशु घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को संभाला। शनिवार को आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग को लेकर हंगामा किया। इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि गौरव, विक्की, अमन, अभिषेक कश्यप और उज्जवल के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

## राज्य कर विभाग की टीम ने पकड़े 10 एसी, ड्राइवर ने ही किए चोरी, ड्राइवर पर एफआईआर दर्ज

**साहिबाबाद।** गाजियाबाद राज्य कर विभाग की टीम ने मोहन नगर इलाके में टैक्स चोरी कर ले जाए जा रहे वाहन को जब्त कर लिया। वाहन में जं० चोरी के 10 एसी बरामद हुए हैं। लेकिन वाहन के ड्राइवर ने 10 एसी चोरी भी कर लिए। साहिबाबाद थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। थाना साहिबाबाद में दी तहरीर में विनीत कुमार सहायक आयुक्त, राज्य कर सचल दल प्रथम इकाई गाजियाबाद ने कहा कि 11 अप्रैल को मोहननगर स्थित कार्यालय सचल दल प्रथम इकाई गाजियाबाद राज्य कर विभाग में जांच हेतु वाहन DLILAJ3789 को रोका गया। वाहन में 10 पीस एयर कंडीशनर भौतिक सत्यापन पर लोड पाए गए थे। वाहन में विभागीय कार्यवाही करते हुए 14 अप्रैल को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

चूंकि वाहन को चालक उमेश पुत्र मुन्ना लाल एफ-27 गली नं 4 खजूरी खास दिल्ली की अभिरक्षा में खडा किया गया है तथा वाहन चालक ही प्रथम दृष्टया वाहन एवं माल का स्वामी होता है, इसलिए कारण बताओ नोटिस वाहन चालक उमेश को प्राप्त कराने हेतु कार्यालय में बुलाया गया। वाहन चालक के कार्यालय में न आने की दशा में वाहन पर नोटिस को चस्पा किया गया। नोटिस चस्पा करते समय चालक वाहन पर उपस्थित नहीं पाया गया। तथा वाहन में लोड माल 10 पीस एयर कंडीशनर भी वाहन में नहीं पाए गए। वाहन में लोड माल राज्य कर भवन मोहननगर परिसर के कैम्पस से चोरी किया गया है।

# 137 शिकायतें, सिर्फ 11 का निस्तारण

**गाजियाबाद।** एक बार फिर जनपद में तहसील दिवस का आयोजन किया गया जहां अलग-अलग तहस. ीलों में अलग-अलग अधिकारी सुबह से ही पहुंच गए परंतु नतीजा वही निकला जिससे लोगों के हाथ सिर्फ और सिर्फ लगी दरअसल तहसील दिवस एक बार फिर पूरी तरह से फ्लॉप साबित हुआ।



**लोनी तहसील**

54 शिकायतें 2 का निस्तारण

जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में जनपद की लोनी तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान 54 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से मौके पर 02 शिकायतों का निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि शेष शिकायतों को समयान्तराल पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारण करते हुए फीडबैक लेना सुनिश्चित किया जाये। इस दौरान सीएमओ अखिलेश मोहन, डीडीओ प्रज्ञा श्रीवास्तवा, एसडीएम राजेन्द्र कुमार, ईओ लोनी केके६ मिश्रा, पुलिस विभाग के अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**सदर तहसील**

38 से शिकायतें 6 का निस्तारण

एसडीएम सदर अरूण दीक्षित की अध्यक्षता में सदर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। इस दौरान कुल 38 शिकायतें प्राप्त हुई और मौके पर 06 शिकायतों का निस्तारण किया गया। इस दौरान तहसीलदार रवि, पुलिस अधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

इस प्रकार तीनों तहसीलों में सदर 38, मोदीरनगर 45 व लोनी में 54 शिकायतें प्राप्त हुई। कुल प्राप्त 137 शिकायतें में से 11 शिकायतों को मौके पर निस्तारण किया गया। शेर शिकायतों के लिए एक बार फिर अधिकारियों ने आदेश देकर अपने फर्ज को अंजाम दे डाला।

# जनवरी से अब तक डेंगू के 111 मामले दर्ज

**■ डेंगू के खतरे को देखते हुए एमसीडी सतर्क**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** इस साल शुरुआत से ही डेंगू के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। विशेषज्ञों की माने तो इस बार डेंगू और मलेरिया का खतरा पिछली बार से कहीं ज्यादा है। इस वर्ष डेंगू के मामलों ने 100 का आंकड़ा पार कर लिया है।

राजधानी में अब तक डेंगू को आमतौर पर मानसून और उसके बाद के महीनों की बीमारी माना जाता था, लेकिन अब यह साल तेजी से फैल रहा है। एमसीडी के अनुसार जनवरी से अब तक डेंगू के 111 मामले दर्ज किए गए हैं। इनमें जनवरी में 38, फरवरी में 31 और मार्च में 29 केस सामने आए हैं, जबकि अप्रैल में 13 मामले दर्ज हो चुके हैं। हालांकि मार्च में पिछले दो महीनों की तुलना में मामूली गिरावट दिखती है, मगर पिछले साल के मुकाबले आंकड़ा अधिक है। वर्ष 2024 के मार्च में डेंगू के केवल 24 मामले सामने आए थे, जबकि इस साल यह संख्या 29 तक पहुंच गई है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि डेंगू का यह रुझान बेहद चिंताजनक है। आंकड़ों के मुताबिक हर दूसरे साल डेंगू के मामलों में वृद्धि होती है। वर्ष 2021



और 2023 ऐसे ही दो साल थे जब राजधानी में डेंगू के मामलों में अचानक उछाल देखा गया था। इसके विपरीत वर्ष 2022 और 2024 अपेक्षाकृत शांत रहे। इस ट्रेंड के आधार पर यह आशंका जताई जा रही है कि 2025 ऐसा साल बन सकता है जब डेंगू के मामले बड़ी संख्या में सामने आएंगे।

उधर, डेंगू के खतरे को देखते हुए एमसीडी अभी से सतर्क हो गया है और जोनल स्तर पर मच्छरजनित रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए टास्क फोर्स समिति का गठन करने के साथ-साथ उनकी बैठक करनी शुरू कर दी है। इन समिति का गठन मच्छर जनित रोग डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया के प्रसार को नियंत्रित करने के लिए प्रभावी रणनीतियों की निगरानी एवं कार्यान्वयन के उद्देश्य से किया है।

## सीलमपुर हत्याकांड की मास्टरमाइंड जिकरा को कोर्ट ने दो दिन की पुलिस रिमांड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सीलमपुर हत्याकांड मामले में गिरफ्तार लेडी डॉन जिकरा को पुलिस कोर्ट ने दो दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा है। गुरुवार रात 17 साल के कुणाल की हत्या की गई थी। इस हत्या की मास्टरमाइंड जिकरा है। पुलिस ने तीन अन्य युवकों को भी हिरासत में लिया है। जे ब्लॉक में रहने वाले कुणाल की हत्या के बाद से इलाके में तनाव है। हत्यारों की गिरफ्तारी और फांसी देने की मांग करते हुए लोगों ने जीटी रोड पर जाम लगाने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उन्हें हटा दिया। स्थानीय लोगों ने अपने घरों के बाहर शहिंदू पलायन कर रहे हैं और मकान बिकाऊ है के पोस्टर लगाकर सरकार से इस मामले में मदद करने की गुहार लगाई है।

उत्तर पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने कहा कि पुलिस ने जांच तेज कर दी है। शुरुआती जांच में हत्या में साहिल और उसकी बहन जिकरा के शामिल होने की बात सामने आई ।



बताया जा है कि दोनों भाई-बहन मिलकर गैंग चलाते हैं।

गैंग में 15 से ज्यादा लोग हैं। हाल ही में पुलिस ने जिकरा के घर से हथियार बरामद होने के बाद उसे शस्त्र अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया था। हाल ही में वह जेल से छूटी थी। वह खुद को लेडी डॉन कहलाना चाहती है। वह सोशल मीडिया पर हथियार लहराते हुए अपने फोटो और वीडियो डालती है। उसने खुद के पुलिस हिरासत के दौरान के वीडियो को भी सोशल मीडिया पर डाला है।

## कंक्रीट का जंगल बन रही राजधानी का औसत तापमान सात से आठ डिग्री तक बढ़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी में निर्माण कार्य तेजी से हो रहे हैं और कंक्रीट का जंगल फैलता जा रहा है। सरकारी उपेक्षा के कारण यहां विगत एक दशक के दौरान हरियाली में मात्र 2.8 प्रतिशत की वृद्धि हो सकी है। यही वजह है कि विगत एक दशक में दिल्ली का औसत तापमान सात से आठ डिग्री तक बढ़ गया है और अर्बन हीट आइलैंड में करीब आठ गुना तक की वृद्धि हुई है, जो 2014 में सात से बढ़कर अब 60 हो गए हैं।

सेंटर फॉर साइंस एंड एन्वायरमेंट (सीएसई) की एक रिपोर्ट पर गौर करें तो पता चलता है कि 2014 में मई का औसत तापमान 30 से 33 डिग्री तक रहता था। कुछ ही इलाकों में यह 34 डिग्री या इससे अधिक जाता था, जबकि 2025 में स्थिति यह है कि अप्रैल में ही यह 40 डिग्री पार कर चुका है।

राजधानी में दिन ही नहीं, रातें भी गर्म हो रही हैं। केंद्र सरकार की वर्ष 2013 की स्टेट ऑफ फॉरेस्ट रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली में हरियाली कुल क्षेत्रफल का 20.08 प्रतिशत थी, जबकि यह 2024 में मात्र 2.8 प्रतिशत बढ़कर 23.6 प्रतिशत हो पाई है।

जब किसी शहर में आसपास के ग्रामीण क्षेत्र



के मुकाबले तापमान में अधिक बढ़ोतरी हो जाती है, तब उसे अर्बन हीट आइलैंड कहते हैं। इसकी बड़ी वजह है इंसानी गतिविधियां। किसी भी क्षेत्र के हीट आइलैंड बनने में सबसे अहम भूमिका उसकी बसावट की होती है। वो शहर किस तरह का है, वहां इमारतें कैसी हैं और उसे किस तरह से डिजाइन किया गया है, हरियाली की स्थिति कैसी है, जलाशयों का दायरा कितना है, यातायात व्यवस्था कैसी है, यही बातें सबसे अहम होती हैं।

दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में तापमान बढ़ने और इनके हीट आइलैंड में तब्दील होने में भी यही कारक मुख्यतया जिम्मेदार हैं। सिर्फ यही नहीं बिल्डिंग में ईंट की जगह शीशे और स्टील का बढ़ता इस्तेमाल भी गर्मी के असर को बढ़ाने में मदद करता है।

## बीएसईएस ग्राहक सहायता के नाम पर ठगने वाला धोखेबाज गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के दक्षिण पश्चिमी जिला पुलिस के साइबर थाने के स्टाफ ने जामताड़ा से एक धोखेबाज को गिरफ्तार किया है। आरोपी व्यक्ति बीएसईएस ग्राहक सहायता के नाम पर पीड़ितों को ठगता था।पुलिस ने उसके पास से दो स्मार्ट फोन बरामद किए गए, जिनमें आपत्तिजनक साक्ष्य हैं।आरोपी साइबर धोखाधड़ी मामले में संलिप्त है।शिकायतकर्ता को बीएसईएस ग्राहक सहायता के नाम पर 1 लाख रुपये की ठगी की गई।

दिल्ली के दक्षिण पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि 2 फरवरी को एक शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि उसने अपने बीएसईएस कनेक्शन के स्वामित्व हस्तांतरण के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था, जिसके बाद उसे एक अज्ञात नंबर से कॉल आया जिसने खुद को बीएसईएस से बताया और कहा कि उसे कनेक्शन स्थानांतरित करने के लिए अपना सीए नंबर अपडेट करना होगा। बाद में, आरोपी ने उसे दूसरे नंबर से उसके व्हाट्सएप पर एक लिंक भेजा। लिंक पर क्लिक करने पर, उसके मोबाइल पर कुछ ओटीपी प्राप्त हुए और जब उसने अपने एसबीआई कार्ड स्टेटमेंट की जांच की, तो धोखेबाजों द्वारा 49,995 रुपये के दो लेनदेन किए गए थे। प्रारंभिक जांच के बाद,साइबर थाने में मामला दर्ज कर एसआई लव देसवाल, हेड कांस्टेबल अमित कुमार, सुख लाल और सचिन की टीम ने जांच शुरू की। जांच के दौरान, जिस मोबाइल नंबर से शिकायतकर्ता को कॉल आया था, वह बंद पाया गया, लेकिन घटना के समय यह गांव और पोस्ट ऑफिस कोरो, जिला-देवघर, झारखंड में सक्रिय था। इसके बाद एसीपी ऑपरेशन की देखरेख में एसएचओ साइबर विकास बुल डक के नेतृत्व में , एसआई लव देसवाल हेड कांस्टेबल अमित कुमार और सचिन की टीम ने आखिरकार आरोपी विकास मंडल (23) को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने उसके पास से कथित डिवाइस समेत दो मोबाइल फोन बरामद किए गए। गिरफ्तार आरोपी पहले भी झारखंड के देवगढ़ में साइबर धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार हो चुका है।

## आज होगा केजरीवाल की बेटी हर्षिता का रिसेप्शन

**■ हर्षिता व संभव जैन ने आईआईटी दिल्ली से की इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की इकलौती बेटी हर्षिता केजरीवाल का रिसेप्शन 20 अप्रैल को होगा । बेटी हर्षिता केजरीवाल शुक्रवार को शादी के बंधन में बंध गईं। उन्होंने संभव जैन के साथ सात फेरे लिए, जो उनकी बैचमेट भी थे। शादी कपूरथला हाउस में हुई, जिसमें परिवार के करीबी सदस्य ही शामिल हुए थे। समारोह का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल है, जिसमें केजरीवाल और पंजाब के सीएम भगवंत मान ठुमके लगाते दिख रहे हैं। इससे पहले 17 अप्रैल को गोपनीय तरीके से होटल शांगरी-ला में सगाई समारोह आयोजित हुआ था। शादी समारोह में पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष ससोदिया भी पहुंचे थे। वहीं



शादी का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें संभव जैन स्टेज पर थिरकते नजर आ रहे हैं।

संभव और हर्षिता दोनों ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) दिल्ली से इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की, जहां उनकी मुलाकात हुई और दोस्ती प्रेम में बदली। हर्षिता केमिकल इंजीनियरिंग की छात्रा रही हैं। संभव वर्तमान में एक निजी कंपनी में प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कंसल्टेंट के रूप में कार्यरत हैं और इससे पहले उन्होंने ब्लैकस्टोन जैसी प्रतिष्ठित कंपनी में काम किया था। संभव श्इंटरेक्टश नामक कंपनी के फाउंडर भी हैं। संभव और हर्षिता ने मिलकर श्बेसिल हेल्थश नामक एक स्टार्टअप शुरू किया है। पढ़ाई के दौरान ही उन्हें कई प्रतिष्ठित कंपनियों में नौकरी ऑफर हुई थी। उन्होंने गुरुग्राम की एक कंपनी में कुछ समय तक नौकरी भी की थी। हर्षिता अपने पिता की राजनीतिक कामों में सहयोग देती रही हैं।

# भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस, टेंडर के साथ तय होगी जिम्मेदारी: सीएम रेखा गुप्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने श्जनता से रिश्ता की टीम से विशेष चर्चा की। रेखा गुप्ता ने बताया कि, दिल्ली की भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। किसी भी काम के लिए टेंडर जारी करते समय उसमें जवाबदेही प्रमुख रूप से तय की जाएगी। यदि काम खराब हुआ तो उसे फिर से करना होगा। इसके साथ नई नीतियां बनाकर घोटाले और गड़बड़ी पर अंकुश लगाया जाएगा।

नगर निगम में भ्रष्टाचार के सवाल पर जवाब: नगर निगम में भ्रष्टाचार के सवाल पर जवाब देते हुए सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि इसी कारण नालों की सफाई दिल्ली में नहीं हुई और शहर को बाढ़ से



जूझना पड़ा। उन्होंने कहा कि नाले गाद से भरे रहे और कागजों पर उनकी सफाई हो गई। लेकिन, भाजपा की सरकार में ऐसा नहीं होगा। गाद निकालने का प्रमाण मिलने पर काम का भुगतान किया जाएगा।

इसका प्रावधान टेंडर में ही किया जाएगा। यदि नाले जाम होंगे तो उसे साफ करने का काम ठेकेदार को ही करना होगा। सीएम ने कहा कि अब जो भी टेंडर दिए जाएंगे, पूरी तरह से अकाउंटेबिलिटी और पेनाल्टी के प्रावधान के साथ दिए जाएंगे। ताकि यह न हो कि पौधा लगाया और भाग गए। अब पौधा लगाने के साथ उसकी देखभाल की जिम्मेदारी भी तय की जाएगी।

दिल्ली की सड़कों और प्रदूषण पर क्या कहा: एक सवाल के जवाब में सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि सड़क बनाने के काम में भी जवाबदे. ही का प्रावधान किया जाएगा। समयसीमा तय की जाएगी और उसके भीतर यदि सड़क टूटी या उसमें गड्ढे हुए तो ठेकेदार को उसे ठीक करना होगा। कुल मिलाकर बनाई गई सड़क को दुरुस्त बनाए रखने की जिम्मेदारी टेंडर प्रक्रिया में तय कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली का प्रदूषण दूर किया जाएगा और चरणबद्ध योजना बनाकर यमुना को स्वच्छ बनाया जाएगा।

इसमें समय लगेगा, लेकिन इसे पूरा करके दिखाएंगे। चाहे शराब नीति हो या फिर अन्य नीतियां, सभी की समीक्षा करके हरसंभव बदलाव किए जाएंगे। दिल्ली की भाजपा सरकार पेयजल, बिजली, सफाई, परिवहन, शिक्षा, चिकित्सा, समाज कल्याण, पर्यावरण आदि सभी विषयों पर पूरी गंभीरता से काम कर रही है। हम दिल्ली को खूबसूरत और खुशहाल दिल्ली बनाएंगे। हमारी दिल्ली स्वच्छ, सुरक्षित, शिक्षित और सुसज्जित दिल्ली बनेगी।

## आवारा कुत्तों की जनसंख्या पर लगाम लगाना जरूरी: गोयल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आवारा कुत्तों के काटने की समस्या का आन्दोलन जोर पकड़ता जा रहा है। पूर्व केन्द्रीय मंत्री विजय गोयल 'लोक अभियान' संस्था की ओर से आन्दोलन को पिछले दो साल से चला रहे हैं। आन्दोलन की इस कड़ी में गोयल हर रोज दो मीटिंगें आर.डब्ल्यू.ए. के साथ मिलकर पार्कों व कालोनियों में कर रहे हैं। रविवार 20 अप्रैल को प्रातः 10 बजे यह मीटिंग रोहिणी सेक्टर 3 में और पश्चिम विहार में सायं 5 बजे होगी।

गोयल ने कहा कि वे केवल लोगों की आवारा कुत्तों को लेकर जो समस्याएं हैं, उनको उठा रहे हैं। उनका विरोध किसी भी जानवर या कुत्ते से नहीं है।

गोयल ने कहा कि ये बड़े दुःख की बात है कि कुछ लोग जो इन आवारा कुत्तों को खाना देते हैं, वे उनसे लड़ने के लिए आ जाते हैं और



बुरी-बुरी गालियां देते हैं। अपने आपको ये लोग पशु प्रेमी कहते हैं, पर एक भी आवारा कुत्ते को आज तक इन्होंने गोद नहीं लिया।

गोयल ने कहा कि हमारी मांग है कि इन आवारा कुत्तों की 100 प्रतिशत नसबंदी (ैजमतपसप्रंजपवद) की जाए ताकि उनकी संख्या जो दिल्ली में 8 लाख है, वह 60 लाख न हो जाए। गोयल ने बताया कि यह आन्दोलन चलाकर वे कुत्तों को सम्मान दिला रहे हैं, अन्यथा देश में रोज जो 20,000 कुत्ते, लोगों को काटते हैं, उसके कारण लोग उनसे नफरत करने लगेंगे।

## 15 साल की दुष्कर्म पीड़िता को सात माह का गर्भ , मदद में देरी पर अदालत नाराज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** हाईकोर्ट ने 15 साल की दुष्कर्म पीड़िता के 27 सप्ताह से अधिक के गर्भ को समाप्त करने की अनुमति दे दी है। नाबालिग से चचेरे भाई ने दुष्कर्म किया था जिस कारण वह गर्भवती हो गई थी। अदालत ने मदद में मिली देरी पर भी नाराजगी जताई और जांच में देरी करने पर एलएनजेपी अस्पताल प्रभारी से स्पष्टीकरण मांगा है। यह दिल दहला देने वाला मामला न केवल एक मासूम बच्ची के दर्द को उजागर करता है, बल्कि व्यवस्था में समय पर मदद की कमी को भी सामने लाता है।न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने कहा कि 15 साल की बच्ची ने पहले अपने चचेरे भाई के हाथों यौन शोषण का दर्द सहा। फिर सात महीने तक डर के कारण चुप रही। अब वह हर दिन उस दर्दनाक घटना को याद कर अस्पताल के बिस्तर पर पड़ी है। कोर्ट ने यह भी बताया कि गर्भपात की प्रक्रिया से गुजरने का शारीरिक दर्द उस मनोवैज्ञानिक पीड़ा की तुलना में कुछ भी नहीं है, जो वह रोज सह रही है।

कोर्ट ने एलएनजेपी अस्पताल को तुरंत गर्भपात की प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया। साथ ही यह सुनिश्चित करने को कहा कि बच्ची की देखभाल में कोई कमी न हो और यदि बच्चा जीवित पैदा होता है तो उसकी उचित देखभाल की जाए। कोर्ट ने यह भी आदेश दिया कि गर्भपात से संबंधित सभी खर्चे सरकार वहन करेगी। कोर्ट ने सिस्टम की खामियों पर गहरी नाराजगी जताई। एक अन्य मामले का इसमें हवाला दिया गया जिसमें पीड़िता को 9 अप्रैल को अस्पताल में भर्ती किया गया था, लेकिन मेडिकल बोर्ड ने उसकी जांच में एक सप्ताह की देरी की। कोर्ट ने 2023 में दिए गए अपने निर्देशों का पालन न होने पर एलएनजेपी अस्पताल के मेडिकल सुपरिटेंडेंट से एक सप्ताह के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है। इन निर्देशों में कहा गया था कि 24 सप्ताह से अधिक गर्भ वाली दुष्कर्म पीड़िताओं की तुरंत मेडिकल जांच होनी चाहिए, बिना कोर्ट के आदेश की प्रतीक्षा किए।

**एक नजर**

## शॉपिंग के बहाने दुकान से चुराते थे कपड़े महिला दुकानदार की सूझबूझ से पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** निहाल विहार में एक महिला दुकानदार की सूझबूझ से पुलिस ने शॉपिंग के बहाने कपड़े की दुकान से चोरी करने वाली महिला चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने गिरोह की तीन महिलाओं और इनके सहयोगी ऑटो चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से दुकान से चुराए पैसे और वारदात में इस्तेमाल ऑटो बरामद किया है।

जिला पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने बताया 16 अप्रैल को निहाल विहार पुलिस को दुकान में चोरी करने वाली कुछ महिलाओं को स्थानीय लोगों द्वारा पकड़े जाने की सूचना मिली। वहां पहुंचने पर महिला दुकानदार व अन्य लोगों ने तीन महिला आरोपियों और एक ऑटो चालक को पुलिस के हवाले कर दिया। दुकानदार अंजली शर्मा ने बताया कि वह शिव राम पार्क में सखी कलेक्शन के नाम से कपड़ों की दुकान चलाती हैं। 16 अप्रैल की शाम तीन महिलाएं ऑटो से उनकी दुकान पर आईं। चालक ने ऑटो को उनकी दुकान से कुछ दूरी पर खड़ा कर दिया। महिलाओं को देखकर दुकानदार ने उनकी पहचान कर ली। उन्होंने बताया कि यही तीन महिलाएं करीब दो महीने पहले लेडीज सूट देखने के बहाने 20 हजार रुपये कीमत के 15-20 सूट चुरा कर भाग गईं। 16 अप्रैल को आरोपी महिलाएं दोबारा उनकी दुकान पर आईं।

महिला दुकानदार ने उन पर चोरी का आरोप लगाया तो सभी वहां से भागने लगीं। उनको भागते देख दुकानदार अंजली ने शोर मचा दिया। इस दौरान आसपास के दुकानदारों और कुछ महिलाओं ने वहां पहुंचकर आरोपी महिलाओं को पकड़ लिया। लोगों ने उनके सहयोगी ऑटो चालक को भी पकड़ लिया। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़ी गई महिलाओं की पहचान मंगोलपुरी निवासी दीपांजलि, मोनिका और मनिंदर कौर के रूप में हुई जबकि ऑटो चालक की पहचान मंगोलपुरी निवासी सागर के रूप में हुई है। पूछताछ में पता चला कि वे कपड़े की दुकानों में जाकर लेडीज सूट चुराती थीं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मौसम के यू-टर्न लेने के बाद सोमवार तक रहेगी राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मौसम के शुक्रवार को यू-टर्न लेने के बाद मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि पूरा वीकेंड राहत भरा रहेगा। इस बीच तेज हवा चलेगी और हल्की भारी भी होने का अनुमान है। इससे सोमवार तक गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है। इससे पहले दो साल बाद एक बार फिर इस सीजन का दूसरा सबसे गर्म दिन दर्ज किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक, दिल्ली-एनसीआर के कुछ इलाकों में हल्की बारिश व तेज आंधी चलने की संभावना है।

## बिल्डिंग के ढह जाने से हुई मौतें चिंताजनक : भाजपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने मुस्तफाबाद विधानसभा के दयालपुर क्षेत्र में कल देर रात एक 5 मंजिला बिल्डिंग के आकसमिक रूप से ढह जाने पर गहरा दुख एवं चिंता प्रकट की है।



वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की मानवीय जीवन का इस तरह अंत होना दुखद है।दिल्ली नगर निगम को ऐसी पांचवी छठी मंजिल खाली करवा कर सील करने एवं तोड़ने का आदेश दें ताकि भविष्य में ऐसे हादसे रूक सकें।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है सामान्यता हम दिल्ली के अधिकांश अप्रूव्ड इलाकों के साथ ही अनधिकृत कॉलोनियों में भी देखते हैं की लोग तीसरी मंजिल तक के मकान बनाते रहे हैं। इन दिनों कुछ क्षेत्रों में चौथी मंजिल भी डाली जाती हैं पर चलन कम है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की दिल्ली नगर निगम आयुक्त को तुरंत चौथी मंजिल से ऊपर की मंजिल के मकानों और खस्ता खतरनाक मकानों का सर्वे करवा कर उन पर कार्यवाई के आदेश देने चाहिए।

## सनलाइट कॉलोनी इलाके में 20 साल की लड़की ने तीसरी मंजिल से कूदकर किया सुसाइड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मणिपुर की रहने वाली 20 साल की लड़की ने दिल्ली में सुसाइड कर लिया। लड़की ने तीसरी मंजिल से कूदकर अपनी जान दे दी। लड़की दिल्ली में एक BPO में काम करती थी। पुलिस से मिली जानकारी के मुता. बिक मृतका ने किराये पर कमरा ले रखा था जहां वह अपनी रूममेट के साथ रहती थी। पुलिस के मुताबिक मणिपुर की एक 20 साल की महिला ने शनिवार सुबह दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के सनलाइट कॉलोनी इलाके में सुसाइड कर लिया। महिला ने यहां एक इमारत की छत से कूदकर आत्महत्या कर ली। शनिवार सुबह 6 बजकर 22 मिनट पर महारानी पार्क के पास एक शव मिलने की सूचना मिली थी। मृतका की पहचान मणिपुर के बिष्णुपुर की रहने वाली प्रियलक्ष्मी देवी खंगेबम के रूप में हुई है। प्रियलक्ष्मी अक्टूबर 2024 से दिल्ली में रह रही थी। मृतका की एक रूममेट भी है दोनों किलोकरी नामक स्थान पर एक मकान की तीसरी मंजिल पर रहते थे। पुलिस



अधिकारियों ने बताया कि दोनों नोएडा स्थित एक बीपीओ कंपनी में काम करती थीं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इमारत की छत से बरामद सीसीटीवी फुटेज में महिला को कूदने से पहले अकेले चलते हुए देखा गया जिससे महिला के सुसाइड के संकेत मिल रहे हैं। सीसीटीवी फुटेज को आगे की जांच के लिए सुरक्षित कर लिया गया है। पुलिस ने क्राइम टीम की मौजूदगी में मृतक युवती के कमरे की तलाशी ली है। वहीं, मृतका के परि. जनों को हादसे की सूचना दे दी गई है। फिलहाल पुलिस ने शव को एम्स के शवगृह में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस ने जानकारी देते हुए कहा कि लड़की के परिवार के सदस्यों की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम कर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

## समाज कल्याण मंत्री ने मोइरांग दिवस पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस को किया नमन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** समाज कल्याण, एससी/एसटी कल्याण, चुनाव और सहकारिता मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने मोइरांग दिवस पर शनिवार को नेताजी सुभाष बोस आईएनए ट्रस्ट एवं फिक्की की ओर से आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता की। 14 अप्रैल 1944 को नेताजी सुभाष चंद्र बोस के नेतृत्व में आजाद हिंद फौज ने मणिपुर के मोइरांग में पहली बार स्वतंत्र भारत का तिरंगा फहराया था।

रविन्द्र इन्द्राज ने कहा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश के लिए अपना सर्वस्व बलिदान करने वाले महापुरुषों को सम्मान देने और उनके संदेशों को नई पीढ़ी तक पहुँचाने का काम लगातार हो रहा है। केंद्र सरकार ने नेताजी की स्मृति में इंडिया गेट के नजदीक भव्य प्रतिमा




स्थापित की है, लाल किला में संग्रहालय बनवाया है और अंडमान निकोबार में आइलैंड का नाम नेताजी के नाम पर रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी है। रविन्द्र इन्द्राज ने कहा की हाल ही में दिल्ली सरकार ने बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर जी का जयंती सप्ताह मनाया है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस और बाबा साहेब जैसे महापुरुषों का सपना था की गरीब और वंचित वर्ग के लोग मुख्यधारा में अहम योगदान दें और आत्मनिर्भर बनें। मोदी जी के नेतृत्व में यह सपना साकार हो रहा है। गरीब उत्थान के साथ ही देश 'विकसित भारत' और विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है।

रविन्द्र इन्द्राज ने कहा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार भी 'विकसित दिल्ली' संकल्प की दिशा में गरीब और वंचित वर्ग के लोगों को आत्मनिर्भर बनाने की योजनाओं पर काम कर रही है।

## ई-सिगरेट सप्लाई करने वाले गिरोह के खिलाफ कार्रवाई

**■ 1-6 लाख रुपये की 78 प्रतिबंधित ■ ई-सिगरेट बरामद एक गिरफ्तार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने चीन से भारत आ रही प्रतिबंधित ई-सिगरेट सप्लाई करने वाले गिरोह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने शालीमार बाग, दिल्ली निवासी गुरुचरण (33) को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 78 एल्फबार वेप्स (चीन में निर्मित) ई-सिगरेट बरामद की हैं। उनकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 1.6 लाख रुपये बताई जा रही है।

अपराध शाखा के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त संजय कुमार सैन के अनुसार पुलिस टीम ने 17/18 अप्रैल की मध्य रात्रि में भगवान महावीर रोड पर वाहन जांच करते समय आजादपुर रोड से आ रही एक संदिग्ध स्कूटी को रोकने का प्रयास किया। पुलिस को देखकर आरोपी ने स्कूटी की रफ्तार बढ़ा दी। कुछ दूर पीछा करने के बाद पुलिस टीम ने स्कूटी चालक गुरुशरण सिंह को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान स्कूटी से एक प्लास्टिक बैग बरामद किया गया। उसमें से ई-सिगरेट बरामद हुआ। प्रत्येक ई-सिगरेट की कीमत लगभग 2,000 है।

आरोपी गुरुचरण ने ई-सिगरेट के अवैध व्यापार में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। वह दिल्ली के अशोक विहार में चौरसिया नाम से पान की दुकान चलाता है, जहां वह प्रतिबंधित ई-सिगरेट बेचता है। गुरुचरण ने खुलासा किया कि चीन निर्मित ई-सिगरेट ने युवाओं, विशेष रूप से जेनरेशन जेड के बीच अपने कथित स्टेटस सिंबल और आकर्षक डिजाइन के कारण लोकप्रिय है। वह हर ई-सिगरेट पर 800 रुपये बचा रहा था। गुरुचरण ने कबूल किया कि वह ग्राहकों को ई-सिगरेट आजमाने के लिए प्रोत्साहित करता था, बाद में उनकी लत से लाभ कमाता था।

यूपी के प्रतापगढ़ का रहने वाला है आरोपी : गुरुचरण उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ का रहने वाला है और उसने अपने पैतृक गांव में 5वीं कक्षा तक की औपचारिक शिक्षा प्राप्त की है। वह दिल्ली आने के बाद करीब एक साल से इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट के अवैध व्यापार में शामिल हो गया।

# भाई के साथ शादी की खरीदारी करने जा रही महिला की हादसे में मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भाई की शादी के लिए मेरठ खरीदारी करने जा रही एक विवाहिता की सडक हादसे में मौत हो गई। अज्ञात बस चालक द्वारा बाईक में टक्कर मारकर भाई बहन को घायल कर दिया गया। चिकित्सकों ने बहन को मृत घोषित कर दिया, जबकि भाई को मामूली चोट आई है। विवाहिता की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



शामली। परिजनों से पूछताछ करती पुलिस।

बाबरी क्षेत्र के गांव हीरनवाडा निवासी 26 वर्षीय विवाहिता श्वेता पत्नी सचिन कुमार के भाई गौरव की आगामी दिनों में शादी है। शादी के लिए खरीदारी करने के लिए उसका दूसरा भाई सौरभ उसको मेरठ से लेने के लिए शनिवार को गांव पहुंचा था। जिसके साथ श्वेता बाईक पर सवार होकर मेरठ जा रही थी। बताया जाता है कि जब वह गांव से बाहर पहुंचे तो इसी दौरान अज्ञात बस सवार ने बाईक में टक्कर मार दी, जिससे दोनों दूर जा गिरे। श्वेता का सिर जमीन में लगने से उसकी मौके पर मौत हो गई, जबकि भाई घायल हो गया। हादसे के बाद आरोपी बस चालक मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों की मदद से विवाहिता को जिला संयुक्त चिकित्सालय शामली में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया, जबकि भाई सौरभ को उपचार दिया गया। विवाहिता की मौत की सूचना मिलते ही शादी की खुशियां गम में तबदील हो गई और परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची बाबरी पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक विवाहिता अपने पीछे 9 माह की पुत्री छोड गई है। पुलिस आरोपी बस चालक की तलाश में जुट गई है।

# टायर फटने से ट्रक पलटा, यातायात प्रभावित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शनिवार तडके शहर के बधेव बाईपास पर एक स्क्रेप से भरे एक ट्रक का अचानक टायर फट जाने से ट्रक अनियंत्रित होकर हाईवे पर पलट गया। हादसे में जहां परिचालक घायल हुआ है वहीं चालक बाल-बाल बच गया। हाईवे पर ट्रक पलटने से यातायात पूरी तरह से प्रभावित रहा।

शनिवार तडके करीब साढे तीन बजे मुरादाबाद निवासी चालक तेजपाल और परिचालक बाबू उर्फ फैजान अपने ट्रक में स्क्रेप का माल भरकर पंजाब स्थित फैक्ट्री में जा रहा था। बताया जाता है कि जब वह सहारनपुर-करनाल हाईवे स्थित बधेव बाईपास पर पहुंचा तो इसी दौरान अचानक ट्रक का टायर फट गया, जिससे चालक का संतुलन बिगड गया और ट्रक डिवाईडर से टकराते हुए पलट गया। हादसे में ट्रक में सो रहा परिचालक बाबू उर्फ फैजान घायल हो गया, जबकि चालक बाल बाल बच गया। हाईवे पर ट्रक पलटने से यातायात पूरी तरह से प्रभावित हो गया। मामले की सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर रूट डायवर्जन किया। शनिवार दोपहर तक ट्रक को हाईवे से जेसीबी मशीन की मदद से हटाया गया, जिससे यातायात सुचारू हो सका।





शामली। पुलिस द्वारा दर्ज मुकदमों के खिलाफ पंचायत करते हुए।

# पुलिस द्वारा दर्ज मुकदमों को लेकर वाल्मीकि समाज ने की पंचायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** युवक से मारपीट करने के मामले में दर्ज मुकदमे के विरोध में वाल्मीकि समाज के लोगों की एक पंचायत आयोजित की गई। वाल्मीकि मंदिर में हुई पंचायत में पुलिस द्वारा दर्ज किए मुकदमे पर रोष प्रकट किया गया और कोतवाली पुलिस से मुलाकात कर उक्त युवक पर नशाखोरी कर अर्द्धनग्न होकर मौहल्लेवासियों को परेशान करने का आरोप लगाया है।

शनिवार को शहर के मौहल्ला नंदूप्रसाद स्थित वाल्मीकि मंदिर में वाल्मीकि समाज के लोगों की एक पंचायत आयोजित की गई। पंचायत में उन्होने बताया कि मौहल्ले के ही एक युवक द्वारा अत्याधिक नशा करने के बाद अर्द्धनग्न होकर लोगों को परेशान किया जाता है। जो कई बार अलग अलग लोगों से मारपीट कर चुका है।

गत दिवस भी उसके द्वारा घर में घुसकर अभद्रती की गई और धमकी दी गई। जिसके बाद मौहल्ले के कुछ युवकों ने उसको वहा से भगा दिया, लेकिन पुलिस ने उसकी मां की तहरीर पर झूठा मुकदमा दर्ज कर लिया, जिससे वाल्मीकि समाज के लोगों में रोष व्याप्त है। उन्होने वर्ष 2013 में भी उक्त युवक व उसके परिवार पर दंगा कराने का आरोप लगाया। बाद में समाज के लोगों ने कोतवाली पुलिस से मुलाकात कर घटना से अवगत कराया और दर्ज किए गए मुकदमे को वापस लेने की मांग की। इस अवसर पर घनश्याम पारचा, राध्ए श्याम पाश्चा, विनय गहलोत, जोनी, विपिन चंदेल, देवेन्द्र ढिगांन, राजन पाहिवाल, सचिन, प्रदीप निर्वाल, लवी, प्रवेश, अभिषेक उर्फ छोटू, पुनीत, शुभम, दिनेश गहलोत आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### नगरपंचायत ने चलाया स्वच्छता अभियान, नालों की कराई सफाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़ीपुख्ता।** नगर पंचायत गढ़ीपुख्ता ने आगामी बरसात को ध्यान में रखते हुए शनिवार को व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया। इस अभियान के तहत नगर क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में सफाई का कार्य किया गया। नगर पंचायत कार्यालय के कर्मचारियों और सफाई कर्मियों ने मिलकर राझड़ रोड स्थित नालों की सफाई कराई। गढ़ीपुख्ता नगर पंचायत द्वारा बस स्टैंड, सरक. ारी अस्पताल, पंजाब नेशनल बैंक, मुख्य बाजार, गली-मोहल्लों सहित प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। बरसात से पहले नालों की सफाई और सार्वजनिक स्थानों की स्वच्छता को प्राथमिकता दी जा रही है ताकि बारिश के मौसम में जलभराव और गंदगी से नागरिकों को परेशानी न हो। नगर पंचायत चेयरमैन प्रमोद कुमार ने बताया कि स्वच्छता अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा, हमारी कोशिश है कि बरसात के दौरान नागरिकों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो, इसलिए नगर पंचायत के सफाई कर्मचारी पूरी तत्परता से कार्य कर रहे हैं।

### चौकी में तैनात चौकीदार से मारपीट, उपनिरीक्षक पर भी गंभीर आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़ीपुख्ता।** गढ़ी अब्दुल्ला खां चौकी में तैनात चौकीदार अबूबकर ने थाने में तहरीर देकर अपने साथ मारपीट और अभद्रता की शिकायत की है। क्षेत्र के गांव गढ़ी अब्दुल्ला खां निवासी अबूबकर चौकीदार ने बताया कि वह शुक्रवार को अपनी दुकान पर बैठा था। तभी गांव निवासी इसी दौरान नादिर पुत्र नसीम वहां आ गया और गाली-गलौज करने लगा। जब अबूबकर ने इसका विरोध किया तो नादिर ने उसे गाली-गलौज मारपीट करते हुए चौकी तक ले गया। चौंकाने वाली बात यह रही कि यह सब कुछ चौकी में तैनात उपनिरीक्षक राजेश कुमार के सामने ही दबंग व्यक्ति ने चौकीदार आबूबकर को थप्पड़ जड़ दिए। कुर्सी पर बैठे उप निरीक्षक राजेश कुमार ने कोई हस्तक्षेप नहीं किया। ओर आरोप है कि जब अबूबकर ने उप निरीक्षक राजेश कुमार से मदद मांगी तो उन्होंने भी गाली-गलौज की और धमकी दी कि ज्यादा बोलेगा तो तेरे को हटाने के लिए एप्लीकेशन लिखनी पड़ेगी। अबू. बकर ने थाने में तहरीर देकर उचित कार्रवाई की मांग की है। वहीं इस संबंध में पुलिस का कहना है कि चौकीदार की तरफ से तहरीर आई है पूरे मामले की जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### अपहरण की झूठी कहानी रची, गुम हुआ युवक किया बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** युवक ने आठ लाख रुपये वापस लेने के लिए अपने ही अपहरण की झूठी कहानी रची थी। पुलिस ने गुम हुए आजाद को बरामद कर मामले से पर्दा उठा उठा कर मामले का पटाक्षेप कर किया। गांव केरटू निवासी शहजाद पुत्र अली हसन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका भाई आजाद उम्र 27 वर्ष 14 अप्रैल की देर शाम पटनी प्रतापुर टोल प्लाजा पर गया था जो अब तक भी वापस नहीं लौटा। शहजाद ने गांव के नासिर, जाबिर, परवेज और जावेद पुत्रगण एजाज पर आजाद को गायब करने का शक जाहिर करते हुए तहरीर दी है। पुलिस ने मामले में गुमशुदगी दर्ज कर ली थी, जिसमे आजाद को पुलिस व एसओजी शामली की संयुक्त कार्यवाही में अपहृत आजाद पुत्र अलीहसन निवासी ग्राम केरटू को सकुशल बरामद किया है। आजाद ने पुलिस पूछताछ में बताया कि मेरे गांव के नासिर पुत्र एजाज पर 8 लाख 60 हजार रुपये थे जिन्हे मैं बार बार मांग रहा था लेकिन यह वापस नही कर रहा था। मैंने अपने चाचा के लडके मेहरबान उर्फ नीला पुत्र ताहिर अंसारी निवासी ग्राम केरटू व अपने भाई शहजाद के साथ मिलकर योजना बनाई थी कि मैं आज अपनी मोटरसाईकिल वेदखेडी रोड पर खडी करके अचानक गायब हो जाता हूं तो नासिर व उसके भाईयों के खिलाफ मुकदमा लिखे जाने पर ए लोग पुलिस के डर से मुझे रुपये वापस लौटा देगे। योजना अनुसार मेरे भाई शहजाद ने थाना पर मेरे अपहरण किए जाने के सम्बन्ध मे मुकदमा पंजीकृत कराया और पुलिस मुकदमे में नामजद नासिर आदि से आजाद के अपरहण के सम्बन्ध में पूछताछ करने लगी। यह योजना मैने रूपये वापस लेने की वजह से बनाई थी।

### कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

**झिंझाना।** पुलिस अधीक्षक शामली रामसेवक गौतम के आदेशानुसार अवैध शराब के अपराध में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी,बरामदगी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन में क्षेत्राधिक. ारी कैराना के कुशल पर्यवेक्षण में थाना झिंझाना पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त राजपाल पुत्र जगवीरा निवासी ग्राम रज्जाकनगर थाना झिंझाना को अवैध 10 लीटर कच्ची शराब सहित गिरफ्तार करने मे महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना झिंझाना पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है । गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरक्षक राघवेन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल अशोक कुमार, हेड कांस्टेबल विनोद कुमार थाना झिंझाना जनपद शामली शामली रहे।

### नाबालिग को बहला फुसला कर ले जाने का आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** थाना क्षेत्र के गांव से नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाने के मामले में पिता द्वारा दी तहरीर के आधार पर दर्ज मुकदमे में आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। शुक्रवार को प्रवीण पुत्र जगबीर सिह निवासी नया गांव मजरा टपराना ने थाने में दी तहरीर में बताया कि शाम के समय पीड़ित के घर के मोबाइल पर फोन आया जिसे पीड़ित की बड़ी बेटी द्वारा सुना गया तो फोन पर एक युवक शिवम नाम बताया और फोन पर बताया कि मैं तुम्हारी पुत्री को अपने साथ लेकर जा रहा हू। ओर धमकी देते हुए कहा कि मुझे ढूंढने की कोशिश मत करना। पीड़ित द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर दर्ज मुकदमे में वांछित शिवम कुमार पुत्र राजेन्द्र कुमार निवासी ग्राम सलेमपुर थाना सरसावा जनपद सहारनपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के खिलाफ चालानी कार्रवाई की है।

# तेज हवा चलने से बिजली आपूर्ति बाधित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर में शुक्रवार रात मौसम बिगड़ने के कारण विद्युत आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित रही। देर रात तक तेज हवाओं और बारिश के चलते कई इलाकों में बिजली गुल हो गई, जिससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई स्थानों पर विद्युत फाल्ट भी आ गया था, जिसको बाद में ठीक कराया गया।

गत शुक्रवार देर शाम अचानक मौसम खराब होने से तेज आंधी और झमाझम बारिश हुई। बारिश से जहां भीषण गर्मी से निजात मिली तो वही विद्युत आपूर्ति खराब हो गई है। मौसम खराबी के बाद आधे शहर की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई, जिससे मौहल्ला काकानगर, पंसारियान, कलंदरशाह, बरखंडी रोड, झिंझाना रोड, माजरा रोड व धीमानपुरा में बिजली न होने से अंधेरा छा गया। करीब पांच घंटे तक बिजली न होने से न सिर्फ लोगों के घरों में अंधेरा छाया रहा, बल्कि शहर की सड़कें भी सुनसान और अंधेरे में डूबी रहीं। कई मोहल्लों में इन्वर्टर बैटरी भी जवाब दे गए, जिससे भीषण गर्मी के बीच लोग परेशान रहे। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि बिजली गुल होने से बच्चों और बुजुर्गों को सबसे अधिक परेशानी हुई। बिजली विभाग के अधिकारियों का कहना है कि तेज हवा और बारिश के चलते कई जगहों पर लाइनों में फॉल्ट आया, जिसे ठीक करने में समय लगा।



आकाश



जयंत चौधरी



रजत निर्वाल



ऋषभ जैन

# जेईई मेन्स में स्कॉटिश इंटरनेशनल के स्टूडेंट्स का शानदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जेईई मेन्स परीक्षा-2025 में शहर के स्कॉटिश इंटरनेशनल स्कूल के छात्र छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया है। प्रधानाचार्या आशु त्यागी ने बताया कि शनिवार को उस समय विद्यालय के शिक्षकों और छात्र-छात्राओं में हर्ष की लहर दौड़ गई जब उन्हें जेईई मेन्स 2025 की परीक्षा के परिणाम घोषित हुआ। विद्यालय के मेधावी छात्र छात्राओं ने इस बार जेईई मेन्स की परीक्षा के परिणाम आशा अनुरूप परीक्षा परिणाम दिया।

जेईई मेन्स परीक्षा में रिषभ जैन ने 99.71 पर्सेंटाइल, जयंत चौधरी ने 99.55 पर्सेंटाइल, सानिध्य शर्मा ने 97.98 पर्सेंटाइल, रजत निर्वाल ने 91.52 पर्सेंटाइल, आकाश ने 87.93 पर्सेंटाइल प्राप्त की है। सफल हुए सभी विद्यार्थियों के अभिभावक गण बहुत उत्साहित और अभिभूत दिखाई दे रहे थे। उनका कहना था कि आज उनके बच्चों ने उनके सपनों को पूरा करने के क्रम में एक कदम और आगे बढाकर सभी को गौरवान्वित किया है। चेयरमैन राज. कुमार गर्ग, डायरेक्टर राजीव गर्ग, रितेश गर्ग और प्रशासनिक अधिक. ारी प्रदीप त्यागी ने इन होनहार प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को उनकी इस स्वर्णिम शैक्षिक सफलता पर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्हें भविष्य में इसी तरह अन्य परीक्षाओं में भी श्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।



सानिध्य शर्मा

## नशामुक्ति जन जागरूकता अभियान चलाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शनिवार को अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. अतुल बंसल के आदेशानुसार जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम टीम द्वारा कस्बा बनत मे जगह-जगह नशा मुक्ति जन जागरूकता अभियान चलाया गया। टीम ने कई स्थानों पर जाकर लोगों को नशा न करने के लिए जागरुक किया और बताया नशा स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। इस अभियान मे साइकेट्रिक सोशल वर्कर अंकित यादव के द्वारा लोगो को नशे से होने वाले हानिकारक दुष्प्रभाव व इससे होने वाली बीमारियों के बारे में बताया। उन्होने कहा कि नशा एक घातक बीमारी है, जिससे कैंसर जैसी बीमारियां उत्पन्न होती है। इस अवसर पर अंकित यादव, सतीश, देवेंद्र, रवि, शुभम, अनिल व अन्य लोग मौजूद रहे।

## एक अभियुक्त को कारावास की सजा

**शामली।** 2023 में अभियुक्त संजय पुत्र गिरधारी निवासी भूललोवाला थाना गुरद्वारा जनपद कठना पंजाब के विरुद्ध थाना झिंझाना पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। इसी क्रम में न्यायालय सीजेजेडी/जेएम कैराना शामली द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को उपरोक्त धारा में दोषी पाते हुए जेल में बिताई गई अवधि की सजा व 2500/-अर्थदण्ड से दंडित किया गया है अदा न करने पर 3 दिवस का अतिरिक्त कारावास सुनाया है।

# भाकियू: कपिल खाटियान प्रदेश उपाध्यक्ष व अनिल मलिक बने महासचिव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारतीय किसान यूनियन हाईकमान द्वारा नई कार्यकारणी की घोषणा करते हुए पूर्व जिलाध्यक्ष कपिल खाटियान को प्रदेश उपाध्यक्ष तथा अनिल मलिक को प्रदेश महासचिव मनोनीत किया है।

पिछले लंबे समय से आपसी झगडों के चलते भारतीय किसान यूनियन जनपद शामली में काफी कमजोर स्थिति में बनी हुई थी। संगठन को मजबूत करने के लिए अब पुराने कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को संगठन से जोडने की कवायद शुरू कर दी गई है।

शनिवार को हाईकमान के आद. ेश पर अनिल मलिक को प्रदेश महासचिव व पूर्व जिलाध्यक्ष कपिल खाटियान को प्रदेश उपाध्यक्ष मना. ेनीत किया है। दोनों नवनियुक्त पदा.





धिकारियों की घोषणा प्रदेश अध्यक्ष राजपाल शर्मा ने करते हुए मनोयन पत्र सौंपे है। उन्होने आशा व्यक्त की कि संगठन व स्व चौधरी महेन्द्र सिंह टिकैत की नीतियों पर चलते हुए किसान हित में कार्य करेगें। इस अवसर पर दोनों पदाधिकारियों का फूल मालाओं से स्वागत किया गया।

# बंगाल में हिंसा के विरोध में विहिप का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शनिवार को विश्व हिन्दू परिषद के पदाधिकारियों ने कलक्ट्रेट में नारेबाजी कर देश की राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन एडीएम न्यायिक को सौंपा। जिसमें उन्होने बंगाल में हिंसा के दौरान हिन्दुओं के हो रहे उत्पीडन को बंद कराने की मांग की है।




शनिवार को दिए ज्ञापन में उन्होने कहा कि वक्त कानून के विरा. ेध की आड में संपूर्ण बंगाल को जिस प्रकार हिंसा की आग में जलाया जा रहा है। हिन्दुओं को प्रताडित किया जा रहा है। राष्ट्र और हिन्दू विरोधी लोगों को छूट दी जा रही है। कहा कि बंगाल की स्थिति चिंताजनक है। मुर्शिदाबाद से प्रारंभ हुई यह हिंसा अब सम्पूर्ण बंगाल में फैलती हुई दिखाई दे रही है। शायकीय तंत्र दंगाइयों के सामने केवल निष्क्रिय ही नही बल्कि कई स्थानों पर प्रेरणा बना हुआ है। उन्होने कहा कि ऐसे में हिन्दु विरोधी तत्वों को कठोर से कठोर सजा दी जाए। उन्होने कहा कि उक्त भीड ने 200 से अधिक घरों और व्यावसायिक दुकानों को लूटकर जलाया है। सैकडों हिन्दु घायल हुए है। तीन नागरिकों की निर्मम हत्या हुई। जिसके बाद हिन्दु परिवारों को पलायान करना पडा। उन्होने कहा कि बंगलादेशी व रोहिंग्या घुसपैठ की पहचान कर उनको निष्कासित किया जाए। बंगलादेश की 450 किलोमीटर सीमा पर तार लगाने का काम किया जाए। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष प्रदीप पुंडीर, शालू राणा, विशाल निर्वाल, भारत भूषण, सन्नी सरोहा, प्रवीन, प्रदीप पुंडीर, विनोद राणा आदि मौजूद रहे।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि जिला कारागार मुजफ्फरनगर में निरुद्ध विचाराधीन बन्दी अरशद उर्फ काला पुत्र शब्बीरा, निवासी ग्राम गोगवान तहसील कैराना जनपद शामली का देहान्त दिनांक 25.02.2025 को मेडिकल कॉलिज मेरठ में हो जाने के सम्बंध में मजिस्ट्रीयल जॉ हेतु अधोहस्ताक्षरी को नामित किया गया है। यदि इस प्रकरण में किसी भी व्यक्ति को कोई सूचना देनी हो या ब्यान दर्ज कराना है, तो दिनांक 24.04.2025 तक किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय तहसील कैराना में उपस्थित होकर अपना ब्यान दर्ज करा सकता है।

**स्वप्निल कुमार यादव**
**उप जिला मजिस्ट्रेट/**
**जांच अधिकारी**

# अचानक मौसम का मिजाज बदला, आंधी-तूफान और हल्की-फुल्की बूंदाबांदी से किसानों के चेहरे मुरझाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़ीपुख्ता।** देर रात मौसम ने करवट ली तो क्षेत्र के किसानों की सांसें थम सी गईं। देखते-देखते तेज हवाएं तूफानी रूप में तब्दील हो गईं, जिसके बाद हल्की-फुल्की बूंदाबांदी हुई किसानो को गेहूं की तैयार फसल और आम के बाग मालिकों को पेड़ पर लगे फलों के झड़ने का डर सताने लगा।

शुक्रवार देर रात अचानक तेज हवाओं ने तूफानी रूप धारण कर लिया। दुल्ला खेड़ी, भाटू, बूंटा, पलठेडी, मानकपुर, पेलखा, राझड़, भैंसवाल और कस्बा गढ़ीपुख्ता के किसानों का कहना आरिफ राणा , संदीप,राव साजिद, अतुल कुमार, अरविंद कुमार कश्यप प्रधान, रामपाल सिंह ने बताया उनका गेहूं अब पककर तैयार हो चुका है, अभी तक गेहूं कटाई का कार्य चल रहा है इसलिए मौसम का बिगड़ना उन्हें चिंतित कर गया। हवा के साथ थोड़ी-बहुत बूंदाबांदी जरूर हुई, लेकिन अभी तक फसल को कोई खास नुकसान नहीं हुआ। किसानों का डर है कि अगर फिर बारिश हुई तो गेहूं की फसल खराब हो जाएगी और आर्थिक क्षति होगी।

बागवानों ने बताया कि तेज हवाओं से आम के पेड़ों पर लगे कोहोर (निचली कली) को भी नुकसान पहुंचा है। इसके अलावा, कुछ इलाकों में हवा रुकते ही बिजली वापस आ गई, जबकि अन्य जगहों पर रात भर अंधेरा रहा, जिससे आमजन को परेशानी हुई। वही गढ़ी अब्दुल्ला बिजली घर से सप्लाई होने वाली खेतो की विधुत लाइन पूरी तरह प्रभावित रही जिसके बिना किसान दिनभर बिजली का इन्तेजार करते रहे ।

# डीसीपी ने फेस दो थाने का किया निरीक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देश पर पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी द्वारा थाना फेस 2 का वार्षिक निरीक्षण किया गया। उनके द्वारा थाना कार्यालय, कम्प्यूटर कक्ष, साइबर हेल्प डेस्क, डाक कार्यालय, थाना हवालात, थाना मेस, थाना बैरक एवं महिला हेल्प डेस्क, शस्त्रागार आदि का निरीक्षण किया गया।

थाना परिसर का निरीक्षण करते हुए थाना प्रभारी व हेड मोहर्रिर को मालखाने में लंबित पड़े माल का शीघ्र निस्तारण करने, थाना परिसर व थाना बैरक की साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने, आगंतुकों के बैठने की समुचित व्यवस्था रखने व लावारिस वाहनों की प्रक्रिया के अनुरूप नीलामी करने के लिए निर्देशित दिया गया।

इसके बाद उनके द्वारा हवालात, मेस व साइबर हेल्प डेस्क व महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण करते हुए हेल्प डेस्क पर नियुक्त पुलिसकर्मियों को पीड़ित की अविलंब सहायता करने, प्रतिदिन प्राप्त होने वाली सभी शिकायतों को रजिस्टर में अंकित करने व सभी शिकायतों का अविलंब गुणवक्तापूर्ण निस्तारण कराने, महिलाओं का फीडबैक लेने के लिए निर्देशित किया गया।

थाना कार्यालय के निरीक्षण के दौरान पुलिस उपायुक्त द्वारा सभी रजिस्टरों को पूर्ण व सही तरीके से रखरखाव रखने के लिए निर्देशित किया गया। थाना प्रभारी को सभी आने वाले नागरिकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनने व लोगों से मृद व्यवहार करने, जनशिकायतों को समयपूर्ण एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु एवं सभी विवेचकों को लंबित पड़ी विवेचनाओं का जल्द से जल्द समापन करने, पुलिसकर्मियों को सतर्कता से ड्यूटी करने और ड्यूटी के प्रति कर्तव्य, दायित्व और ईमानदारी के साथ ड्यूटी करने के संबंध में निर्देशित किया गया।

# बॉर्डर सील योजना का रिहर्सल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा जॉन के डीसीपी रामबदन सिंह व एडिशनल डीसीपी सुमित शुक्ला, एसीपी प्रवीण सिंह व एसीपी विवेक रंजन राय द्वारा शहर के दिल्ली, हरियाणा व गाजियाबाद से सटे सभी बॉर्डर सील योजना का रिहर्सल अभियान शुरू किया गया, जिसमें क्षेत्र के अलग-अलग थाना क्षेत्र में अभियान चलाया गया। डीसीपी रामबदन सिंह ने बताया कि शाम 6 बजे से 8 बजे तक दिल्ली, गाजियाबाद व हरियाणा से लगने वाले बोर्डर पर चेकिंग की जा रही, डीसीपी रामबदन सिंह अपनी टीम के साथ झुंडपुरा बॉर्डर पर पहुंचे संदिग्ध वाहनों को रोककर चेक किया, संदिग्ध लोगों से भी पुलिस पूछताछ की, हर एक वाहन पर नोएडा पुलिस की नजर उसी के साथ नशीले पदार्थों की तस्करी करने वालों और अपराधियों की धरपकड़ के लिए



फेस वन थाना प्रभारी अमित कुमार मान भी झुंडपुरा बॉर्डर पर भारी पुलिस बल के साथ तैनात संदिग्ध वाहनों को चेक किया गया।

# शादी के बाद मांगे 21 लाख और ऑडी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** थाना सेक्टर-24 क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए पति समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता का आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोग उससे अतिरिक्त दहेज में ऑडी और 21 लाख रुपये की मांग करते हैं।

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसका विवाह 15 मई 2022 को थाना फेज-दो क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक से हुआ था। परिजन ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था। पीड़िता आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोग उस दहेज से संतुष्ट नहीं थे।

ससुराल पक्ष के लोग अतिरिक्त दहेज के रूप में ऑडी कार वह 21 लाख रुपए की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर उत्पीड़न शुरू कर दिया।आरोपियों ने मारपीट की और चुन्नी से गला घोटकर हत्या का प्रयास किया। पीड़िता का आरोप है कि पति ने उसकी बिना अनुमति के मोबाइल के जरिए धोखे से आपत्तिजनक वीडियो बना रखा है।जिसे वह वायरल करने की धमकी देता है। महिला के अनुसार 29 अगस्त 2024 की रात पति देर रात घर लौटा और जबरन कुकर्म करने का प्रयास किया। विरोध करने पर बेरहमी से पीटा।

**पुलिस आयुक्त के आदेश पर मुकदमा:** वह जान बचाने के लिए अपना मोबाइल फोन लेकर बाथरूम में चली गईं और पुलिस को सूचना दी। मौके पर थाना फेज-दो पुलिस आई और उन्हें बचाया।दोनों पक्षों के बीच मध्यस्थता विफल होने पर पुलिस आयुक्त के आदेश पर थाना सेक्टर-24 पुलिस ने पति, सास और ससुर के खिलाफ केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

# टावरों से कीमती उपकरण चुराने वाले दो चोर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** थाना सेक्टर-113 क्षेत्र के सेक्टर-72 में लगे मोबाइल फोन के टावर से अज्ञात बदमाशों ने कीमती उपकरण चोरी कर लिया था। इस मामले में शैलेंद्र सिंह पुत्र शिव रतन सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि सेक्टर-72 में उनकी कंपनी का मोबाइल फोन का टावर लगा है। पीड़ित के अनुसार 18 अप्रैल की रात को उनके पास फोन आया कि साइट पर शटल डाउन है। सूचना पर वह नाईट सिक्योरिटी टीम के साथ मौके पर पहुंचे तो उन्होंने पाया कि वहां से अज्ञात बदमाशों ने दो कीमती उपकरण आरआरयू और अन्य सहायक उपकरण चोरी कर लिया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक कृष्ण गोपाल शर्मा ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही पुलिस ने आज लोकल इंटेलिजेंस एवं गोपनीय सूचना के आधार पर



कार्रवाई करते हुए टावर से आरआरयू यूनिट चोरी करने वाले 2 अभियुक्त

अखिल कुमार पुत्र सतीश कुमार तथा मोहित पुत्र किशन को ग्राम सर्फाबाद से मुखिया मार्केट की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि अभियुक्तों के कब्जे से चोरी के 2 आरआरयू मशीन व अन्य सामान बरामद हुआ है।बता दें कि आये दिन नोएडा-ग्रेटर नोएडा में लगे मोबाइल टावरों में लगे आरआरयू (रिमोट रेडियो यूनिट) व अन्य उपकरणों की लगातार चोरी हो रही है। आरआरयू मोबाइल को नेटवर्क प्रदान करता है।

जो मोबाइल फोन को कॉल या संदेश भेजने में सक्षम है। अगर मोबाइल टावर में लगे आरआरयू चोरी हो जाता है तो आसपास में सिग्नल यूनिट डाउन हो जाती है और नेटवर्क प्रभावित होता है। इससे उपभेक्ताओं को फोन के नेटवर्क के लिए काफी परेशानियों को सामना करना पड़ता है।

## एक नजर

### प्रधानमंत्री इंटर्नशिप में विद्यार्थियों का पंजीकरण कराया

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के बारे में जानकारी और पंजीकरण कराया गया। करियर काउंसलिंग सेल व मेंटरिंग प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्र - छात्राओं को लाभ, पंजीकरण प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम का आयोजन प्रो शैली श्रीवास्तव व डॉ शालिनी सोनी ने किया। इस मौके पर डॉ अनीता कुमारी, डॉ कविता चौधरी, डॉ सूक्ष्म रानी अनेजा उपस्थित रहे।

### खेरली नहर के पास ट्रैक्टर से टकराई कार, ड्राइवर की मौत

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर में एक दर्दनाक सड़क हादसे में कार चालक की मौत हो गई। घटना शुक्रवार को सरकपुर गांव के पास खेरली नहर पर हुई।

राजपुर कला गांव के रहने वाले 27 वर्षीय भूदेव किराए पर कार चलाते थे। वह शुक्रवार को एक यात्री को लेकर बुलंदशहर गए थे। वापसी में ककोड़ से लौटते समय सरकपुर गांव के पास एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनकी कार को टक्कर मार दी।हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। गंभीर रूप से घायल भूदेव को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।मृतक के भाई अजय कुमार ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ दनकौर कोतवाली में मामला दर्ज कराया है। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी की पहचान कर जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

### स्कूली छात्राओं को दी सुरक्षा की जानकारी

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा में चल रहे अग्निशमन सप्ताह के दौरान एसडी कन्या इंटर कॉलेज बिलासपुर में छात्राओं को आग से सुरक्षा के गुर सिखाए गए। सीएफओ नोएडा प्रदीप कुमार चौबे के निर्देशन में यह जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

ईकोटेक प्रथम के अग्निशमन अधिकारी जितेंद्र कुमार ने शनिवार को स्कूल में विशेष प्रशिक्षण दिया। उन्होंने छात्राओं को आग के विभिन्न प्रकार और उनसे बचाव के उपाय बताए। साथ ही गैस सिलेंडर में लगी आग को बुझाने की विधियों की जानकारी भी दी। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं के सवालों का जवाब भी दिया गया। स्कूल प्रबंधन और छात्राओं को अग्निशमन यंत्रों के संचालन का प्रशिक्षण भी दिया गया। जितेंद्र कुमार ने बताया कि बढ़ते तापमान के कारण आग की घटनाएं बढ़ जाती हैं, इसलिए विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम विभाग द्वारा ग्रेटर नोएडा के विभिन्न क्षेत्रों में चलाए जा रहे जागरूकता अभियान का हिस्सा है।

### पड़ोसी ने छत से भारी वस्तु फेंककर युवक को घायल किया

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** मामूरा गांव में कहासुनी में युवक को पड़ोसी ने छत से भारी वस्तु फेंककर घायल कर दिया। युवक के भाई ने थाना फेज-तीन में जानबूझकर पहुंचाने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। मामूरा गांव के गली नंबर एक में सुंदर परिवार संग रहते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि पड़ोसी अनिल कुमार से किसी बात को लेकर विवाद चल रहा है। 30 मार्च की दोपहर उनका भाई अजय गली में बैठा हुआ था। अनिल ने अजय से कहासुनी की। फिर छत पर जाकर कोई भारी वस्तु अजय के ऊपर पर फेंककर मारी। अजय घायल होकर सड़क पर गिर गया। इससे मौके पर भीड़ एकत्रित हो गई। सुंदर और स्थानीय लोगों ने मिलकर अजय को नजदीक के अस्पताल पहुंचाया। सुंदर ने भाई का उपचार कराने के बाद थाना पुलिस को शिकायत दी। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच कराई जा रही है।

### दंगा कंट्रोल करने के लिए पुलिस की कवायद

**नोएडा( शाह टाइम्स )।** गौतमबुद्धनगर पुलिस ने सूरजपुर पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड में विशेष बलवा ड्रिल का आयोजन किया। इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य दंगों जैसी स्थिति में पुलिस की तत्काल कार्रवाई को मजबूत करना था। पुलिस आयुक्त की देखरेख में जिले के सभी थानों के अधिकारी और जवान शामिल हुए। मैदान में बनाए गए विशेष सेटअप में पुलिस टीमों ने दंगाइयों को काबू करने का अभ्यास किया। भीड़ को तितर-बितर करने और घायलों को बचाने के लिए मॉक ड्रिल की गई।पुलिसकर्मियों को सुरक्षा उपकरणों का प्रशिक्षण दिया गया। इनमें हेलमेट, बॉडी प्रोटेक्टर और केन शील्ड शामिल थे। साथ ही लाठी, गैस ग्रेनेड, चिली बम और वॉटर कैनन जैसे हथियारों के इस्तेमाल की जानकारी दी गई।अभ्यास में कई टीमों ने एक साथ काम किया। फायर यूनिट, मेडिकल टीम और लाठी पार्टी ने अपनी-अपनी भूमिका निभाई।

# खेल परिसर में जल निकासी के बेहतर इंतजाम होंगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** शहीद विजय सिंह पथिक खेल परिसर में जल निकासी के बेहतर इंतजाम होंगे। इसके लिए आरसीसी ड्रेन और पुलिया का निर्माण किया जाएगा। क्रिकेट स्टेडियम के आंतरिक हिस्से में नाली के ऊपर स्टील के कवर लगाए जाएंगे। इससे संबंधित प्रस्ताव तैयार किया गया है।

शहीद विजय सिंह पथिक खेल परिसर 38 एकड़ में फैला है। मौजूदा समय में यहां जल निकासी की व्यवस्था बेहतर नहीं है। पूरे खेल परिसर का पानी जेपी ग्रीन्स गोल्फ कोर्स के कावेरी गेट की तरफ निकलता है। पास में स्थित नवादा गांव का पानी भी आता है। ऐसे में वर्षों पहले निर्मित ईंट की ड्रेन खराब हो चुकी है। इसकी वजह से जल निकासी में दिक्कत हो रही है। बीते साल सितंबर में अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच क्रिकेट मैच के दौरान बारिश होने पर मैदान में पानी जमा हो गया था। इससे ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किरकिरी हुई थी। इसे देखते हुए जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त किए जाने की तैयारी चल रही है। अधिकारी ने बताया कि विकास कार्य को लेकर प्रस्ताव तैयार किया गया है। इसके मुताबिक ईंट की जगह पर आरसीसी ड्रेन का निर्माण किया जाएगा। ड्रेन को जेपी ग्रीन्स गोल्फ कोर्स के कावेरी गेट के साथ वाईएमसीए बिल्डिंग की तरफ स्थित बड़े नाले से जोड़ा जाएगा। अभी एक ही डिस्चार्ज प्वाइंट है, जिसकी वजह से पानी निकलने में समय लगता है। दूसरे ईंट की ड्रेन में पेड़ों की जड़ और मिट्टी जमा होने से भी दिक्कत हो रही है। आपात स्थिति से निपटने के लिए पंप सेट की भी व्यवस्था होगी। बाहरी हिस्से में पुलिया निर्माण किए जाने की योजना है।

**चार गेटों को संवारा जाएगा:** खेल परिसर के चारों गेटों को नए सिरे से संवारने का काम किया जाएगा, ताकि यहां आने वाले खिलाड़ियों और दर्शकों को अच्छी अनुभूति हो सके। खेल की थीम पर सौंदर्यीकरण किया जाएगा।

**खेल परिसर को उत्कृष्टता केंद्र बनाने की तैयारी:** इस खेल परिसर को सेंटर फॉर एक्सीलेंस ( उत्कृष्टता केंद्र) बनाने की तैयारी चल रही है। इसके लिए रुचि की अभिव्यक्ति (आरएफपी) जारी करने पर प्राधिकरण बोर्ड ने मुहर लगा दी है। यहां लॉन टेनिस, बॉस्केट बॉल, बैडमिंटन, स्केटिंग, फुटबॉल, क्रिकेट और मल्टी जिम आदि खेलों की सुविधाएं उपलब्ध हैं। वर्तमान समय में सिर्फ सदस्यों के लिए निर्धारित शुल्क के भुगतान पर खेल सुविधाओं का उपयोग करने का प्रावधान है। खेल एकेडमी न होने के कारण सदस्यों और आमजन को खेलों का लाभ नहीं मिल पा रहा।

# पति की हत्या मामले में आरोपी पत्नी की सुनवाई टली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में प्रेमी संग मिलकर पति की हत्या करने वाली महिला की जमानत पर सुनवाई टल गई। अपर सत्र न्यायाधीश, त्वरित न्यायालय द्वितीय में सुनवाई होनी थी, लेकिन जरूरी दस्तावेज नहीं आने से यह सुनवाई टली है। अब जमानत पर मामले की अगली सुनवाई सोमवार को होगी। कासना के बिरोंडा गांव में महेश कुमार की शौचालय की छत पर कैंची से वार कर हत्या की गई थी। महेश शौचालय की देखरेख का कार्य करता था और अपनी पत्नी पूजा के साथ उसी परिसर में रहता था। मृतक के परिजनों ने शक जताया कि उसकी पत्नी पूजा ने अपने साथी प्रहलाद के साथ मिलकर उसकी हत्या की है। पुलिस ने जांच के दौरान प्रहलाद को पूजा के साथ गिरफ्तार किया गया। प्रहलाद के पास से हत्या में प्रयुक्त कैंची भी बरामद हुई थी। वहीं, मृतक के बच्चों ने अपने बयानों में कहा कि उनके पिता की हत्या प्रहलाद ने कैंची से की थी।

**कृष्णा हॉस्पिटल प्रबंधक की जमानत खारिज:** अपर सत्र न्यायाधीश, त्वरित न्यायालय द्वितीय की अदालत ने कृष्णा हॉस्पिटल दादरी में इलाज के दौरान गर्भवती महिला और नवजात की मौत के मामले में आरोपी अस्पताल प्रबंधनक डॉ. राजीव की जमानत याचिका खारिज कर दी है। अदालत ने आरोपी की भूमिका को देखते हुए यह आदेश दिया। बता दे कि कोमल को 2 जनवरी 2025 को कृष्णा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान चिकित्सकीय लापरवाही बरती गई थी।

# पर्स छीनकर भाग रहे बदमाश को युवती ने दबोचा

**नोएडा।** सेक्टर-36 में मंगलवार को बाइक सवार बदमाशों ने युवती का पर्स छीन लिया। युवती और उसके भाई ने राहगीरों की मदद से एक बदमाश को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। दूसरा बदमाश बाइक लेकर फरार हो गया।

सदरपुर कॉलोनी में रह रहीं दुर्गा विश्वास ने पुलिस को बताया कि वह मूलरूप से झारखंड के साहिबगंज की रहने वाली हैं। दुर्गा मंगलवार को अपने भाई जीशु विश्वास के साथ पैदल गोल्फ कोर्स से अपने घर की तरफ जा रही थीं। सेक्टर-36 के गेट नंबर एक के पास बगल से निकले बाइक सवार बदमाशों ने दुर्गा का पर्स छीन लिया। बैग में नकदी, पैन कार्ड और कुछ जरूरी दस्तावेज थे। वारदात होते ही युवती ने शोर मचाते हुए बदमाशों का पीछा किया।

# नोएडा में पोषण शपथ दीवार पर डीएम ने किया हस्ताक्षर

■ महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** मां और बच्चे के संपूर्ण विकास के लिए संतुलित आहार, स्वच्छता और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व के प्रति जागरूक करने के लिए जनपद गौतमबुद्ध नगर में पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। 22 अप्रैल तक आयोजित होने वाले पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करते हुए जन सामान्य को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में आज (शनिवार) जेवर तहसील में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा पोषण प्रदर्शनी स्टॉल लगाया



गया। इस अवसर पर जिला अधिकारी मनीष कुमार वर्मा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा पोषण शपथ दीवार पर हस्ताक्षर कर पोषण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए जन सामान्य को प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जनता को संतुलित आहार, पोषण एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना रहा।दादरी तहसील में भी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा पोषण स्टॉल लगाया गया।

जिसमें अपर जिलाधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे एवं उप जिलाधिकारी दादरी अनुज नेहरा ने तहसील एवं ब्लॉक स्तर के समस्त अधिकारियों के साथ पोषण शपथ दीवार पर हस्ताक्षर किए। साथ ही अपर जिलाधिकारी प्रशासन द्वारा दादरी में पोषण रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया गया।जिला कार्यक्रम अधिकारी पूनम तिवारी ने बताया कि रैली के दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने पोषण के महत्व, संतुलित आहार, स्तनपान, एनीमिया मुक्त भारत और बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं की देखभाल से संबंधित नारों और पोस्टरों के माध्यम से संदेश दिया। रैली विभिन्न मोहल्लों एवं प्रमुख स्थानों से होकर गुजरी, जिसमें स्थानीय लोगों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसके अलावा बाल विकास परियोजना अधिकारियों द्वारा पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत मां और बच्चे के संपूर्ण विकास के लिए संतुलित आहार, स्वच्छता और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व के संबंध में व्यापक स्तर पर जागरूक करते हुए गांव व शहरों में स्थलीय निरीक्षण भी किया जा रहा है।

# 21वें फ्लोर से कूदकर युवती ने किया सुसाइड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-100 स्थित लोट्स बुलेवर्ड सोसाइटी में रहने वाली एक युवती ने शनिवार बिल्डिंग से कूदकर जान दे दी। युवती ने जब सुसाइड किया उस समय वह घर पर अकेली थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। युवती की पहचान 21 वर्षीय उन्नति के रूप में हुई है।

मूल रूप से उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले की रहने वाली उन्नति वर्तमान में नोएडा सेक्टर 100 की लोटस बुलेवर्ड सोसाइटी में टावर नंबर 12 के फ्लैट नंबर 2101 में रह रही थी। शनिवार सुबह युवती ने अपने फ्लैट की बालकनी से नीचे छलांग लगा दी। इसके चलते उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सोसाइटी के गार्ड ने तुरंत इसकी जानकारी पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस युवती के परिजनों और आसपास के फ्लैटों में रहने वाले लोगों से जानकारी जुटाकर मामले की जांच कर रही है। हालांकि, प्राथमिक जांच में अब तक कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।पुलिस ने बताया कि युवती किसी बात को लेकर परेशान थी। उसने लोटस बुलेवर्ड सोसाइटी के एक टावर के 12वें फ्लोर से कूदकर सुसाइड कर लिया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। पुलिस ने परिजनों को जानकारी देकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पूरे मामले की जांच थाना सेक्टर-39 पुलिस कर रही है।

# बैग लेकर स्कूटी सवार बदमाश फरार

**नोएडा।** सेक्टर-18 मेट्रो स्टेशन के नीचे शुक्रवार सुबह नौ बजे के करीब स्कूटी सवार बदमाश एक दुकानदार का सिगरेट से भरा बैग लेकर फरार हो गए। सेक्टर-20 थाने में दी शिकायत में अट्टा निवासी बच्चू साहनी ने बताया कि वह सेक्टर-18 मेट्रो स्टेशन के नीचे सिगरेट और पान मसाला बेचता है। शुक्रवार सुबह नौ बजे के करीब एक स्कूटी पर सवार होकर दो युवक आए और शिकायतकर्ता से सिगरेट मांगी। दुकानदार ने बैग से सिगरेट निकालकर दी और दस रुपये मांगे। स्कूटी सवार युवक ने दस के बदले बीस का नोट दिया और बाकी के पैसे वापस मांगे। शिकायतकर्ता के पास खुले पैसे नहीं थे ऐसे में वह बगल दुकान से खुल्ला लेने चला गया। सिगरेट और पान मसाले से भरा बैग बच्चू ने स्कूटी सवार युवकों के पास ही छोड़ दिया। मौका पाते ही स्कूटी सवार बदमाश बैग लेकर फरार हो गए।

# संपूर्ण समाधान दिवस में 94 शिकायतें हुईं दर्ज

## आठ शिकायतों का विभागीय अधिकारियों के माध्यम से मौके पर कराया गया निराकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** जन सामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का त्वरित गति के साथ निस्तारण कराने के उद्देश्य से आज जनपद की तीनों तहसीलों में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ। जनपद की तीनों तहसीलों में कुल 94 शिकायतें दर्ज हुई, जिसके सापेक्ष 08 शिकायतों का निराकरण विभागीय अधिकारियों के द्वारा मौके पर ही सुनिश्चित किया गया।

जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा तहसील जेवर में संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता की गई। आयोजित तहसील संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिला अधिकारी द्वारा जन सामान्य की शिकायतों का अनुश्रवण किया गया एवं जन सामान्य के द्वारा कुल 20 शिकायतें विभिन्न विभागों से संबंधित दर्ज कराई गई, जिसके सापेक्ष विभागीय अधिकारियों के माध्यम से 01 शिकायत का



निराकरण मौके पर ही सुनिश्चित किया गया।

इस अवसर पर जिला अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनता की शिकायतों एवं समस्याओं के निराकरण को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार एवं शासन गंभीर है। उन्होंने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में जिन विभागों से संबंधित जनता की शिकायतें दर्ज हो रही हैं। सभी संबंधित अधिकारीगण गंभीरता के साथ तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें और मौके पर जाकर संबंधी शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित कराएं ताकि संबंधित पोर्टल पर शिकायतों को ऑनलाइन किया जा सके।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नरेंद्र कुमार, उप जिलाधिकारी जेवर अभय कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी शिव प्रताप परमेश, नायब तहसीलदार जेवर एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

इसी प्रकार दादरी तहसील में अपर जिलाधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे की अध्यक्षता में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ, यहां पर जनता के द्वारा कुल 71 शिकायतें विभिन्न विभागों से संबंधित दर्ज कराई गई, जिसके सापेक्ष 06 शिकायतों का निस्तारण अधिकारियों के माध्यम से मौके पर सुनिश्चित कराया गया।

सदर तहसील में अपर जिला अधिकारी भू0/अ0 बच्चू सिंह की अध्यक्षता में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ, जहां पर कुल 03 शिकायतें जनता के द्वारा दर्ज कराई गई, जिसके सापेक्ष 01 शिकायत का निस्तारण अधिकारियों के माध्यम से मौके पर सुनिश्चित कराया गया।

**कार्यालय पुलिस उप महानिरीक्षक,**
**ग्रुप केन्द्र के0रि0पु0बल, दादरी रोड, ग्रेटर नोएडा-201306**

संख्या-एफ-चार-01/2025-26-मोन्टेसरी स्कूल दिनांक: 17/04/2025

**विज्ञापन**

यह सूचित किया जाता है कि ग्रुप केन्द्र, के0रि0पु0बल, दादरी रोड, ग्रेटर नोएडा-201306 के मोन्टेसरी स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु कक्षा नर्सरी, एल.के.जी व यू.के.जी के लिए अस्थायी तौर पर विशुद्ध रुप से अनुबंधात्मक आधार पर सिर्फ तिथि 01/07/2025 से 31/05/2026 तक के लिए महिला मुख्याध्यापिका, महिला अध्यापिका एवं महिला आया के पदों हेतु पात्र भारतीय नागरिकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं:-

| क्र.स. | पद | संख्या | मानदेय प्रतिमाह | आयु | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | मुख्याध्यापिका | 01 | रु0 15,000/- | 30-40 वर्ष | कम से कम 50 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक तथा बी.एड या प्रारंभिक शिक्षा में द्विवर्षीय डिप्लोमा या बी.टी.सी. या समकक्ष तथा बेसिक स्कूल में पाँच वर्ष का अध्यापन अनुभव। |
| 02 | अध्यापिका | 04 | रु0 12,500/- | 21-40 वर्ष | कम से कम 50 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक तथा बी.एड या प्रारंभिक शिक्षा में द्विवर्षीय डिप्लोमा या बी.टी.सी. या समकक्ष । |
| 03 | आया | 04 | रु0 10,000/- (दो पद क्रैच के लिए शामिल है) | 18-30 वर्ष | पांचवीं कक्षा या हिन्दी के साथ समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण। |

**नोट:-** छात्रों के नामांकन के आधार पर किसी भी समय उपर्युक्त पदों की संख्या घटाई एवं बढ़ाई जा सकती है।

**02. आवेदन पत्र/आवेदन करने का तरीका:** (अ) आवेदन पत्र निम्नलिखित प्रारुप में जमा करना होगा (1) आवेदक का नाम/चस्पा फोटो (2) आवेदक के पिता/पति का नाम (3) पद जिसके लिए आवेदन किया जाना है (4) आवेदक का स्थाई पता (5) आवेदक का वर्तमान पत्राचार का पता एवं मोबाईल नम्बर (6) आवेदक की नागरिकता (7) आवेदक की जन्मतिथि (8) आवेदक की जाति (9) आवेदक की शिक्षा (10) आवेदक का नर्सरी, एल.के.जी एवं यू.के.जी का शैक्षणिक अनुभव (11) अन्य कोई जानकारी (12) आवेदक के हस्ताक्षर **(ब) आवेदन करने का तरीका:** उक्त पदों पर नियुक्ति के लिए इच्छुक उम्मीदवार आपने आवेदन दिनांक 03/05/2025 तक 1600 बजे तक पुलिस उपमहानिरीक्षक, ग्रुप केन्द्र, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, दादरी रोड, ग्रेटर नोएडा-201306 पर भेजे। आवेदन प्रस्तुत करने वाले उम्मीदवारों को दिनांक 09/05/2025 को 10:00 बजे ग्रुप केन्द्र, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, दादरी रोड, ग्रेटर नोएडा-201306 में साक्षात्कार के लिए उपस्थित होना होगा। **नोट:-** विस्तृत विज्ञापन के.रि.पु.बल की वेबसाईट www.crpf.gov.in पर देखी अथवा कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

पुलिस उप महानिरीक्षक
ग्रुप केन्द्र के.रि.पु.बल, ग्रेटर नोएडा।

# मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, परिवार में शोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड।** एक 26 वर्षीय मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। मृतक की पहचान जनपद संभल के थाना बहजोई क्षेत्र के गांव जेरोई निवासी नन्हे के रूप में हुई है।

शुक्रवार को काम के बाद नन्हे ने अपने साथियों के साथ शराब पी। साथी उसे बेहोश हालत में कस्तला कासमबाद गांव स्थित उसके कमरे में छोड़कर चले गए। शनिवार सुबह जब साथी कमरे में आए तो नन्हे का शव मिला। मृतक के शरीर पर चोट के निशान मिले हैं। परिजनों का आरोप है कि पिटाई करके नन्हे की हत्या की गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। मृतक के बहनोई घनश्याम ने बताया कि नन्हे शुक्रवार को बदनौली गांव में मजदूरी करने गया था। उन्होंने कहा कि यह सामान्य मौत नहीं बल्कि साजिश के तहत हत्या है। उन्होंने यह भी बताया कि नन्हे के दो भाई मोहर सिंह और भूरे सिंह की भी पहले संदिग्ध हालत में मौत हो चुकी है। सीओ अनिता चौहान के अनुसार मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। हत्या की पुष्टि होने पर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



## 141 लोगों का टीकाकरण, मदरसा जामिया अरबिया में हज के अरकान की दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड।** हज यात्रा 2025 की तैयारियां शुरू हो गई हैं। बुलंदशहर रोड स्थित जामिया अरबिया खादिमुल इस्लाम में टीकाकरण और प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

जिले से इस बार 147 लोग हज यात्र पर जाएंगे। डा. योगेश गुप्ता के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 141 यात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। सभी को पोलियो की खुराक दी गई और आवश्यक टीके लगाए गए। मदरसा मुहतमिम मुफ्ती अब्दुल कदीम, शहर काजी मुफ्ती मकसूद आलम और नायब शहर काजी मौलाना असअद ने प्रशिक्षण दिया। उन्होंने हज के अरकान और महत्व के बारे में विस्तार से बताया। अनुभवी हज यात्रियों ने भी प्रशिक्षण में योगदान दिया। इनमें हाजी इस्माईल, हाजी फजलुर्रहमान, हाजी रिजवान, हाजी परवेज, हाजी नौशाद और शाहनवाज शामिल थे। कार्यक्रम में डा.जुल्फेकार, डा.राकेश, डा.शिवा अग्रवाल, शबनम और मुफ्ती आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने गुमशुदा बच्चे को सकुशल बरामद कर माता-पिता को लौटाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** हाफ़िज़पुर पुलिस ने गुमशुदा बच्चे को बरामद कर माता-पिता के चेहरे पर मुस्कान लोटाई है। शुक्रवार को हाफिजपुर थाना क्षेत्र के गांव महमूदपुर निवासी रोहित पुत्र विनोद द्वारा थाने पर सूचना दी कि उसका चार वर्षीय पुत्र मानव आपने दादा के साथ पड़ाव पर आया था। जो कहीं गायब हो गया है। इस सूचना पर तत्काल थाना प्रभारी हाफिजपुर आशीष पुंडीर द्वारा अथक प्रयास कर आसपास के सीसीटीवी कैमरे चेक कराए गए एवं संभावित स्थानों पर बच्चे की तलाश की गई। तो बच्चा एक किलोमीटर दूर रेलवे लाइन पर रोता हुआ मिला। थाना प्रभारी आशीष पुंडीर द्वारा बच्चे को अल्प समय में सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया गया। बच्चे को पाकर परिजनों द्वारा खुशी प्रकट करते हुए थाना प्रभारी की भूरि-भूरि प्रशंसा व सरहाना की गयी।



# घरेलू विवाद में पति ने अपनी पत्नी की गला दबाकर की हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला रफीकनगर में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। जहां पति-पत्नी के बीच हुए घरेलू विवाद ने इतना विकराल रूप ले लिया कि पति ने अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। इस हत्याकांड ने न केवल एक परिवार को तबाह कर दिया, बल्कि तीन मासूम बच्चों के सिर से मां का साया भी हमेशा के लिए छीन लिया। आरोपी पति ने स्वयं डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को हत्या की जानकारी दी, जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे हिरासत में ले लिया और मामले की जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार बुलंदशहर जनपद के बीबीनगर थाना क्षेत्र के गांव सैदपुर निवासी मृतका नाजरीन उर्फ नाजमा का विवाह करीब 14 साल पहले हापुड़ के मोहल्ला रफीक नगर निवासी राशिद के साथ हुआ था। राशिद जाली गेट बनाने का काम करता है और रफीकनगर में अपने परिवार के साथ रहता था। दंपति के तीन बच्चे हैं जिसमें समद, शिफा, और अयान है। बताया गया कि पति और पत्नी के बीच किसी घरेलू बात को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद शुरू हुआ। यह विवाद धीरे-धीरे इतना बढ़ गया कि राशिद ने गुस्से में आकर अपनी पत्नी नाजमा की गला दबाकर हत्या कर दी। हत्याकांड को अंजाम देने के बाद राशिद ने खुद डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस क्षेत्राधिकार जितेंद्र कुमार और कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीष प्रताप सिंह फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने तुरंत आरोपी पति को हिरासत में ले लिया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस क्षेत्राधिकार जितेंद्र कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। जिसके चलते राशिद ने गुस्से में आकर नाज़रीन की गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने मामले की गहन जांच शुरू कर दी है और मृतका के परिजनों को सूचित कर दिया गया है। परिजनों के मौके पर पहुंचने के बाद पुलिस ने उनकी शिकायत के आधार पर आगे की कार्रवाई शुरू करने की बात कही।



मृतका का फाइल फोटो

## भाकियू संघर्ष ने किया विरोध प्रदर्शन, 3 दिन में सड़क ठीक करने का आश्वासन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** गढ़-मेरठ रोड की खराब स्थिति के विरोध में भारतीय किसान यूनियन संघर्ष (अराजनैतिक) ने अनोखा प्रदर्शन किया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरनजीत सिंह गुर्जर के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता सड़क पर एकत्र हुए। किसानों ने सड़क पर बने गहरे गढों में पौधे लगाकर विरोध जताया।

प्रदर्शन के दौरान सड़क जाम कर दी गई। मौके पर पहुंचे एनएचएआई के अधिकारियों ने तीन दिन के भीतर सड़क की मरम्मत का आश्वासन दिया। स्थिति को देखते हुए एसडीएम साक्षी शर्मा और कोतवाली प्रभारी नीरज कुमार भी तुरंत मौके पर पहुंचे। प्रदर्शन में संगठन के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। अधिकारियों के आश्वासन के बाद प्रदर्शन समाप्त कर दिया गया।



## एक नजर

### जिला स्तरीय बैडमिंटन टूर्नामेंट प्रतियोगिता में आदित्य के प्रदर्शन ने दिल जीता



**मथुरा।** गणेशरा स्टेडियम में जिला ओलम्पिक संघ के द्वारा आयोजित जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आज समापन हुआ, जिसमें मथुरा जिले के 400 से ज़्यादा प्रतिभागियों ने भाग लिया, दो दिनों तक चले इस जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में राधावेली निवासी आदित्य शर्मा ने अपने खेल का शानदार प्रदर्शन करते हुए, प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया! प्रतियोगिता उनके शानदार प्रदर्शन करने पर उन्हें ट्राफी तथा सर्टिफिकेट आयोजकों के द्वारा दिया गया, उनके इस प्रदर्शन पर राधावेली निवासियों ने खुशी जाहिर की, आदित्य शर्मा मथुरा के द मिलेनियम स्कूल के छात्र हैं, तथा वो गौरीशंकर बैडमिंटन अकैडमी में अपनी तैयारी कर रहे हैं, पिछली साल भी उन्होंने अपने खेल का शानदार प्रदर्शन करते हुए वो नोएडा, आगरा में भी खेल चुके थे, अब उनका अगला कदम प्रदेश स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता पर है, आदित्य के पिता केडी मेडिकल कालेज में नर्सिंग उपअधीक्षक के पद पर कार्यरत हैं, उनका सपना अपने बच्चे को देश के लिए बैडमिंटन खेलते हुए देखने का है!

# सांसद गोविल ने किया उद्घाटन, 11 लाख घरों में रामायण पहुंचाने का संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड।** ग्राम हिमायूंपुर में नवनिर्मित पंचायत सचिवालय का उद्घाटन मेरठ-हापुड़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद अरुण गोविल ने किया। इस दौरान उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्यों का निरीक्षण भी किया। कार्यक्रम में ग्रामीण महिलाओं ने मंगल गीत और पुष्प वर्षा से सांसद का स्वागत किया।

सांसद गोविल ने इस पंचायत सचिवालय को ग्रामीण क्षेत्र का सबसे सुंदर भवन बताया। उन्होंने ग्राम प्रधान धीरज सिरोही के विकास कार्यों की सराहना की। साथ ही आगे भी हर जरूरी काम में सहयोग का आश्वासन दिया। घर-घर रामायण अभियान के तहत सांसद ने ग्रामीणों को रामायण की प्रतियां बांटीं। उन्होंने कहा कि रामायण केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि एक जीवन दर्शन है। यह सद्भावना और भाईचारे का पाठ पढ़ाती है। उन्होंने श्रीराम द्वारा शत्रु रावण से शिव पूजन में सहायता मांगने का प्रसंग सुनाया। गोविल ने बताया कि उनका लक्ष्य 5 वर्षों में 11 लाख घरों तक रामायण पहुंचाना है। उनका मानना है कि हर घर में रामायण होनी चाहिए। रोज इसका कुछ पाठ करने से नैतिकता और सामाजिक कर्तव्यों का ज्ञान मिलता है। कार्यक्रम में ग्रामवासियों ने सांसद के इस प्रयास की सराहना की। इस अवसर पर सीडीओ हिमांशु गौतम, जिला महामंत्री मोहन सिंह, जिला कोषाध्यक्ष कपिल एसएम, मंडल अध्यक्ष कपिल सिंघल, ग्राम प्रधान धीरज सिरोही, सिपटर सिंह, दिनेश शर्मा, रॉबिन गुर्जर, राजेंद्र सिंह, अमित कुमार शर्मा, मुदित गोयल, कुणाल चौधरी, प्रमोद जिंदल, भूपेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।



# 6 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा, उत्पीड़न रोकने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धौलाना।** मसूरी-गुलावठी रोड औद्योगिक क्षेत्र के उद्यमियों ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और मुख्य सचिव से मुलाकात की। एमजीआर इंडस्ट्रिलिस्ट वेलकेयर एसोसिएशन ने छह सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक शर्मा ने फैक्टरियों के संचालन में आ रही दिक्कतों से अवगत कराया। सचिव धीरज तोमर ने बताया कि मुख्य मांगों में श्रमिकों के लिए ईएसआईसी अस्पताल की स्थापना शामिल है। उद्यमियों ने सेटबैक नीतियों में बदलाव की मांग की है। साथ ही यूपीसीडा द्वारा कम्पलीशन सर्टिफिकेट की अचानक मांग और सब-लेटिंग की समस्या को दूर करने के लिए तत्काल आदेश की मांग की गई। ग्राउंड वाटर एनओसी से जुड़ी कचरा पानी की निकासी का मुद्दा भी उठाया गया। उद्यमियों ने औद्योगिक प्रोजेक्ट्स की स्वीकृति में आ रही देरी पर भी चिंता जताई। उन्होंने मांग की कि भूमि की रजिस्ट्री के समय ही धारा-80 का शुल्क लेकर उद्योग लगाने की अनुमति दी जाए। संगठन के संस्थापक ऐक गुप्ता के अनुसार, मुख्यमंत्री ने उद्यमियों की समस्याएं सुनने के बाद मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह से वार्ता कराई। उद्यमियों ने समस्याओं के समाधान के लिए एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति की मांग भी की। बैठक में सुदीप चौधरी और संयुक्त सचिव कपिल गर्ग भी मौजूद रहे।



## कृष्णा ने जेईई मेन में प्राप्त की ऑल इंडिया 48 और नितिन को 962 रैंक




**मथुरा।** भारत में परीक्षा की तैयारी के क्षेत्र में अग्रणी संस्था आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने ज्वाइंट एंट्रेंस एग्जामिनेशन (जेईई) मेन 2025 (सेशन 2) में अपने छात्रों की उत्कृष्ट उपलब्धियों की घोषणा की है। अकादमिक उत्कृष्टता के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए, मथुरा के दो छात्रों ने ऑल इंडिया टॉप 1000 में अपनी जगह बनाई है।

आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के रीजनल डायरेक्टर डी. के. मिश्रा ने छात्रों को उनकी उपलब्धियों पर बधाई दी और कहा, ''हमें जेईई मेन 2025 में हमारे छात्रों की उपलब्धियों पर गर्व है। उनकी कड़ी मेहनत और लगन, साथ ही सही मार्गदर्शन ने इन शानदार नतीजों को संभव बनाया है। आकाश में हम गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं जिससे छात्र अपनी पूरी क्षमता तक पहुंच सकें। सभी सफल छात्रों को बधाई और उनके आगे के सफर के लिए शुभकामनाएं।'' कृष्णा ने 99.99 परसेंटाइल के साथ ऑल इंडिया रैंक 48 और नितिन ने 99.94 परसेंटाइल के साथ रैंक 962 प्राप्त की है। अन्य प्रमुख स्कोरर्स में दैविक ने 99.92 परसेंटाइल के साथ एआईआर 1262, प्रणय ने 99.76 परसेंटाइल के साथ एआईआर 3756, गौरव ने 99.76 परसेंटाइल के साथ एआईआर 3795, कृष्णकांत ने 99.63 परसेंटाइल के साथ एआईआर 5717 और चंदन ने 99.33 परसेंटाइल के साथ एआईआर 10326 हासिल की है। ये नतीजे छात्रों की मेहनत, समर्पण और शैक्षणिक उत्कृष्टता को दर्शाते हैं, विशेषकर भारत की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक में। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने आज इस वर्ष के दूसरे और अंतिम जेईई सेशन के परिणाम घोषित किए हैं।

इनमें से अधिकांश छात्र आकाश के क्लासरूम प्रोग्राम में दाखिल थे, जिसका उद्देश्य दुनिया की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक मानी जाने वाली आईआईटी जेईई को क्रैक करना है। जेईई मेन परीक्षा दो सत्रों में आयोजित की जाती है, जिससे छात्रों को अपने स्कोर बेहतर करने के कई मौके मिलते हैं। जहाँ जेईई एडवांस्ड विशेष रूप से प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) में प्रवेश के लिए होता है, वहीं जेईई मेन राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (एनआईटी) और भारत के अन्य केंद्रीय सहायता प्राप्त इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश का द्वार है। जेईई एडवांस्ड में बैठने के लिए जेईई मेन में भाग लेना आवश्यक होता है। एईएसएल को मेडिकल (एनईईटी) और इंजीनियरिंग (जेईई) जैसी उच्च स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं के साथ-साथ एनटीएसई और ओलंपियाड्स की तैयारी के लिए प्रभावी और व्यापक कार्यक्रम प्रदान करने के लिए जाना जाता है। संस्थान का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण टेस्ट प्रिपरेशन सेवाएं उपलब्ध कराकर छात्रों को उनकी पूर्ण क्षमता प्राप्त करने और उनके अकादमिक लक्ष्यों को हासिल करने में मदद करना है।

## उत्कृष्ठ कार्य करने वालों को किया जाएगा सम्मानित

**मुरादाबाद।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि खादी एवं ग्रामोद्योग पुरस्कार योजनान्तर्गत न्यूनतम **03** वर्ष पुरानी निरन्तर कार्यरत/स्थापित उत्कृष्ठ कार्य करने वाली इकाईयो/उद्यमियों को मण्डल स्तर पर पुरस्कार दिए जाने की योजना है। बोर्ड द्वारा वित्तीय वर्ष **2025-26** में उद्यमियो/इकाईयो की चयनित सूची चाही गयी है। अतः जनपद मुरादाबाद में विभागीय योजनाओ (प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना) के अन्तर्गत स्थापित इकाईयो से पुरस्कार हेतु 26 अप्रैल 25 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए है। प्राप्त आवेदन पत्रो को कम पूंजी निवेश पर अधिक रोजगार सृजन के आधार पर चयन समिति द्वारा चयन किया जायेगा।

# फार्म हाउस में चोरी का प्रयास करने आए बदमाशों ने गार्ड की काटी जीभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड।** पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। गांव सिखैड़ा में स्थित एक निर्माणाधीन फार्म हाउस में चोरी का प्रयास करने आए बदमाशों ने गार्ड की जीभ काट दी।

घटना 18 अप्रैल की रात करीब 9:30 बजे की है। पीड़ित गार्ड पप्पू (50) के बेटे भीम ने बताया कि एक गांव का रहने वाला व्यक्ति तीन अज्ञात लोगों के साथ फार्म हाउस की दीवार फांदकर अंदर घुस गया। चोरी का प्रयास कर रहे बदमाशों को जब पप्पू ने देख लिया तो उन्होंने शोर मचाया। बदमाशों ने पहले पप्पू को जान से मारने की धमकी दी। जब गार्ड ने फिर भी आवाज लगाई तो उन्होंने धारदार हथियार से हमला कर दिया।

इतना ही नहीं, सभी बदमाशों ने मिलकर पप्पू की जीभ भी काट दी। आसपास के लोगों के पहुंचने की आवाज सुनकर सभी बदमाश दीवार फांदकर फरार हो गए। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि मामले में एक संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पीड़ित के बेटे की शिकायत पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।



# भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर अवकाश की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोसीकलां।** ब्राह्मण सभा कोसी की एक बैठक सभा के अध्यक्ष के आवास पर हुई जिसमें सभी ने एक जुट होकर प्रदेश सरकार से भगवान विष्णु के छठे अवतार महर्षि भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग उठाई है। ब्राह्मण सभा कोसी अध्यक्ष सत्य प्रकाश शर्मा ने कहा है कि भगवान विष्णु के छठे अवतार महर्षि भगवान परशुराम समस्त दिव्यास्त्रों के संचालन, योग, वेद, नीति व तंत्र क्रम में निश्चयात्मक के रूप में जाने जाते हैं।

बिहारी शरण शर्मा ने कहा की महर्षि परशुराम ने द्वापर युग में महाभारत के भीष्म, द्रोणाचार्य कारण जैसे महारथियों को युद्ध विद्या में पारंगत किया था। वे अनेक कलाओं में पारंगत थे। वैशाख मास की शुक्ल पक्ष की तृतीय तिथि को पुनर्वसु नक्षत्र में जन्मे शिव भक्त, भृगुकुल शिरोमणि, महर्षि परशुराम का अवतरण समाज के लिए एक प्रेरणा स्त्रोत है। समाज को शास्त्र और शास्त्र के समन्वय, ऋषियों के ओज का अद्भुत संगम है। कहा कि जैसे अन्य पर्वों पर अवकाश दिए जाते हैं जिनका भी हम सभी विप्र बंधु स्वागत करते हैं। इसी क्रम में महर्षि भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर प्रदेश सरकार द्वारा सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाए। बैठक में कपिल शर्मा विजय शर्मा वेद राम शर्मा गिरधारी महाराज देवेश त्यागी आदि दर्जनों लोग मौजूद रहे

# बार एसोसिएशन ने किया नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन



**मथुरा।** समाज के सजग प्रहरी अधिवक्ताओं के नेत्र स्वास्थ्य की चिंता करते हुए बार एसोसिएशन, मथुरा के सौजन्य से कल्याणं करोति नेत्र संस्थान, गोवर्धन रोड द्वारा बोहरे कन्हैया लाल सभागार, मथुरा में दो दिवसीय निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं जाँच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर न केवल चिकित्सा सेवा का माध्यम बना, बल्कि मानवीय संवेदना और सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रेरणादायक उदाहरण भी सिद्ध हुआ। शिविर का शुभारंभ जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश श्री अशीष गर्ग द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

उन्होंने अपने उद्बोधन में कल्याणं करोति की सेवाभावी सोच की सराहना करते हुए अधिवक्ताओं के स्वास्थ्य हेतु यह पहल अत्यंत सराहनीय बताया। एडवोकेट नन्दकिशोर उपमन्यु ने कल्याणं करोति की 43 वर्षों की सेवा यात्रा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि संस्था वर्षों से नेत्रहीनों एवं दिव्यांगजनों के जीवन में आशा की किरण बनकर कार्य कर रही है।

# ग्रामीण युवाओं को मैदान पर अपनी प्रतिभा दिखानी होगी: लक्ष्मी नारायण

**कोसीकलां।** गांव कोटवन में मिनी ग्रामीण स्टेडियम का निर्माण कार्य का शुभारम्भ शनिवार को कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण, मंत्री प्रतिनिधि नरदेव चौधरी ने किया।

इसके लिए शासन ने करीब 7.45 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत की है।ग्रामीण स्टेडियम के लिए यहां ग्राम पंचायत कोटवन ने इसके लिए ग्राम सभा की 5.18 एकड़ भूमि प्रदान की है। ग्राम पंचायत के प्रस्ताव पर राजस्व विभाग ने राजस्व रिकॉर्ड में भूमि का हस्तांतरण भी युवा कल्याण विभाग के नाम करने के बाद शासन से 7.20 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। वहीं इसके लिए शासन ने 3.20 करोड़ रुपए की पहली किस्त भी जारी कर दी है। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री चौधरी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी खेल प्रतिभा निखारने और उनके शारीरिक व मानसिक विकास के लिए खेल. कूद गतिविधियां को बढ़ावा देने के लिए मिनी स्टेडियम सहायक साबित होगा। यह मिनी इनडोर स्टेडियम आधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा। इसमें मल्टीपरपज हॉल, 400 मीटर का रेसिंग ट्रैक, दर्शक दीर्घा, स्टोर, कार्यालय, बाउंड्रीवाल आदि के निर्माण होगा।



# गोकशों पर कहर बनकर टूटीं पुलिस

- चार गोकश गिरफ्तार, एक मुठभेड़ के बाद हुआ घायल
- बीते दिनों लावड़ क्षेत्र में दिया था गोकशी की घटना को अंजाम
- आरोपियों से तमंचा, कारतूस, बाइक के अलावा उपकरण बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** इंचौली थाने के नवनियुक्त प्रभारी नितिन कुमार पांडे क्षेत्र में गौकशो पर भारी पड़ते दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने इंचौली थाने का चार्ज लेते ही गौकशो की कमर तोड़ दी है उन्हें थाने में आए हुए अभी एक सप्ताह ही हुआ है और एक सप्ताह में आधा दर्जन से अधिक गौकशो को उन्होंने सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। अब पुलिस व स्वाट टीम की संयुक्त कार्रवाई में चार गौकशो को गिरफ्तार कर लिया गया जिसमें एक गौकश गोली लगने से घायल हो गया पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया।

इंचौली थाना प्रभारी नितिन कुमार पांडेय ने जानकारी देते हुए बताया कि मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई की थाना क्षेत्र में गोकशी की घटना को अंजाम देने वाले दो वांछित अभियुक्त अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में है जो सफेद रंग की वरना गाड़ी में आ रहे हैं जिसके बाद थाना प्रभारी मय पुलिस फोर्स के बताए हुए स्थान पर पहुंचे तभी मसूरी फ्लाई ओवर के नीचे से बल प्रयोग करते हुए तीन गौकशों को वरना गाड़ी सहित गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम परवेश उर्फ पप्पू पुत्र शफीक निवासी नई बस्ती थाना फलावदा व वसीम पुत्र इरफान व आकिब पुत्र राशिद निवासीगण एसबीआई के पास अगवानपुर थाना परीक्षितगढ़ बताए। कड़ी पूछताछ में तीनों ने बताया कि पूर्व में हुई गौकशी की घटना उन्होंने ही की थी और आज भी अपने साथी आकिब पुत्र नवाब निवासी रार्धना इनायतपुर के साथ मिलकर गौकशी की घटना करने वाले थे उन्होंने बताया कि कादिर इंचौली खरदौनी मार्ग से आ रहा है जिसके बाद थाना प्रभारी बताए हुए स्थान पर पहुंचे उन्होंने एक बाईक सवार को रुकने का इशारा किया तो वो कच्चे रास्ते पर मुड़ गया और उसकी बाईक फिसल गई जिसके बाद उसने पुलिस टीम पर फायरिंग की और भागने की कोशिश की जिसके बाद पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आकिब के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार करते हुए जिला चिकित्सालय भेजा और उसके कब्जे से एक तमंचा 12 बोर, दो जिंदा कारतूस, एक काले रंग की एक्स स्ट्रीम बाईक नम्बर यूपी 15 ई आर 0958, दो छुरे, एक दाव, एक कुल्हाड़ी बरामद की। गिरफ्तार गौकश के खिलाफ पूर्व में भी मुकदमे दर्ज हैं। गोकशों को गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना प्रभारी नितिन पांडेय के अलावा कांस्टेबल कामिल, हैड कांस्टेबल अजीत रावत, हैड कांस्टेबल अरुण चौहान, कांस्टेबल सुनील कुमार मौजूद रहे। पुलिस की इस कार्रवाई की चर्चा क्षेत्र में है।



**दिल्ली में मांस बेचकर कमाते थे मोटे रुपए...** गिरफ्तार गोकशो ने बताया कि वो गोकशी करने के बाद मांस को दिल्ली जामा मस्जिद के पास जमील उर्फ ईद्दू कसाई निवासी टीकरी खेड़ा थाना दौजा फरीदाबाद को बेचकर मोटे रुपए कमा रहे थे और पूर्व में भी उसे बेचते आए हैं।

# बढ़ते अपराध व दलितों पर हो रहे अत्याचार के विरोध में भड़की कांग्रेस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** महानगर में बढ़ते अपराध, रामपुर में हुई दलित मूकबधिर बच्ची के साथ दुष्कर्म और उत्तर प्रदेश में दलितों के साथ ही बढ़ रही घटनाओं के विरोध में महानगर कांग्रेस कमेटी द्वारा महानगर अध्यक्ष रंजन शर्मा पूर्व जिला अध्यक्ष अवनीश काजला, पूर्व महानगर अध्यक्ष जाहिद अंसारी के नेतृत्व में कांग्रेसजन कलक्ट्रेट पर इकट्ठा हुए वहां से सरकार विरोधी नारे लगाते हुए जुलूस के रूप में डीएम कार्यालय पर पहुंचे। कांग्रेसी डीएम ऑफिस के बाहर ही धरने पर बैठ गए जहां सरकार और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की सभी कार्यकर्ताओं ने एडीएम को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। रंजन शर्मा ने कहा जनपद मेरठ में कानून व्यवस्था पूरी तरीके से चरमराई हुई है रोज अपराध बढ़ता जा रहा है। अपराधी खुले आम वारदातों को अंजाम दे रहे है। पूर्व जिला अध्यक्ष अवनीश काजला और पूर्व महानगर अध्यक्ष जाहिद अंसारी ने कहा उत्तर प्रदेश में भी लगातार दलितों पर अत्याचार बढ़ रहे है प्रदेश के दलितों के मन में भय उत्पन हो रहा है अभी रामपुर जिले में 11 वर्षीय मूकबधिर बच्ची के साथ हुई दुष्कर्म की घटना होना बड़ा ही दुखद मामला है। महानगर कांग्रेस कमेटी इस ज्ञापन के माध्यम से मांग करती है कि इन मामलों में संज्ञान लेकर जल्द ठोस कदम उठाएं जिससे प्रदेश मे कानून का राज हो। प्रदर्शन करने वालों में सलीम खान, मोनिंदर सूद वाल्मीकि, उमर अब्बासी, मुल्ला जी अशरफ, महेंद्र गुर्जर, अफशा खान आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



डीएम ऑफिस के बाहर धरना देते कांग्रेसी।

# पत्रकार जाकिर तुर्क का हाल जानने हॉस्पिटल पहुंचे अजय चौधरी व हरेन्द्र चौधरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** दैनिक अखबार के पत्रकार एंव ग्रमीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन के जिला उपाध्यक्ष जाकिर तुर्क, गुरुवार को सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे, वर्तमान में गढ़ रोड स्थित एक निजी अस्पताल में उपचाराधीन हैं। दुर्घटना के कारण उन्हें सिर में गंभीर चोटें आई तथा मस्तिष्क में रक्त का थक्का पाया गया है।



उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नालिस्ट (उपज) के प्रदेश सचिव एवं अध्यक्ष अजय चौधरी ने अस्पताल पहुंचकर जाकिर तुर्क के स्वास्थ्य की जानकारी ली और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। चौधरी ने बताया कि ईश्वर की कृपा से उनकी हालत स्थिर है और वे अपने परिवार तथा शुभचिंतकों को पहचान भी पा रहे हैं, जो अत्यंत सुखद संकेत है। जाकिर तुर्क काफी समय उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नालिस्ट के जिला सचिव के पद पर रह चुके है। ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव हरेंद्र चौधरी व राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष भी अपने जिला उपाध्यक्ष का हाल जानने हॉस्पिटल पहुंचे। उन्होंने परिवार जनों से मिलकर बात की तथा ईश्वर से जल्द स्वाथ्य होने की कामना की। शाह टाइम्स के ब्यूरो चीफ मेरठ शाह वेज खान ने अपने क्राइम रिपोटर जाकिर तुर्क का फोन कर हाल जाना परिवार जनों ने समस्त पत्रकार समुदाय और शुभचिंतकों से जाकिर तुर्क के शीघ्र स्वस्थता हेतु प्रार्थना करने का आग्रह किया।

# 22 अप्रैल को विकास भवन सभागार में होगी जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र दीपेन्द्र कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक ि 22 अप्रैल को सांय चार बजे विकास भवन सभागार में होनी निश्चित हुई है। उन्हांने समिति के सम्मनित सदस्यों से गत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि, विभिन्न विभागों में उद्यमियों की समस्याओं पर विचार चर्चा, अन्य बिंदुओं अध्यक्ष की अनुमति से संबंधित पूर्ण विवरण कृत कार्यवाही के साथ बैठक में भाग लेने हेतु अनुरोध किया है। बैठक में अधिकारी मौजूद रहें उन्होंने कहा कि उद्योग बंधु की बैठक में कई अहम फैसले लिए जाएगें। जिसमें अधिकारी आने वाली समस्याओं का समय रहते निस्तारण करेंगे। इस बैठक में आना अनिवार्य होगा।

# विद्या विवि के रैंप पर दिखा विद्यार्थियों के डिजाइनर कलेक्शन का जलवा

- धूमधाम से संपन्न हुआ इनफिनिटी 2025 द ग्रेजुएट फैशन शो

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** विद्या इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी कॉलेज के फैशन विभाग का वार्षिक कार्यक्रम 'इनफिनिटी 2025-द ग्रेजुएट फैशन शो' का आयोजन धूमधाम से हुआ। विद्यार्थियों के डिजाइन किये परिधानों को मॉडल ने रैंप पर उतारा तो दर्शकों ने खूब प्रशंसा की। एक से बढ़कर एक नये डिजाइन कलेक्शन ने साबित किया कि फैशन डिजाइनिंग में विद्या के विद्यार्थियों का कोई मुकाबला नहीं। किड्स वियर के प्रदर्शन ने बच्चों में फैशन की नई परिभाषा गढ़ दी।

इस पर सभी दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। फैशन शो में अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने पहुंचे शहर की गणमान्य हस्तियों ने विद्यार्थियों की प्रस्तुति की तारीफ की और उनका उत्साहवर्धन किया। विद्या नॉलेज पार्क के विद्या इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी विभाग का कार्यक्रम 'इनफिनिटी 2025-द ग्रेजुएट फैशन शो धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एडिशनल सचिव एआईयू, एमओई डॉ. ममता रानी अग्रवाल मौजूद रहे। वी.आ.ई.एफ.टी. निदेशक डॉ. रीमा वाष्णेय ने विद्या यूनिवर्सिटी के चांसलर प्रदीप कुमार जैन, प्रो. चांसलर विशाल जैन, कुलपति डॉ. हिरेन दोशी सहित सभी अतिथियों का स्वागत पौधा भेंट कर किया। दीप प्रज्ज्वलन एवं विद्यागान के बाद उद्बोधन में मुख्य अतिथि डॉ. ममता रानी अग्रवाल ने कहा कि आज ऐसी शिक्षा की जरूरत है जिससे विद्यार्थी इंडस्ट्री में जाकर नौकरी प्राप्त कर सकें। इससे विद्यार्थी स्टार्टअप भी शुरू कर सकते हैं। इसके बाद धमाकेदार संगीत की धुन पर फैशन शो शुरू हुआ। इसमें विभिन्न मॉडल ने विद्यार्थियों के तैयार किये परिधानों को रैप पर उतारा और नये डिजाइन का प्रदर्शन कर जलवा बिखेरा। कार्यक्रम के अंत में बेस्ट कॉमर्शियल कलेक्शन, बेस्ट सर्फेस ओरनामेंटेशन और बेस्ट डिजाइन कलेक्शन -2025 कैटेगरी में तीन सर्वश्रेष्ठ पुरस्कारों की घोषणा की गई। कार्यक्रम का संच. ालन पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विद्यार्थी अनमोल पाहवा और ईशिका रंजन ने किया।




# बंगाल हिंसा की जांच एनआईए से कराने की मांग




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष डॉ.अक्षय कुमार जैन के नेतृत्व में एक प्रदर्शन डीएम ऑफिस पर कर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा है जिसमें उनका कहना था कि वह कानून के विरोध की आड़ में संपूर्ण बंगाल को जिस प्रकार हिंसा की आग में जलाया जा रहा है उससे हिंदुओं का उत्पीड़न हो रहा है। केंद्र सरकार को चाहिए कि वह बंगाल को अपने हाथ में लेकर आरोपी लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करें उन्होंने मांग की है कि बंगाल में अभिलंब राष्ट्रपति शासन लगाया जाए। बंगाल की हिंसा की जांच एनआईए के द्वारा करवाई जाए। बंगाल की कानून व्यवस्था का संचालन केंद्रीय सुरक्षा बलों के हाथों में दिया जाए। इसके अलावा बांग्लादेशी व रोहिंग्या घुसपैठ की पहचान कर उनको निष्कासित किया जाए। बंगाल व बांग्लादेश की 450 किलोमीटर की सीमा पर तार लगाने का काम भी जल्द शुरू हो। इस दौरान जिलाध्यक्ष अक्षय कुमार जैन, नवीन बादली, पवन कश्यप आदि मौजूद रहे।

# कर्मण्य चैरिटेबल हॉस्पिटल के निर्माण और मिशन की संस्था ने की शुरुआत

## स्वस्थ समाज, सशक्त राष्ट्र की भावना के साथ नई दिशा की ओर कदम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कर्मण्य संस्था द्वारा समाज की स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए एक आधुनिक व सुलभ चैरिटेबल हॉस्पिटल के निर्माण की महत्त्वाकांक्षी योजना पर कार्य आरंभ किया गया है। इस हॉस्पिटल का उद्देश्य समाज के हर वर्ग को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं निशुल्क अथवा न्यूनतम लागत पर उपलब्ध कराना है।




इस मुहिम को सफल बनाने के लिए मेरठ में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें संस्था के पदाधिकारियों एवं समा. जसेवियों ने भाग लिया। बैठक में हॉस्पिटल निर्माण की योजना, भूमि एवं संसाधनों की व्यवस्था, बजट अनुमान तथा फंडरेजिंग की रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त निर्माण प्रक्रिया को व्यवस्थित ढंग से आगे बढ़ाने हेतु समितियों के गठन पर भी सहमति बनी। उपस्थित प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों में अंकुर अग्रवाल अध्यक्ष, कर्मण्य संस्था, कृष्ण मित्तल महासि. चव , अमर सिंह रावल, उपाध्यक्ष, इनाम खान, अभिषेक चौधरी, विदित अहलावत (नेशनल अथलेट), राजीव तायल, वैभव तायल, अक्षित सैनी, अर्जुन मालिक, प्रशांत शाक्य, अमन गुप्ता, सतेंद्र, प्रदीप चौहान' आदि मौजूद रहे। अगली विस्तृत बैठक 21 अप्रैल को कर्मण्य संस्था के मेरठ स्थित कार्यालय, डाइज होटल के सामने, दीवान स्कूल के बराबर, मेट्रो लाइन के नीचे, दिल्ली रोड, मेरठ' में आयोजित की जाएगी। कर्मण्य संस्था सभी समाजसेवियों, औद्योगिक समूहों, कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी सीएसआर भागीदारों एवं जनमानस से इस जनकल्याणकारी प्रयास में तन मन धन से जुड़ने की अपील करती है।

# बारिश से गेहूं की फसल को हुआ भारी नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** शुक्रवार देर रात तेज आंधी के साथ अचानक जोरदार बारिश होने से किसानों के खेतों में गेहूं की फसल खराब हो गई। क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक गांवो सहित गांव नगला काटर, निवासी किसान पीतम सिंह, फलावदा निवासी किसान प्रदीप बिश्नोई, कंवलसिंह, महावीर, जयप्रकाश, रविंद्र सैनी आदि का कहना है कि उनके खेत में खड़ी गेहूं की फसल तैयार हो गई थी। मजदूरों द्वारा फसल को काटकर मशीन से अनाज निकलवाने की तैयारी चल रही थी कि अचानक देर रात तेज हवा के साथ जोरदार बारिश होने से गेहूं की कटी हुई फसल में पानी भर गया, जिससे सैकड़ो बीघा गेहूं की फसल खराब हो गई है और कई किसानों के खेत में गेहूं कटाई के बाद भूस पड़ा हुआ था वह हवा में उड़ गया जिस कारण किसानों को बहुत भारी नुकसान हो गया है। अब गेहूं कटाई का कार्य बंद हो गया वहीं तेज बारिश से क्षेत्र के गांव गडीना, बातनौर, मन्दवाड़ी, अमरोली उर्फ बड़ागांव, खाता, नगला हरेरू, सना. ेता, महलका, पिलोना, नैडू, दादूपुर, नागोरी, गगसोना, चरला, कुंडा, पिनाई आदि गांवों में किसानों के खेत में खड़ी गेहूं की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है।



# प्रो-डेस्क आईटी इंजीनियरिंग एंड सर्विसेज ने शोभित विवि मेरठ के छात्रों का किया चयन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित विश्वविद्यालय, मेरठ परिसर में शनिवार को आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव के अंतर्गत प्रो-डेस्क आईटी इंजीनियरिंग एंड सर्विसेज कंपनी ने बीटेक एवं एमबीए कार्यक्रम के पांच छात्रों का चयन किया है। चयनित छात्रों को प्रारंभिक रूप में तीन लाख वार्षिक पैकेज की पेशकश की गई है।

चयन प्रक्रिया के पश्चात सभी चयनित छात्रों को ऑफर लेटर भी प्रदान किए गए, जिससे छात्रों में उत्साह और विश्वास का वातावरण बना। छात्रों का चयन टेक्निकल टेस्ट, ग्रुप डिस्कशन एवं पर्सनल इंटरव्यू के आधार पर किया गया। इस अवसर पर चयनित छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिश्रम, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं विश्वविद्यालय द्वारा दिए गए उद्योग उन्मुख प्रशिक्षण को दिया। शोभित विश्वविद्यालय द्वारा समय-समय पर आयोजित की जा रही प्लेसमेंट गति. विधियां छात्रों को उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ. वी. के. त्यागी एवं प्रति कुलपति प्रोफेसर डॉ. जयानंद ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्लेसमेंट ड्राइव के संयोजक डॉ. अभिषेक कुमार डबास ने कहा कि यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि यदि छात्रों को सही मार्गदर्शन, प्रशिक्षण और अवसर प्रदान किए जाएं, तो वे किसी भी प्रतिष्ठित कंपनी में अपनी जगह बना सकते हैं। विवि का प्रयास सदैव छात्रों को इंडस्ट्री-रेडी बनाना रहा है। इस आयोजन में विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ. गणेश भारद्वाज , शोभित विश्वविद्यालय गंगोह के प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. नवीन, डायरेक्टर कंप्यूटर साइंस प्रोफेसर डॉ. निधि त्यागी, प्रोफेसर विजय माहेश्वरी, हर्षित एवं प्रियंका का विशेष सहयोग रहा, जिन्होंने इस प्लेसमेंट ड्राइव को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

# मोइरंग दिवस पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि

- भारतीय राष्ट्रीय सेना ट्रस्ट द्वारा नई दिल्ली में हुआ भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारतीय राष्ट्रीय सेना ट्रस्ट द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 129वीं जयंती के अवसर पर मोइरंग दिवस को श्रद्धापूर्वक एवं गरिमापूर्ण ढंग से नई दिल्ली के एफआईसीसीआई भवन में मनाया गया। मोइरंग दिवस भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का एक गौरवशाली अध्याय है। 14 अप्रैल 1944 को आजाद हिंद फौज के कर्नल शौकत मलिक ने मणिपुर के मोइरंग में भारतीय तिरंगा फहराया था। यह वह ऐतिहासिक क्षण था जब नेताजी द्वारा स्थापित आजाद हिंद सरकार ने पहली बार स्वतंत्र भारतीय भूभाग पर शासन का अधिकार स्थापित किया था। यह न केवल विजय का प्रतीक था, बल्कि यह घोषणा थी कि भारत अपनी संप्रभुता पुनः प्राप्त करने के लिए सक्षम और संकल्पित है।

इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में टोकन साहू, राज्य मंत्री, आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार मुख्य अतिथि रविंद्र इंद्राज सिंह, कैबिनेट मंत्री, दिल्ली सरकार सामाजिक कल्याण, अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण एवं सहकारी चुनाव तथा कुंवर शेखर विजेंद्र, कुलाधिपति, शोभित विश्वविद्यालय एवं चेयरमैन, एसोचौम राष्ट्रीय शिक्षा परिषद की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में भारतीय राष्ट्रीय सेना ट्रस्ट के प्रमुख पदाधिकारी ब्रिगेडियर आर.एस. छिकारा अध्यक्ष, दिनेश




सिंह एवं डॉ. निधि कुमार (न्यासीगण), तथा मंदीप मुखर्जी रणनीतिक सलाहकार की भी सहभागिता रही। सुप्रसिद्ध नृत्यांगना और राज्यसभा सदस्य सुश्री सोनल मान सिंह सांस्कृतिक संरक्षक के रूप में प्रतीकात्मक रूप से कार्यक्रम से जुड़ी रहीं। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन और वंदे मातरम की सजीव प्रस्तुति के साथ हुई, जिसने देशभक्ति और श्रद्धा का भाव जगाया।

रविंद्र इंद्राज सिंह द्वारा दिए गए 19वें भारतीय राष्ट्रीय सेना ट्रस्ट स्मृति व्याख्यान में उन्होंने कहा कि नेताजी की संघर्षगाथा केवल राजनीतिक स्वतंत्रता की नहीं थी, बल्कि सामाजिक न्याय और आत्मसम्मान की भी थी। उन्होंने कहा, मोइरंग केवल सैन्य विजय नहीं था। वह नैतिक घोषणा थी कि भारतवासी स्वयं शासन करने में सक्षम हैं। आज हमारी समावेशी नीतियां उसी चेतना को जीवित रखने का प्रयास हैं। उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली सरकार का सामाजिक कल्याण विभाग नेताजी की समावेशी और न्यायसंगत भारत की परिकल्पना से प्रेरित होकर कार्य कर रहा है। मुख्य अतिथि टोकन साहू ने अपने उद्बोधन में नेताजी की रणनीतिक दृष्टि और अनुशासन की प्रशंसा करते हुए कहा, नेताजी का भारत केवल आजाद नहीं, आत्मनिर्भर और सशक्त होना चाहिए। हमारी शहरी विकास योजनाएं चाहे वह स्मार्ट शहर हों या किफायती आवास उसी आत्मनिर्भर भारत की दिशा में कदम हैं जिसे नेताजी ने देखा था। उन्होंने यह भी जोड़ा कि नेताजी को केवल इतिहास की पुस्तकों में सीमित न रखें बल्कि उनके विचारों को हमारी नीतियों और नागरिक चेतना में आत्मसात करें। कुंवर शेखर विजेंद्र ने अपने मुख्य भाषण में मोइरंग को एक नागरिक पुनर्जागरण का क्षण बताया। उन्होंने कहा, मोइरंग केवल एक रणभूमि नहीं थी वह भारत की आत्मा का उद्घोष था। नेताजी ने स्वतंत्रता को अनुग्रह नहीं, बल्कि धर्म और जन्मसिद्ध अधिकार के रूप में प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जिसके द्वारा नेताजी की विरासत को अगली पीढ़ी तक पहुंचाया जा सकता है। हमें अपने युवाओं को यह सिखाना चाहिए कि स्वतंत्रता कोई उपहार नहीं थी, वह तप, त्याग और रणनीति का परिणाम थी। देशभक्ति केवल प्रदर्शन नहीं, सहभागिता है, उन्होंने कहा। उन्होंने नेताजी के विचारों को नीति निर्माण, प्रशासनिक प्रशिक्षण और नेतृत्व विकास में पुनः शामिल करने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में गणमान्य अतिथियों को भारतीय राष्ट्रीय सेना ट्रस्ट कैप पहनाकर सम्मानित किया गया। कदम कदम बढ़ाए जा की सजीव प्रस्तुति ने आजाद हिंद फौज की भावना को फिर से जीवित कर दिया। समापन में भारतीय राष्ट्रीय सेना ट्रस्ट के पूर्व सैनिकों, युवाओं और देशभक्त प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया। भारतीय राष्ट्रीय सेना ट्रस्ट के अध्यक्ष ब्रिगेडियर आर.एस. छिकारा ने कहा, नेताजी का जीवन अतीत नहीं, बल्कि भविष्य का मार्गदर्शन है। राष्ट्रीय भारतीय राष्ट्रीय सेना ट्रस्ट स्मारक, नेताजी सुभाष मिलिट्री स्कूलों और युवाओं के लिए देशभक्ति कार्यक्रमों के माध्यम से हम उनके विचारों को जीवंत रखने के लिए कटिबद्ध हैं। भारत जब स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष की ओर अग्रसर है, तब मोइरंग दिवस की स्मृति हमें यह याद दिलाती है कि आजादी केवल विजय नहीं, बल्कि एक नैतिक उत्तरदायित्व है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की विरासत जो नैतिक नेतृत्व, सांस्कृतिक आत्मबोध और अपराजेय राष्ट्रभक्ति में निहित है। आज भी भारत के लिए प्रेरणा और संकल्प का स्रोत है।

# डीएम की अध्यक्षता में तहसील मवाना में संपन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

- 191 शिकायतों में मात्र चार का हुआ निस्तारण
- डीएम ने अधिकारियों को दिए जरूरी दिशा-निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** तहसील मवाना में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह ने तहसील दिवस में अधिकारियो को प्राप्त शिकायतों का समय सीमा के अंदर गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में 191 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें से चार का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा शेष के समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारण के आदेश संबंधित अधिकारियों को दिये गये।

तहसील मवाना में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस पर जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह ने कहा कि आमजन की शिकायतों का निस्तारण प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं में है। सभी अधिकारी प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी शिकायतकर्ता से दूरभाष पर वार्ता करते हुये शिकायत का निस्तारण सुनिश्चित करेंगे। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर प्राप्त शिकायतों में चकरोड पर अवैध कब्जा हटवाने, भूमि की पैमाईश कराने, पेंशन की मांग, पुलिस विभाग, राजस्व विभाग, समाज कल्याण विभाग, विकास विभाग, चकबंदी सहित विभिन्न विभागों से संबंधित 191 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिनमें से चार का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा शेष के समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारण के आदेश सम्बंधित अधिकारियों को दिये गये। इस अवसर पर एसएसपी विपिन ताडा, अपर जिलाधिकारी वित सूर्य कान्त त्रिपाठी, एसडीएम मवाना दीपक माथुर, सीएमओ डॉ. अशोक कटारिया, पीडीडीआरडीए सुनील कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी अम्बरीष कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी, कर्मचारी व आमजन उपस्थित रहे।

# रोचक होगी मुंबई-चेन्नई की भिड़ंत




**सीएसके दो जीत के साथ अंकतालिका में सबसे नीचले पायदान पर**


**मुंबई, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में अपने अभियान की धीमी शुरुआत के बाद मुंबई इंडियंस ने लगातार जीत के साथ वापसी की है जबकि चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) सात मैचों में से सिर्फ़ दो जीत के साथ अंक तालिका में सबसे निचले पायदान पर है। आईपीएल इतिहास की दो सबसे सफल फ्रैंचाइज़ी रविवार रात वानखेड़े स्टेडियम में आमने-सामने होंगी, लेकिन उनके बीच के फॉर्म में अंतर के कारण एक बड़ी चुनौती होगी। इस सीज़न के 38वें मैच में दो अलग-अलग मिज़ाज वाली प्रतिद्वंद्वी टीमें आमने-सामने होंगी। पांच बार की चैंपियन मुंबई ने दिल्ली कैपिटल्स और सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ़ ऑलराउंड प्रदर्शन करके अपनी लय हासिल कर ली है। उनके गेंदबाज़ों ने पिछले मैच में एसआरएच को पांच विकेट पर 162 रन पर रोक दिया था और चार विकेट से मैच को अपने नाम कर लिया था। सूर्यकुमार यादव ने सात मैचों में 151-42 की स्ट्राइक रेट से 265 रन बनाए हैं और तिलक वर्मा ने पिछली तीन पारियों में दो अर्द्धशतक लगाए हैं।

कप्तान हार्दिक पांड्या बल्ले से भी शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं और थोड़े महंगे होने के बावजूद 11 विकेट भी चटका रहे हैं। जसप्रीत बुमराह की वापसी से तेज गेंदबाजी आक्रमण मजबूत हुआ है, जिसमें डेथ ओवरों में ट्रेंट बोल्ट और बीच के ओवरों में मिशेल सेंटनर ने बेहत. रीन प्रदर्शन किया है। इस बीच, चेन्नई अपने सीजन के एक महत्वपूर्ण दौर से गुजर रही है।

पांच बार की चैंपियन लगातार हार से उबर रही है, उसका एकमात्र सकारात्मक पहलू हाल ही में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ जीत है जिसने पांच मैचों की हार का सिलसिला तोड़ा। चोट के कारण सलामी बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ की अनुपस्थिति ने उनकी परेशानी को और बढ़ा दिया है। होनहार 20 वर्षीय शेख रशीद ने एलएसजी के खिलाफ तेजी से 27 रन बनाकर प्रभावित किया, जबकि शिवम दूबे अपनी पिछली तीन पारियों में महती योगदान के साथ उनके सबसे प्रभावी बल्लेबाज बने हुए हैं।

अनुभवी महेंद्र सिंह धोनी ने फिनिलशग कैमियो (11 गेंद पर 26 नाबाद रन) के साथ अपने पुराने रूप की झलक दिखाई, लेकिन मध्य क्रम कमजोर बना हुआ है। चेन्नई की गेंदबाजी में निरंतरता का अभाव है, खलील अहमद और नूर अहमद ने क्रमश: 11 और 12 विकेट लिए हैं, लेकिन रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा और मथीशा पथिराना जैसे अन्य खिलाड़ी या तो नियंत्रण या इकॉनमी से जूझ रहे हैं। जब तक गेंदबाज वानखेड़े में अपनी लय नहीं पाते, चेन्नई को एक और कठिन चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। इस सीजन की शुरुआत में, सीएसके ने एमआई पर चार विकेट से जीत हासिल की थी, लेकिन मौजूदा फॉर्म मेजबान टीम के पक्ष में है। वानखेड़े की पिच बल्लेबाजी के अनुकूल होने की उम्मीद है, जिसमें शुरुआत में तेज गेंदबाजों को कुछ मदद मिलेगी। हालांकि इस सीजन में पिच में उतार-चढ़ाव देखने को मिला है, जिसमें 116 से लेकर 221 तक का स्कोर शामिल है। पहले बल्लेबाजी करने वाली टीमें 180-190 रन बनाने का लक्ष्य रख सकती हैं। दूसरी पारी में ओस महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है, जिससे टॉस महत्वपूर्ण हो जाता है। इस सीजन में लक्ष्य का पीछा करने वाली टीमों ने यहां तीन में से दो मैच गेम जीते हैं, और दोनों कप्तानों के पहले गेंदबाजी करने का विकल्प चुनने की उम्मीद है।मौसम आमतौर पर गर्म और आर्द्र रहेगा, बारिश का कोई पूर्वानुमान नहीं है। मैच 1930 बजे शुरू होगा।

# चंडीगढ़ में आरसीबी के सामने पंजाब किंग्स की चुनौती




**रायल्स चैंलेजर्स बेंगलुरु के खिलाफ होने वाले मैच में लय और मनोवैज्ञानिक बढ़त के साथ उतरेगी पंजाब किंग्स**

**चंडीगढ़, वार्ता।** पंजाब किंग्स रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ होने वाले मैच में लय और मनोवैज्ञानिक बढ़त के साथ उतरेगी।

इस सप्ताह की शुरुआत में बारिश के कारण 14 ओवर के मैच में पंजाब ने पांच विकेट से जीत हासिल की थी। आरसीबी पर जीत इस सीजन में पंजाब की सात मैचों में पांचवीं जीत थी, जिससे वह अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया और प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर ली।

इसके विपरीत, बेंगलुरु ने पिछले तीन मैचों में से दो मैच गंवाए और मिड-टेबल में खिसक गया। अब तक सिर्फ चार जीत के साथ, आरसीबी की गलती की संभावना तेजी से कम हो रही है। श्रेयस अय्यर के नेतृत्व में पंजाब ने अपने पर हमेशा से ही कमतर प्रदर्शन करने का ठप्पा हटा दिया है। टीम ने गेंदबाज और बल्लेबाजी विभागों में स्थिरता पाई है। सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह और प्रियांश आर्य ने मजबूत शुरुआत दी है, जबकि अय्यर, जोश इंगलिस और नेहल वढेरा ने मध्य क्रम में गहराई और अनुकूलनशीलता सुनिश्चित की है। मार्कस स्टोइनिस और शशांक सिंह ने दबाव की स्थितियों में योगदान दिया है, जिससे बल्लेबाजी लाइन. अप को ताकत और परिपक्वता दोनों मिली है। गेंदबाजी विभाग में पंजाब ने शानदार प्रदर्शन किया है। अर्शदीप सिंह और जेवियर बार्टलेट ने नई गेंद से शुरुआती झटके दिए हैं, जबकि मार्को जेनसन और युजवेंद्र चहल ने बीच के ओवरों में महत्वपूर्ण सफलताएं दिलाई हैं। तीनों ने मिलकर बेंगलुरु के खिलाफ पिछले मैच में छह विकेट लिए थे और उन्हें 95 रन पर रोक दिया था। पंजाब पहले बल्लेबाजी करने वाली टीमों के अनुकूल सतह पर भी यही प्रदर्शन दोहराना चाहेगा। रजत पाटीदार और उनके खिलाड़ियों पर दबाव बढ़ रहा है। पिछली हार विशेष रूप से निराशाजनक थी, जिसमें स्टार खिलाड़ियों से सजी लाइनअप अनुशासित गेंदबा. जी का सामना करने में विफल रही थी। टिम डेविड और जोश हेजलवुड की शानदार गेंदबाजी की।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### डे मिनौर को हराकर अल्काराज बार्सिलोना के सेमीफाइनल में

**मैड्रिड, वार्ता।** शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अलकाराज़ ने एलेक्स डे मिनौर पर सीधे सेटों में जीत के साथ बार्सिलोना ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। स्पेन के अलकाराज़ को ऑस्ट्रेलिया के पांचवें वरीयता प्राप्त डे मिनौर को 7-5, 6-3 से हराने में सिर्फ़ एक घंटे और 40 मिनट लगे। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी अब फांस के आर्थर फिल्स से खेलेंगे। फिल्स के प्रतिद्वंद्वी स्टेफ़ानोस त्सितिपास क्वार्टर फाइनल मैच के तीसरे गेम में ही चोटिल हो गए थे। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले हफ्ते मोंटे कार्लो में जीत के लिए अलक. राज़ ने 20 वर्षीय दुनिया के 14वें नंबर के खिलाड़ी फिल्स को तीन सेटों में हराया था। उधर, डिफ़ेंडिंग चैंपियन कैस्पर रूड डेनमार्क के होल्गर रून से सीधे सेटों में हार के कारण बाहर हो गए। अलकाराज़ पहले सेट में डे मिनौर के खिलाफ़ दो बार ब्रेक डाउन हुए, लेकिन फिर 12वें गेम में उन्होंने वापसी की और निर्णायक ब्रेक बनाया। 21 वर्षीय खिलाड़ी ने दूसरे सेट में अपनी सर्विस पर अधिक दबदबा बनाया और छठे गेम में एकमात्र ब्रेक बनाया। उन्होने कहा कि मैंने सर्विस के साथ काफी खराब शुरुआत की, मैं मानसिक रूप से थोड़ा संघर्ष कर रहा था। यह मेरी सर्विस के साथ पहले कुछ गेम ही थे, फिर मुझे लगता है कि मैंने बहुत सुधार किया। मैंने खुद को शांत किया और फिर से सकारात्मक सोचना शुरू कर दिया। एलेक्स ने मजबूत शुरुआत की, आक्रामक तरीके से खेला, और पहला सेट वास्तव में कड़ा था। मुझे बहुत खुशी है कि मैं पहला सेट जीतने में कामयाब रहा और दूसरे सेट में मैंने शानदार टेनिस खेला, इसलिए मैं बहुत खुश हूं। चार बार के उपविजेता सिटिपस फिल्स के खिलाफ शुरुआत से ही असहज दिखे और दूसरे गेम के अंत में ऑफ-कोर्ट मूल्यांकन के लिए चले गए।

### साई ने असम को हराकर ग्रुप जी में बनाई बढ़त

**छत्तीसगढ़, वार्ता।** भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) नें स्वामी विवेकानंद अंडर 20 पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप के पहले दिन ग्रुप जी में असम को 4-0 से हराया। यहां रामकृष्ण मिशन आश्रम मैदान में खेले गए मुकाबले में साई की ओर से राजकुमार लैंचेनबा सिंह ने 36वें मिनट में गोलकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद ओइनम रोमियो सिंह ने 68वें मिनट में बढ़त को दोगुना कर दिया। तीसरा गोल वाशम ने 81वें मिनट में गोलकर स्कोर 3-0 कर दिया। कप्तान रॉबर्ट थोकचोम ने 85वें मिनट में चौथा गोल किया। दिन के एक अन्य मैच में ओडिशा और गोवा बीच मुकाबला गोल रहित ड्रॉ खेला। परिणामस्वरूप, भारतीय खेल प्राधिकरण अब तीन अंकों के साथ ग्रुप जी में शीर्ष पर है, उसके बाद ओडिशा और गोवा एक-एक अंक के साथ और असम एक भी अंक के साथ दूसरे स्थान पर है।

# एशिया कप में अच्छा प्रदर्शन करेगी भारतीय हॉकी टीम : कोच क्रेग फुल्टन

**पंजाब ने अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों के मजबूत प्रतिनिधित्व के साथ शानदार प्रदर्शन किया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** झांसी में 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 2025 के बाद भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन को भरोसा है कि उनकी टीम आगामी एशिया कप 2025 में अच्छा प्रदर्शन करेगी।

राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप के हर मैच में बारीक नजर रखने वाले फुल्टन ने एशिया कप में भारतीय टीम की तैयारी का विश्लेषण किया और टीम में प्रतिभा की गहराई और गुणवत्ता के बारे में आशा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पंजाब ने अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों के मजबूत प्रतिनिधित्व के साथ प्रदर्शन किया, जबकि शीर्ष चार टीमों ने कुल मिलाकर अच्छा संत. ुलन और गुणवत्ता का प्रदर्शन किया। कुछ क्षेत्र निश्चित रूप से दूसरों की तुलना में अधिक मजबूत थे। उदाहरण के लिए, पंजाब सबसे अधिक अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ सबसे आगे रहा, जिसने उन्हें बढ़त दिलाई। साथ ही, शीर्ष चार टीमों में प्रतिभा का एक स्वस्थ संतुलन था। हालाँकि, इसके अलावा, गहराई और समग्र गुणवत्ता में थोड़ी गिरावट आई। एशिया कप कें लिए एक नए कोर ग्रुप के गठन पर जोर देते हुए फुल्टन कहा कि हमारा ध्यान उम्र पर नहीं बल्कि विशिष्ट भूमिकाओं के लिए सही खिलाड़ियों को खो. जने पर है।

### बांग्लादेश-जिम्बाब्वे टेस्ट सीरीज के मीडिया अधिकार नहीं बिकने से बीसीबी निराश

**सिलहट, वार्ता।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के अध्यक्ष फारुक अहमद ने शनिवार को कहा कि बांग्लादेश-जिम्बाब्वे टेस्ट सीरीज के मीडिया अधिकार नहीं बिकने के कारण बोर्ड 'कठिन समय' से गुजर रहा है। उन्होंने रविवार से यहां शुरू हो रहे पहले टेस्ट का प्रसारण करने के लिए बांग्लादेश टीवी को धन्यवाद दिया। बीसीबी ने 19 मार्च को बांग्लादेश और जिम्बाब्वे के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज के मीडिया अधिकारों के लिए बोली लगाने के लिए प्रसारकों को आमंत्रि किया था, लेकिन सात अप्रैल को समय सीमा समाप्त होने के कारण किसी भी पक्ष ने कोई रुचि नहीं दिखाई। डेली स्टार की रिपोर्ट के अनुसार बोर्ड ने प्रसारकों के साथ सौदे पर बातचीत करने की कोशिश की, लेकिन कोई रुचि नहीं मिलने के बाद, इसने राज्य प्रसारक बीटीवी से मैच का प्रसारण करने का अनुरोध किया और उसने ऐसा किया।

# हम एक इकाई के तौर पर बल्लेबाजी नहीं कर सके: पाटीदार


- **बल्लेबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा, हम इस मैच को एक सबक के तौर पर लेना पसंद करेंगे**




**बेंगलुरु, वार्ता।** पंजाब किंग्स के खिलाफ पांच विकेट से मिली का हार का ठीकरा खराब बल्लेबाजी पर फोड़ते हुए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कप्तान रजत पाटीदार ने कहा कि उनके बल्लेबाज एक इकाई के तौर पर प्रदर्शन नहीं कर सके। मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में पाटीदार ने कहा कि वर्षा के बाद विकेट में नमी के कारण शुरु में बल्लेबाजों को परेशानी का सामना करना पड़ा मगर यह कोई बहाना नहीं है। सच तो यह है कि हम एक इकाई के तौर पर बल्लेबाजी नहीं कर सके। इस विकेट पर साझेदारी निभाना जरुरी था। टिम डेविड ने इसी विकेट पर नाबाद अर्द्धशतकीय पारी खेली मगर अन्य बल्लेबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक था। हम इस मैच को एक सबक के तौर पर लेना पसंद करेंगे। वहीं पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने जीत का श्रेय फिरकी गेंदबाज युजवेंद्र चहल और युवा बल्लेबाज नेहल बढेरा को देते हुए कहा कि चहल एक विश्वस्तरीय गेंदबाज हैं। उनकी काबिलियत पर कोई संदेह नहीं कर सकता। उन्होने कहा कि मैने उनसे मैच के पहले कहा था कि वह रन बचाने के बजाय विकेट लेने पर अपना ध्यान लगायें जिससे रनो की रफ्तार वैसे ही थम जायेगी। उन्होने वैसा ही किया और रजत पाटीदार और जितेश शर्मा के महत्वपूर्ण विकेट झटके। बाकी काम अर्शदीप सिंह,हरप्रीत बराड़ और मार्को यानसन ने कर दिया। बढेरा की तारीफ करते हुए अय्यर ने कहा कि निश्चित तौर पर आपको एक ऐसे बल्लेबाज की जरूरत होती है जो आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करे। नेहल का रवैया आज शानदार था। उम्मीद है कि आगे भी वह इसी फॉर्म को बरकरार रखेंगे। गौरतलब है कि शुक्रवार शाम आरसीबी और पीबीकेएस के बीच बारिश से प्रभावित मैच 14-14 ओवर का कर दिया गया था जिसमें आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 95 रन बनाए जिसके जवाब में पंजाब ने विजय लक्ष्य 12-1 ओवर में हासिल कर दिया था। पंजाब को ओर से नेहल वढेरा ने 19 गेंद पर 33 रन बनाये।

# घरेलू दुर्व्यवहार के आरोपों पर जेवरेव फिर हुए परेशान

- **इससे पहले जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दौर एक दर्शक ने किया था परेशान**



**म्यूनिख (जर्मनी), वार्ता।** एलेक्जेंडर ज़्वेरेव ने म्यूनिख ओपन क्वार्टर-फ़ाइनल में घरेलू दुर्व्यवहार के आरोपों पर उन्हें परेशान करने वाले एक दर्शक को बाहर निकालने की मांग की। जर्मनी के नंबर एक खिलाड़ी डचमैन टैलोन ग्रीक्सपूर के खिलाफ़ दूसरे सेट में 5-5 पर सर्विस कर रहे थे, तभी प्रशंसक ने चिल्लाया ह चलो, तुम बीवीबीटर हो।ह ज़्वेरेव ने चेयर अंपायर फ़र्गस मर्फी से बात की और उन्हें यह कहते हुए सुना जा सकता था कि 'फ़र्गस, कृपया उसे बाहर निकालो।' हालांकि यह साफ नहीं हुआ कि दर्शक को स्टेडियम से बाहर निकाला गया या नहीं। इससे पहले जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन पुरुष एकल ट्रॉफी समारोह के दौरान ज़्वेरेव को एक दर्शक ने परेशान किया था। जब वे अपनी उपविजेता ट्रॉफी लेने के लिए आगे बढ़े, तो एक दर्शक ने ज़ोर से चिल्लाया कि ऑस्ट्रेलिया ओल्या और ब्रेंडा पर विश्वास करता है। 27 वर्षीय खिलाड़ी पर 2020 में उनकी पूर्व प्रेमिका ओलेया शारिपोवा ने हिंसा का आरोप लगाया था और 2023 में ब्रेंडा पाटिया ने घरेलू दुर्व्यवहार का आरोप लगाया था, जिनसे उनका एक बच्चा भी है। ज़्वेरेव ने दोनों आरोपों का बार-बार खंडन किया है। ज़्वेरेव ने शुक्रवार को ग्रिक्सपूर के खिलाफ़ मैच 6-7(6) 7-6(3) 6-4 से जीता। शनिवार को सेमीफाइनल में उनका सामना हंगरी के मरोज़सन से होगा। अक्टूबर 2020 में, पूर्व प्रेमिका शारिपोवा ने अपने रिश्ते के दौरान ज़्वेरेव पर हिंसा और भावनात्मक दुर्व्यवहार का आरोप लगाया था।

# लखनऊ में सांसद खेल महाकुंभ का आगाज



**रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने किया उद्घाटन, लखनऊ स्पोर्टिंग कल्चर के लिए देश-विदेश में जाना जाता है**

**लखनऊ, वार्ता।** राजधानी लखनऊ स्थित केडी सिंह बाबू स्टेडियम में शनिवार को सांसद खेल महाकुंभ का धमाकेदार आगाज हुआ। रक्षामंत्री एवं सांसद राजनाथ सिंह ने इसका उद्घाटन किया। इस मौके पर रक्षामंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से कई सांसदों ने अपने क्षेत्र में खेल प्रतियोगिताएं आयोजित कर समाज के विकास के लिए एक नई राह तैयार की है। इस कड़ी में अब लखनऊ का नाम भी जुड़ गया है। किसी भी समाज के विकास के लिए यह जरूरी है कि खेल और खिलाड़ियों को महत्व दिया और उन्हें समझा जाए। रक्षामंत्री ने आगे कहा कि लखनऊ शहर अपने स्पोर्टिंग कल्चर के लिए उत्तर प्रदेश में ही नहीं, देश विदेश में भी जाना जाता रहा है। जिन महान हाकी खिलाड़ी केडी सिंह बाबू के नाम से यह स्टेडिमय जाना जाता है, उन्होंने यहां पर काफी लंबा समय बिताया है। हाकी के जाद. ूगर कहे जाने वाले मेजर ध्यानचंद ने भी लखनऊ को खासा समय दिया है। यहां की खेल संस्कृति को उन्होंने संवारा और निखारा है। उनके बेटे अशोक कुमार और ओलंपियन जमन लाल शर्मा की भी यह कर्मभूमि रही है। अपने संबोधन में उन्होंने आगे कहा कि एक समय था जब इसी केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर शीशमहल ट्रॉफी के नाम पर क्रिकेट टूर्नामेंट होता था। टीम इंडिया के बड़े-बड़े खिलाड़ी यहां खेलते नजर आते थे। भले ही वह टूर्नामेंट अब नहीं होता, लेकिन उसकी स्मृतियां आज भी लोगों के जेहन में कायम हैं। आज यह सांसद खेल महाकुंभ भी लखनऊ के स्पोर्टिंग कैलेंडर से जुड़ चुका है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में स्पोर्टिंग कल्चर का विकास हुआ है। पहले भारतीय खिलाड़ी जीतने से अधिक पार्टिसिपेट पर ही संतुष्ट हो जाया करते थे। लेकिन, आज भारत के खिलाड़ी पूरी दुनिया में जहां भी खेले, उन्हें गंभीरता से लिया जाता है।

# जेम्स विन्स की बदौलत किंग्स कराची ने क्वेटा ग्लेडिएटर्स को हराया

**कराची, वार्ता।** जेम्स विन्स की 47 गेंदों पर खेली गई 70 रनों की पारी की बदौलत कराची किंग्स ने पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में क्वेटा ग्लेडिएटर्स पर 56 रनों की शानदार जीत दर्ज की। विन्स ने प्रतियोगिता के अपने पहले मैच में 101 रन बनाए और किंग्स के 175.7 के स्कोर की नींव रखी। डेविड वार्नर के 31 रन पर स्क्वायर लेग पर कैच आउट होने के बाद छठे ओवर में वे 60.1 के स्कोर पर आए और शुक्रवार को पारी की आखिरी गेंद पर कैच आउट होने के बाद ही आउट हुए। 34 वर्षीय विन्स ने चार चौके और एक छक्का लगाया, हालांकि अगर गेंदबाज सऊद शकील ने डीप से थ्रो नहीं किया होता तो वे 10 रन पर रन आउट हो जाते। वार्नर और न्यूजीलैंड के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी टिम सीफर्ट, जिन्होंने 27 रन बनाए, 20 से अधिक रन बनाने वाले एकमात्र अन्य खिलाड़ी थे। जवाब में, ग्लेडिएटर्स पावरप्ले के अंदर पांच विकेट 37 रन पर गिर गए। उन्होंने 20 ओवर तक पारी को खींचा, 111-9 पर समाप्त हुआ, जिसमें सलामी बल्लेबाज शकील ने 40 गेंदों पर नाबाद 33 रन बनाए। विंस ने इस साल हैम्पशायर के साथ केवल व्हाइट-बॉल अनुबंध पर हस्ताक्षर किए।

# केएल राहुल ने धोनी व कोहली को पछाड़ा

**आईपीएल के मौजूदा सत्र में सबसे कम पारियों में 200 छक्के पूरे करने वाले बल्लेबाज बने**

**अहमदाबाद, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स के स्टार बल्लेबाज केएल राहुल शानदार फार्म में नजर आ रहे हैं। उन्होंने शनिवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ मुकाबले में बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। वह आईपीएल में सबसे कम पारियों में 200 छक्के पूरे करने वाले बल्लेबाज बन गए।

इस मामले में उन्होंने महेंद्र सिंह धोनी और विराट कोहली जैसे दिग्गज बल्लेबाजों को पीछे छोड़ दिया। आईपीएल के मौजूदा सत्र में अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलते दिख रहे हैं। इससे पहले वह लखनऊ का हिस्सा थे। इस सत्र में उनका बल्ला जमकर गरज रहा है। पिछली छह पारियों में दिग्गज खिलाड़ी ने 266 रन बनाए हैं। इसमें दो अर्द्धशतकीय पारियां भी शामिल हैं। अब दाएं हाथ के बल्लेबाज ने बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। वह आईपीएल में सबसे कम पारियों में 200 छक्के पूरने करने वाले बल्लेबाज बन गए।

उन्होंने यह कारनामा 129 पारियों में किया। गुजरात के खिलाफ तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे केएल राहुल ने 14 गेंदों का सामना किया और चार चौके व एक छक्के की मदद से 28 रन बनाए। उन्हें प्रसि) कृष्णा ने यार्कर गेंद पर एलबीडब्ल्यू आउट किया। दिलचस्प बात यह है कि कृष्णा ने इस सत्र में सिर्फ दो बार यार्कर गेंदें फेंकी हैं जिनपर उन्हें विकेट मिले हैं।

# बटलर-रदरफोर्ड के तूफान से गुजरात नंबर-1 पर



**अहमदाबाद, वार्ता।** जॉस बटलर (97 नाबाद) और शरफ़ेन रदरफ़ोर्ड (43) के बीच 119 रन की रिकार्ड साझीदारी की मदद से गुजरात जायंट्स (जीटी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 35वें मैच में शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) को सात विकेट से हरा दिया।

इस जीत के साथ सात मैचों में पांच जीत के साथ औसत रन रेट के आधार पर अंकता. लिका में पहले स्थान पर पहुंच गया है वहीं दिल्ली भी इतने ही अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। जॉस बटलर और रदरफ़ोर्ड के बीच 119 रन की साझेदारी आईपीएल में तीसरे विकेट के लिए जीटी की तरफ़ सबसे बड़ी साझेदारी है, उन्होंने सुंदर और शुभमन गिल के 90 रनों की साझेदारी का रिकॉर्ड तोड़ दिया। दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) ने पहले खेलते हुए निर्धारित 20 ओवर में गुजरात टाइटंस के खिलाफ आठ विकेट पर 203 रन बनाये थे जिसके जवाब में गुजरात ने विजय लक्ष्य 19-2 ओवर में तीन विकेट खोकर हासिल कर लिया। राहुल तेवतिया (11 नाबाद) की लगातार दो गेंदों में छक्का और चौका लगा कर अपनी टीम को शानदार जीत दिला दी। नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में कप्तान शुभमन गिल (7) का विकेट सस्ते में गिरने के बाद साई सुदर्शन (36) का साथ देने जॉस बटलर क्रीज पर आए। दोनो ने तेजी से रन बटोरते हुए 60 रन की बहुमूल्य साझीदारी कर टीम की नींव को मजबूत किया। सुदर्शन का विकेट आठवें ओवर में कुलदीप ने लिया। बाद में बटलर ने नये बल्लेबाज रदरफोर्ड के साथ मिलकर रनों की बारिश शुरु कर दी जिसे रोकने में दिल्ली के गेंदबाजों के पसीने छूट गए। रदरफोर्ड 19वें ओवर में मुकेश कुमार का शिकार बने। आखिरी ओवर में टीम को जीत के लिए 11 रन की दरकार थी जबकि बटलर को शतक के लिये मात्र तीन रन चाहिये थे। कप्तान अक्षर पटेल ने अपने सबसे अनुभवी गेंदबाज मिचेल स्टार्क को गेंद यह सोचकर थमायी कि वह पिछले मैच का कारनामा दोहरा कर जीत दिलायेंगे मगर स्टार्क की पहली गेंद यार्कर बनने से चूकी और तेवतिया ने उसे हवा में उडाते हुए बाउंड्री के पार पहुंचा दिया और इसके साथ ही दिल्ली की जीत की उम्मीदें हवा हो गयीं। शतक से चूके बटलर ने अपनी मैच जिताऊ पारी के दौरान 54 गेंद खेल कर 11 चौके और चार छक्के लगाये। इससे पहले दिल्ली ने पहले पॉवर प्ले का भरपूर इस्तेमाल करते हुए तेज शुरुआत की और 12 रन प्रति ओवर से भी अधिक गति से रन जुटाये। हालांकि इस बीच मेहमान टीम को अभिषेक पोरल (18) और कप्तान के एल राहुल (28) का विकेट गंवाना पड़ा। तेज शुरुआत के बाद मध्यक्रम ने अपनी जिम्मेदारी का बखूबी निभाया।

# अमेरिका-ईरान में न्यूक्लियर डील पर बातचीत शुरू

## इटली के रोम में मिले दोनों देशों के नेता, ईरान ने जताया अमेरिका के इरादों पर शक

रोम, वार्ता

**अमेरिका** और ईरान के बीच आज इटली की राजधानी रोम में न्यूक्लियर डील पर बात. चीत शुरू हो गई है। इस बातचीत में अमेरिकी विशेष दूत स्टीव विटकाफ और ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराकची शामिल हैं। दोनों के बीच डील पर बातचीत का यह दूसरा फेज है। इससे पहले ईरानी विदेश मंत्री अराकची ने गुरुवार को रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से बात की। इस दौरान अराकची ने कहा कि अमेरिका के इरादों पर भरोसा नहीं है, लेकिन फिर भी बातचीत करेंगे। अमेरिका और ईरान के बीच 12 अप्रैल को दोनों देशों के ओमान में बीच पहली बातचीत हुई थी। इसकी मध्यस्थता ओमान के विदेश मंत्री बदर अल-बुसैदी ने की थी। यह दोनों देशों में एक दशक के बाद न्यूक्लियर डील पर होने वाली पहली आधिकारिक बातचीत थी। इसमें अराकची और विटकाफ ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम और ईरान पर लगे प्रतिबंधों को हटाने से संबंधित मुद्दों पर बात की। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ईरान को न्यूक्लियर प्रोग्राम नहीं छोड़ने पर खामियाजा भुगतने की धमकी दे चुके हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट के मुताबिक ट्रम्प की प्राथमिकता है कि ईरान कभी परमाणु हथियार हासिल न कर सके। लेविट ने पिछले हफ्ते एक प्रेस ब्रीफिंग के दौरान बताया कि राष्ट्रपति ट्रम्प पहले भी साफ कर चुके हैं कि इस मामले में सभी विकल्प खुले हैं। ईरान के पास दो विकल्प हैं-या तो ट्रम्प की मांगों को माने, या गंभीर परिणाम भुगतने को तैयार रहे। यही इस मुद्दे पर ट्रम्प की दृढ़ भावना है। ट्रम्प की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने शनिवार को कहा कि ईरान को ट्रम्प की बातें माननी पड़ेंगीं या परिणाम भुगतना पड़ेगा। पालिटिको की रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रम्प ने ईरान को एक नई परमाणु डील पर सहमति के लिए 60 दिनों का समय दिया है, नहीं तो सैन्य कार्रवाई की चेतावनी दी है। यह चेतावनी एक चिट्ठी के जरिए ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को भेजी गई। इस पत्र में साफ तौर पर कहा गया कि तेहरान को वाशिंगटन के साथ बातचीत के लिए तैयार रहना होगा, चाहे यह बातचीत सीधे ही क्यों न हो। नहीं तो ऐसे परिणाम भुगतने होंगे जो ईरानी सरकार की स्थिरता को खतरे में डाल सकते हैं। इससे पहले 30 मार्च को ट्रम्प ने ईरान को धमकी दी थी कि अगर वह अपने न्यूक्लियर प्रोग्राम पर किसी समझौते पर नहीं पहुंचता तो अमेरिका उस पर बमबारी कर सकता है। ट्रम्प ने ईरान पर सेकेंडरी टैरिफ लगाने की भी धमकी दी।



बातचीत में अमेरिकी विशेष दूत स्टीव विटकाफ और ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराकची शामिल

### रूस चीन, अमेरिका के साथ ईरान समझौते की गारंटी पर चर्चा करेंगे

**तेहरान।** अमेरिका ईरानी परमाणु कार्यक्रम पर संभावित तेहरान-वाशिंगटन समझौते के लिए गारंटी प्रदान करने वाला और इस्लामी गणराज्य पर प्रतिबंध हटाने वाला अकेला देश नहीं होगा, रूस और चीन अमेरिका के साथ तेहरान के लिए 'अधिक विश्वसनीय गारंटी' के मुद्दे पर चर्चा करेंगे। ईरान के राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति पर संसदीय समिति के सदस्य अलादीन बोरौजेर्डी ने यह बात कही। ईरानी राज्य एजेंसी 'एसएनएन' ने बोरौजेर्डी के हवाले से कहा कि तेहरान और वाशिंगटन के बीच बातचीत के दौरान, गारंटी न केवल अमेरिका द्वारा प्रदान की जाएगी। रूस और चीन जैसे देश अधिक विश्वसनीय गारंटी पर अमेरिका के साथ बातचीत में दाखिल होंगे। ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची गुरुवार और शुक्रवार को मॉस्को की आधिकारिक यात्रा पर थे और अगले कुछ दिनों में, ईरानी राज्य समाचार एजेंसी आईआरएनए के अनुसार, अराघची चीन का दौरा करेंगे। अपनी रूस यात्रा के दौरान, ईरानी राजनयिक ने रूसी नेता व्लादिमीर पुतिन के साथ बैठक और बातचीत की, और उन्हें ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई का संदेश दिया।




असम। नागांव जिले में पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हाल ही में हुई सांप्रदायिक हिंसा के खिलाफ विरोध रैली में भाग लेते विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के सदस्य।

### हेरोइन तस्करी के अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्क का भंडाफोड़, 10 गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने करीब दो महीने चले अभियान में मादक पदार्थों और आतंकवाद के वित्तपोषण मे शामिल एक बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश कर कम से कम 10 संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। यह नेटवर्क अफगानिस्तान, पाकिस्तान और दिल्ली सहित भारत के चार राज्यों और केन्द्र शासित में फैला हुआ था। दिल्ली पुलिस के संयुक्त आयुक्त सुरेन्द्र सिंह जाखड़ और उपायुक्त अपूर्वा गुप्ता ने यहां विशेष संवाददाता सम्मेलन में बताया कि पिछले 50 दिनों के लंबे अभियान और जांच-पड़ताल के बाद इनके पास से 1-6 किलोग्राम अफगानिस्तान में बनी हेरोइन, नशे के लिए इस्तेमाल किए जाने वाला 130 ग्राम एक खास किस्म का रसायन, मादक द्रव्यों को पहुंचाने में इस्तेमाल की जाने वाली दो मोटरसाइकिल, 16 मोबाइल फोन, करीब 10 करोड़ रुपये मूल्य की पांच संपत्तियां जब्त की गई हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### वेनेज़ुएला के लोगों के निर्वासन पर अस्थायी रूप से रोक

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने शनिवार को एक अहम फैसला लेते हुए टेक्सास के डिटेंशन सेंटर में बंद वेनेज़ुएला के लोगों को फिलहाल उनके देश वापस भेजने पर रोक लगा दी है। यह फैसला 18वीं सदी के पुराने कानून एलियन एनिमीज़ एक्ट (1798) के तहत किए जा रहे निर्वासन के खिलाफ दायर याचिका पर आया है। बता दें कि यह मामला अमेरिकन सिविल लिबर्टीज यूनियन द्वारा सुप्रीम कोर्ट में की गई आपात अपील से जुड़ा है।

### भाजपा के षड्यंत्र को बेनकाब करना जरूरी: खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) हर मुद्दे पर लोगों को गुमराह कर षड्यंत्र करती है और उसकी असलियत को बेनकाब किया जाना बहुत जरूरी है। खड़गे ने शनिवार को यहां पार्टी के नए मुख्यालय इंदिरा भवन में पार्टी महासचिवों और प्रदेश प्रभारियों की बैठक को संबोधित करते हुए आठ तथा नौ अप्रैल के अहमदाबाद में हुए पार्टी के अधिवेशन को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इस सत्र में पारित संदेश को जिला, मंडल, ब्लाक और बूथ तक पहुंचना है और पार्टी ने इस संबंध में सर्कुलर भी जारी किया था।

### सिडनी में पीछा करने पर पुलिस वाहन पर चलाई गई गोलियां

**सिडनी।** सिडनी के पूर्वी उपनगरों में शनिवार की सुबह एक चोरी की कार का पीछा करने के बाद एक पुलिस वाहन को टक्कर मार दी गई और गोलियां चलाई गईं। हालांकि इसके बाद भी बाद तलाशी जारी रही। ऑस्ट्रेलियाई राज्य न्यू साउथ वेल्स पुलिस ने कहा कि पुलिस ने स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 4 बजे शहर के पूर्व में ओल्ड साउथ हेड रोड, रोज़ बे पर गहरे रंग की कार का पीछा करना शुरू किया, जब पीछा शुरू किया गया लेकिन गति के कारण इसे रोक दिया गया।



# गाजा पर इजरायली एयरस्ट्राइक में 90 की मौत

## सैकड़ों लोग घायल हुए, 18 महीने की लड़ाई में अब तक 61 हजार से ज्यादा मौत, यूएन बोला: हजारों के भूखे मरने का खतरा

गाजा, वार्ता

**गाजा** में हुई इजरायली एयरस्ट्राइक में अब तक 90 लोगों की मौत हो गई है, जबकि सैकड़ों घायल हैं। जैसे-जैसे मलबा हटाया जा रहा है, मरने वालों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। गाजा सरकार के मुताबिक बीते 18 महीने की लड़ाई में अबतक गाजा के 61 हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। वहीं यूएन ने चेतावनी देते हुए कहा कि गाजा में हजारों लोग पर भूखे मरने का जोखिम है।

गाजा में लगातार इजरायली गोलीबारी, हवाई हमले और नाकाबंदी की वजह से लोग मानसिक तौर पर बुरी तरह से टूट चुके हैं। कई लोगों अपने बच्चों को पेट भर खाना खिलाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। एक एजेंसी वफा के मुताबिक इजरायली सैनिकों ने वेस्ट बैंक में हेब्रोन के फव्वार रिफ्यूजी कैंप में 8 फलस्तीनियों को गिरफ्तार किया। सैनिकों ने यहां कई घरों पर छापे मारे गए और संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया और तोड़फोड़ की। रेस्क्यू वर्कर्स लगातार लोगों की मदद कर रहे। जैसे जैसे मलबा हटाया जा रहा है, मरने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। इजरायल दक्षिणी गाजा में कुवैती हास्पिटल के चाइल्ड रोग एक्सपर्ट हेजम मुसलेह ने मीडिया को बताया कि इजरायली हमलों की वजह से बच्चों को गंभीर स्वास्थ्य संकट का सामना करना पड़ रहा है। दूसरी तरफ ग्लोबल हेरिटेज डे पर ह्यूमन राइट्स ग्रुप अल-हक ने बताया कि इजरायल सेना ने कई फलस्तीनी सांस्कृतिक स्थलों को निशाना बनाया है, जिनमें कुछ को यूनेस्को ने वर्ल्ड हेरिटेज साइट के तौर पर लिस्ट किया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक वेस्ट बैंक के उत्तरी बेथलहम में स्थित अल-मखरौर इलाका जिसे 2014 में यूएन की वर्ल्ड हेरिटेज लिस्ट में जोड़ा था पर भी इजरायली कब्जे का खतरा बढ़ता जा रहा है। इससे पहले गाजा के अल-बलाह में रविवार रात हुए इजरायली हमले में 37 लोगों की मौत हो गई थी। इसमें 6 भाई थे। इनकी उम्र 10 साल से 34 साल के बीच थी।

- लगातार जारी इजरायली गोलीबारी हवाई हमले और नाकाबंदी की वजह से लोग मानसिक तौर पर बुरी तरह से टूट चुके हैं
- सैनिकों ने यहां कई घरों पर छापे मारे व संपत्ति को नुकसान पहुंचाया और तोड़फोड़ की, रेस्क्यू वर्कर्स लगातार लोगों की मदद कर रहे

इजरायल ने हमास की नुखबा फोर्स के एक लीडर हमजा वायल मुहम्मद असाफा मारने का दावा किया है। हमजा इजरायल पर 7 अक्टूबर के हमले और बंधकों की रिहाई एक फेज में शामिल था। इजरायली डिफेंस फोर्सेस (आईडीएफफ) के मुताबिक हमजा की मौत दो हफ्ते पहले सेंट्रल गाजा में एक हमले में हुई थी। हमजा ने इजरायल बंधक एलियाहु शाराबी, ओहद बेन-अमी और ओर लेवी की रिहाई के कार्यक्रम में हिस्सा लिया था। इजरायली सेना ने राफा का बाकी गाजा से संपर्क काट दिया है। रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने 12 अप्रैल को इसकी पुष्टि की। उन्होंने कहा कि इजरायली डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने मोराग कारिडोर पर कब्जा कर लिया है, जिससे राफा का गाजा पट्टी से संपर्क टूट गया है। मोराग कारिडोर दक्षिणी गाजा में एक रास्ता है जो उसे गाजा पट्टी से अलग करता है। काट्ज ने गाजा के लोगों को धमकी देते हुए कहा कि यह हमास को भगाने और सभी बंधकों को रिहा कर जंग को खत्म करने का आखिरी मौका है। अगर ऐसा नहीं हुआ तो ये सब गाजा के दूसरे इलाके में भी होना शुरू हो जाएगा। काट्ज ने कहा कि राफा को अब 'इजरायली सिक्योरिटी जोन' में बदल दिया गया है।

इजरायली सिक्योरिटी जोन का मतलब मतलब उन जगहों से है, जिन्हें इजरायल अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए जरूरी मानता है और उन्हें कंट्रोल करता है। राफा क्रासिंग, फिलाडेल्फी कारिडोर, वेस्ट बैंक के कुछ इलाके और गोलान हाइट्स इजरायली सुरक्षा क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं। इन इलाकों पर सेना के जरिए कंट्रोल किया जाता है। इजरायल काट्ज ने कहा कि नेत्जारिम कारिडोर जो गाजा को दो भागों में बांटती है, उसका भी विस्तार किया जाएगा। इस साल की शुरुआत में जब सीजफायर को लेकर डील हुई थी तब इजरायल ने नेत्जारिम कारिडोर छोड़ दिया था। लेकिन कुछ ही समय बाद इजरायल ने जंग फिर से शुरू कर दी और फिर से इस कारिडोर को अपने कब्जे में ले लिया।

# अमेरिका में वीजा रद्द होने वाले छात्रों में 50% भारतीय

## चीनी छात्र दूसरे नंबर पर, विदेश विभाग का छात्रों को देश छोड़ने का आदेश, 327 छात्रों की जानकारी इकट्ठा की गई

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिकी** सरकार ने हाल ही में कई विदेशी छात्रों को वीजा रद्द होने का मेल भेजा था। इस मेल में इन छात्रों से अमेरिका छोड़ने के लिए कहा गया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक इनमें से 50 प्रतिशत भारतीय छात्र हैं। अमेरिकन इमिग्रेशन लायर्स एसोसिएशन (एआईएलए) ने ऐसे ही 327 छात्रों की जानकारी इक्ट्ठा की है। इनमें से 50 प्रतिशत से ज्यादा भारतीय छात्र हैं। भारत के बाद दूसरा नंबर चीन का है।

इस लिस्ट में शामिल 14 प्रतिशत छात्र चीनी हैं। अमेरिकी विदेश विभाग पिछले चार महीनों से विदेशी छात्रों के डेटा की जांच कर रहा है। इसके जरिए इजराइल के खिलाफ और हमास के समर्थन में प्रदर्शन करने वाले विदेश छात्रों का वीजा रद्द किया जा रहा है। विदेश मंत्री मार्को रुबियो के मुताबिक 26 मार्च तक 300 से ज्यादा 'हमास समर्थक' छात्रों का एफ-1 वीजा रद्द किया जा चुका है। इसमें कई भारतीय छात्र भी शामिल हैं। अमेरिकी सरकार एआई ऐप 'कैच एंड रिवोक' की मदद से ऐसे छात्रों की पहचान कर रही है। विदेश मंत्री मार्को रुबियो के मुताबिक 26 मार्च तक 300 से ज्यादा 'हमास समर्थक' छात्रों का एफ-1 वीजा रद्द किया जा चुका है। इसमें कई भारतीय छात्र भी शामिल हैं।



**AI ऐप की मदद से छात्रों की पहचान कर रही अमेरिकी सरकार**

**E-mail में चेतावनी: देश छोड़ दें, वरना हिरासत में लिया जाएगा**

इस ऐप की मदद से सबसे पहले 5 मार्च को तुर्किये की एक छात्रा रुमेसा ओजतुर्क की पहचान की गई थी। वह टफ्ट्स यूनिवर्सिटी, बोस्टन में पढ़ाई कर रही थी। उसने सोशल मीडिया पर फलस्तीन के समर्थन में पोस्ट किया था, जिसके बाद अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने उसका वीजा रद्द कर दिया। यह मेल कई यूनिवर्सिटी के छात्रों को भेजा गया है। इसमें हार्वर्ड, कोलंबिया, येल, कैलिफोर्निया और मिशिगन यूनिवर्सिटी जैसे चर्चित संस्थान हैं। हालांकि कितनी यूनिवर्सिटीज के कितने छात्रों को यह मेल भेजा गया है, इसकी सटीक जानकारी अभी सामने नहीं आई है। ईमेल में छात्रों से कहा गया कि उनका एफ-1 वीजा अमेरिका के इमिग्रेशन एंड नेशनैलिटी एक्ट की धारा 221(आई) के तहत रद्द कर दिया गया है। अब अगर वे अमेरिका में रहते हैं तो उन पर जुर्माना लगाया जा सकता है, उन्हें हिरासत में लिया जा सकता है या उन्हें डिपोर्ट किया जा सकता है। ईमेल में यह भी बताया गया है कि छात्रों को उनके गृह देशों के अलावा दूसरे देशों में भी भेजा जा सकता है। इसलिए बेहतर है कि छात्र खुद ही अमेरिका छोड़ दें। ओपन डोर्स रिपोर्ट 2024 के मुताबिक अमेरिका में 2023-24 में 3 लाख 32 हजार छात्र पढ़ाई कर रहे थे। यह पिछले 2022-23 की तुलना में 23 प्रतिशत ज्यादा है। इसमें से ज्यादातर एफ-1 वीजा वाले हैं, क्योंकि यह विदेशी छात्रों के लिए सबसे आम वीजा है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगले साल अमेरिका में पढ़ाई करने वाले भारतीय छात्रों की संख्या 4 लाख तक पहुंच सकती है। अमेरिका में हर भारतीय छात्र औसतन 30 से 70 लाख रुपये खर्च करता है। शहर, यूनिवर्सिटी के आधार पर खर्च में इतना अंतर आता है। कुछ रिपोर्ट्स में अनुमान के आधार पर बताया गया है कि अमेरिका में भारतीय छात्रों ने 2023-24 में 1.38 लाख करोड़ रुपए खर्च किए। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने 30 मार्च 2025 को एक बयान कर अमेरिका में पढ़ाई कर रहे भारतीय छात्रों से वहां के स्थानीय कानूनों और वीजा नियमों का सख्ती से पालन करने को कहा था।

### यूएनआईडीओ ने की अमेरिकी टैरिफ बढ़ोतरी की आलोचना

**वियना।** संयुक्त राष्ट्र औद्योगिक विकास संगठन (यूएनआईडीओ) ने शुक्रवार को अपनी वेबसाइट पर एक लेख प्रकाशित किया, जिसमें वैश्विक आर्थिक विकास और औद्योगिक विकास पर अमेरिका की हालिया टैरिफ वृद्धि के प्रतिकूल प्रभावों पर चिंता व्यक्त की गई है। यूएनआईडीओ ने जोर देकर कहा कि टैरिफ बढ़ोतरी गलत दृष्टिकोण अपनाती है, यह इंगित करते हुए कि उनकी गणना और कार्यान्वयन में उनके इच्छित परिणामों की उपलब्धि का समर्थन करने के लिए सबूत की कमी है। लेख के अनुसार ये टैरिफ औद्योगिक उत्पादन की लागत को बढ़ाते हैं, जिससे आर्थिक दक्षता कम हो जाती है, व्यापार के लाभ कम हो जाते हैं और प्रतिस्पर्धात्मकता कमजोर हो जाती है। यूएनआईडीओ ने चेतावनी दी कि ऐसी नीतियां अंततः दुनिया भर में नौकरियों को खतरे में डाल देंगी, जिससे सबसे कमजोर देश सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे।

# इटली में पाकिस्तानी लड़की की आनर किलिंग

**रोम।** इटली में पाकिस्तानी मूल की लड़की के आनर किलिंग में एक अपील अदालत ने अहम फैसला सुनाया है। जहां अपील अदालत ने 18 साल की पाकिस्तानी मूल की लड़की समन अब्बास की हत्या के मामले में उसके माता-पिता और रिश्तेदारों की उम्रकैद की सजा को बरकरार रखा है।

यह मामला इटली में आनर किलिंग यानी 'इज्जत के नाम पर हत्या' का बेहद चर्चित केस बन गया है। बता दें कि पाकिस्तान से आकर इटली में रह रही समन अब्बास ने अपने माता-पिता द्वारा तय की गई शादी को मानने से इन्कार कर दिया था। वह वेस्टन कल्चर अपना रही थी, और एक पाकिस्तानी युवक से प्रेम कर रही थी, जिससे उसके परिवार वाले नाराज थे। इसके बाद 30 अप्रैल 2021 को वह आखिरी बार देखी गई थी। कुछ दिनों बाद उसके माता-पिता इटली से पाकिस्तान चले गए। बाद में समन का शव 2022 में एक फार्महाउस से बरामद हुआ। लड़की की आनर किलिंग मामले में अदालत ने पिता शब्बीर अब्बास, मां नाज़िया शाहीन और दो चचेरे भाई को उम्रकैद की सजा सुनाई है। वहीं चाचा दानिश हसनैन की सजा 14 साल से बढ़ाकर बढ़ाकर 22 साल कर दी गई है। वहीं मामले में इतालवी जांचकर्ताओं के मुताबिक, एक सोशल मीडिया पोस्ट, जिसमें समन और उसके प्रेमी को सार्वजनिक रूप से चूमते हुए देखा गया था, उसके माता-पिता को गुस्से में ला दिया। समन ने अपने प्रेमी से यह भी कहा था कि उसे डर है कि उसके माता-पिता पाकिस्तान में जबरन शादी करवाना चाहते हैं और वो उसकी जान भी ले सकते हैं। गौरतलब है कि जब समन का शव मिला, तो गर्दन की हड्डी टूटी हुई पाई गई, जिससे पता चला कि शायद उसकी गला घोंटकर हत्या की गई थी।

- अदालत ने माता-पिता और रिश्तेदारों की उम्रकैद की सजा बरकरार रखी

# रूस-यूक्रेन को अमेरिका का अल्टीमेटम

## ट्रम्प बोले: अगर रूस या यूक्रेन शांति के लिए तैयार नहीं, तो हम पीस डील से बाहर आ जाएंगे

पेरिस, वार्ता

**अमेरिका** जल्द ही खुद को रूस-यूक्रेन पीस डील से बाहर कर सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रूस-यूक्रेन पीस डील से हटने की धमकी दी है। उन्होंने कहा है कि अगर रूस या यूक्रेन में से कोई एक भी डील के लिए तैयार नहीं होता है तो यह एक बेवकूफी भरा कदम होगा और हम पीस डील से बाहर आ जाएंगे।

इससे पहले अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियों ने कहा था कि आने वाले दिनों में अगर रूस और यूक्रेन जंग को खत्म करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाते हैं, तो अमेरिका शांति के प्रयास छोड़ देगा। डोनाल्ड ट्रम्प का दूसरा कार्यकाल शुरू हुए लगभग 90 दिन बीत चुके हैं। इस दौरान अमेरिका और रूस के बीच कई बार यूक्रेन जंग के समाधान पर बातचीत हो चुकी है। लेकिन ट्रम्प प्रशासन को शांति कायम करने में कोई खास सफलता हाथ नहीं लगी है। पेरिस दौरे से लौटते वक्त रुबियो ने कहा कि अगर यूक्रेन जंग को खत्म करना संभव नहीं है, तो अमेरिका को अगले कुछ दिनों में अपनी कोशिशें छोड़ देनी चाहिए और आगे बढ़ जाना चाहिए। रुबियो ने कहा कि अमेरिका जल्द ही यह तय करेगा कि यूक्रेन जंग को खत्म किया जा सकता है या नहीं। ट्रम्प प्रशासन आने वाले दिनों में इस पर फैसला लेगा। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियों और विशेष दूत स्टीव विटकाफ ने गुरुवार को पेरिस में यूरोपीय और यूक्रेनी नेताओं के साथ मुलाकात की थी। यह बैठक जंग को खत्म करने के लिए की जा रही ट्रम्प प्रशासन की कोशिश के तौर पर आयोजित किया गया। इस बैठक में अमेरिका ने शांति के लिए एक प्लान पेश किया। अमेरिकी विदेश विभाग के मुताबिक इस प्लान को सभी पक्षों ने सराहा है। हालांकि इस प्लान में क्या शामिल किया गया है, यह अभी सार्वजनिक नहीं किया गया है।



डोनाल्ड ट्रम्प का दूसरा कार्यकाल शुरू हुए लभगभ 90 दिन बीत चुके हैं

# कनाडा में भारतीय छात्रा की गोली लगने से मौत

ओंटारियो, वार्ता

**कनाडा** में एक 21 वर्षीय भारतीय छात्रा की गोली लगने से मौत हो गई। घटना के समय पीड़िता एक बस स्टॉप पर खड़े होकर काम पर जाने के लिए बस का इंतजार कर रही थी, तभी उसे गोली लगी। पुलिस का कहना है कि बस स्टॉप के नजदीक ही एक कार से गोली चलाई गई। दरअसल दो कार सवारों ने एक दूसरे पर गोली चलाई थी।

इसी गोलीबारी की चपेट में भारतीय छात्रा आ गई, जिससे उसकी जान चली गई। मृतक भारतीय छात्रा की पहचान हरसिमरत रंधावा के रूप में हुई है, जो कनाडा के ओंटारियो के हेमिल्टन स्थित मोहाक कॉलेज की छात्रा थी। टोरंटो में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि हम भारतीय छात्रा हरसिमरत रंधावा की दुखद मौत से दुखी हैं। स्थानीय पुलिस के अनुसार, वह बेगुनाह पीड़ित थी, जो बस स्टॉप पर हुई गोलीबारी के बीच फंस गई।

पुलिस घटना की जांच कर रही है। हम पीड़िता के परिवार के संपर्क में हैं और सभी जरूरी मदद कर रहे हैं। इस मुश्किल वक्त में हमारी संवेदनाएं पीड़ित परिवार के साथ हैं। पुलिस ने बताया कि शाम करीब 7.30 बजे उन्हें हैमिल्टन में अपर जेम्स इलाके में गोलीबारी की सूचना मिली। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो मौके पर भारतीय छात्रा घायल अवस्था में मिली।

- दो गैंग की मुठभेड़ में निशाना बनी पीड़िता

# बांग्लादेश में हिंदू नेता की पीट-पीटकर हत्या

## पत्नी ने बताया: दो बाइक पर चार लोग आए, जबरदस्ती उठाकर ले गए

**ढाका।** बांग्लादेश में अज्ञात लोगों ने एक बड़े हिंदू नेता की हत्या कर दी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, भाबेश चंद्र राय (58) को गुरुवार दोपहर को उनके घर से किडनैप किया और पीट-पीटकर मार डाला गया।

वे बांग्लादेश पूजा उद्यापन परिषद की बीराल इकाई के उपाध्यक्ष थे। हिंदू समुदाय में उनकी बड़ी पकड़ थी। पुलिस ने बताया कि वे ढाका से 330 किमी दूर दिनाजपुर के बसुदेवपुर गांव के रहने वाले थे। भाबेश चंद्र राय की पत्नी शांतना ने बताया कि गुरुवार को करीब 4:30 बजे उनके पति को एक फोन आया था। फोन करने वाला सिर्फ यह जानना चाहता था कि भाबेश घर पर हैं या नहीं। इसके करीब आधे घंटे बाद दो बाइक पर सवार चार लोग उनके घर आए और भाबेश को जबरदस्ती उठाकर ले गए। चश्मदीदों के मुताबिक, उन्हें पास के नराबाड़ी गांव ले जाया गया और वहां बेरहमी से पीटा गया। गुरुवार शाम को ही हमलावरों ने भाबेश को बेहोश हालत में वैन से उनके घर भिजवा दिया। पहले उन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, फिर दिनाजपुर मेडिकल कॉलेज भेजा गया, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बांग्लादेश में पिछले साल से हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों पर हमले बढ़ गए हैं। बीराल पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी अब्दुस सबूर ने कहा कि इस मामले में केस दर्ज करने की तैयारी चल रही है।

- भाबेश चंद्र राय की पत्नी शांतना ने बताया: गुरुवार को करीब 4:30 बजे उनके पति को एक फोन आया था

### भाबेश के हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए बंगलादेश पर दबाव बनाए सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने बंगलादेश में हिंदू नेता भाबेश चंद्र रॉय की हत्या की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि भारत सरकार मामले को प्राथमिकता से उठाए और बंगलादेश से बात कर दोषियों को तत्काल गिरफ्तार करने के लिए दबाव बनाए। पार्टी ने शनिवार को यहां एक बयान में कहा कि कांग्रेस बंगलादेश के दिनाजपुर में हिंदू समुदाय के एक प्रमुख नेता भाबेश चंद्र रॉय की क्रूर हत्या की कड़ी निंदा करती है।



# बादशाह को डेट कर रही हैं तारा सुतारिया

## शिल्पा शेट्टी रैपर को चिढ़ाते हुए बोलीं- दिन में तारे देखने लगे हो


**मुंबई।** तारा सुतारिया अपनी प्रोफेशनल लाइफ से ज्यादा पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में रहती हैं। एक बार फिर से वह चर्चा में हैं और इस बार वजह है उनकी लव लाइफ। कहा जा रहा है कि तारा रैपर बादशाह को डेट कर रही हैं। हालांकि, अब तक इसको लेकर कोई भी आधिका. रिक बयान सामने नहीं आया है। दरअसल, रियलिटी शो इंडियन आइडल 15 के सेट से दोनों की डेटिंग की खबरें शुरू हुईं। जब शिल्पा शेट्टी ने मजाकिया अंदाज में तारा सुतारिया का नाम लेकर बादशाह को चिढ़ाया था। इस पर रैपर शर्मा गए, जिसके बाद से सोशल मीडिया पर कयास लगाए जाने लगे कि तारा और बादशाह एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। शिल्पा शेट्टी ने कहा था, बादशाह, मैंने सुना है कि आप दिन में भी तारे देख रहे हैं। तारा देख रहे हैं आप। अरे, हम 90 के दशक का दौर सेलिब्रेट



कर रहे हैं, तो मुझे एक खास गाना याद आ गया, सिर्फ आपके लिए चलती है क्या 9 से 12? यही गाना गा रहे हैं ना आप।

बता दें, तारा सुतारिया ने पहले एक्टर आदर जैन को डेट किया था। दोनों चार साल तक रिलेशनशिप में रहे थे। हालांकि, साल 2023 में दोनों का ब्रेकअप हो गया था। इसके बाद आदार ने अलेखा आडवाणी के साथ शादी कर ली थी, जो पहले तारा की बेस्ट फ्रेंड थीं।

# द ताज स्टोरी को अंतर्राष्ट्रीय श्रेणी में बेस्ट फिल्म अवार्ड




**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता परेश रावल की फिल्म द ताज स्टोरी ने हाल ही में लंदन के हाउस ऑफ कॉमन में आयोजित ग्लोबल बिजनेस अवार्ड 2025, अंतर्राष्ट्रीय श्रेणी में बेस्ट फिल्म का पुरस्कार जीता। द ताज स्टोरी को ब्रिटिश दर्शकों और लंदन निवासियों के साथ-साथ वहां के फौजियों द्वारा भी बेहद पसंद किया गया। फिल्म की मुख्य भूमिका में परेश रावल की शानदार अभिनय ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके अलावा, लेखक और निर्देशक तुषार अमरीश गोयल के काम की भी खूब सराहना की गई। इस शानदार फिल्म का निर्माण सुरेश झा ने किया है और फिल्म के क्रिएटिव प्रोड्यूसर विकास राधेशाम हैं। फिल्म के डीओपी सत्यजीत हार. निस और एडिटर हिमांशु एम तिवारी है। एक से बढ़कर एक प्रतिभाशाली कलाकारों ने काम किया है, जिनमें अमृता खानविलकर, ज़ाकिर हुसैन, नमित दास, बृजेंद्र काला, स्नेहा वाघ, शिशिर शर्मा, कांत वर्मा, अखिलेंद्र मिश्रा, अनिल जॉर्ज, अभिजीत लेहरी, सिद्धार्थ भारद्वाज, लतिका, पंकज बेरी, आसित चटर्जी, फ्लोरा जॉक्स, वीणा झा और बाल कलाकार स्वर्णिम और सर्वज्ञ शामिल हैं। इन सभी कलाकारों ने अपने-अपने किरदारों में जान डाल दी और फिल्म को और अधिक प्रभावशाली बना दिया। द ताज स्टोरी की अंतर्राष्ट्रीय सफलता ने भारतीय सिनेमा को एक नई ऊंचाई पर पहुंचाया है और यह दर्शाता है कि भारतीय कहानियों की वैश्विक पहचान हो रही है।

# मकाओ फेस्टिवल में आमिर को मिला ग्लोबल अवॉर्ड



**मुंबई।** बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान को चीन के मकाओ कॉमेडी फेस्टिवल में ग्लोबल सम्मान मिला है। आमिर खान भारतीय सिनेमा के सबसे सम्मानित और प्रभावशाली एक्टर्स में से एक हैं। उन्होंने अपने लंबे शानदार करियर में उन्होंने न सिर्फ भारत में बल्कि दुनियाभर में करोड़ों दिल जीते हैं। उनकी फिल्में सरहदें पार कर चुकी हैं, खासतौर पर चाइना में तो उन्होंने कई रिकॉर्ड तक तोड़ डाले। आमिर अपने सोच-समझकर चुने गए कंटेंट और दमदार परफॉर्मेंस के लिए जाने जाते हैं और इसी वजह से वो क्वालिटी सिनेमा के ग्लोबल आइकॉन बन चुके हैं। हाल ही में उनकी इस इंटरनेशनल अपील को मकाओ कॉमेडी फेस्टिवल में भी सम्मानित किया गया, जहां उन्हें खासतौर पर सराहा गया।

आमिर खान ने हाल ही में मकाओ कॉमेडी फेस्टिवल में शिर. कत की, जहां उनके साथ हे वेनजुन, जू झेंग, ना ना, तियान वा, वेन सोंग, सोंग शियाओबाओ, झांग चियु, जोशुआ ई, वांग यिगवेई, ली फी, सोंग यांग, वांग जियानहुआ, स्टेनली तांग, सोंग मुजी, जू वुबिन, चांग युआन, शेन टेंग, झांग चेन, झाओ बेनशान, झोउ डेयॉन्ग, ली झिलियांग, लियू सिवेई और ऐ लुन जैसे कई नामचीन कलाकार मौजूद थे। चाइना में आमिर की जबर्दस्त फैन फॉलोइंग के चलते उनकी मौजूदगी ने वहां खलबली मचा दी।

## सोनाक्षी स्टारर निकिता रॉय 30 मई को रिलीज होगी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा की फिल्म निकिता रॉय 30 मई, को रिलीज होगी। बहुप्रतीक्षित साइकोलॉजिकल थ्रिलर निकिता रॉय की रिलीज डेट सामने आ गई है। यह फिल्म 30 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। हाल ही में मेकर्स ने इस फिल्म का एक नया आकर्षक पोस्टर जारी किया है, जिसमें फिल्म की ऑफीशियल रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया गया है। एक पावर-पैक्ड कास्ट नजर है, जिसमें सोनाक्षी, अर्जुन रामपाल, परेश रावल और सुहैल नय्यर जैसे बेहतरीन कलाकार मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म को कुश एस सिन्हा ने निर्देशित किया है। निकिता पाई फिल्म्स लिमिटेड के बैनर तले बनी निकिता रॉय का नेतृत्व किजल अशोक घोने ने निकी खेमचंद भगनानी, विक्की भगनानी, अंकुर टकरानी, दिनेश रतिराम व क्रेटोस एंटरटेनमेंट के सहयोग से किया है।

# बोटॉक्स व लिप-फिलर्स के कमेंट्स पर भड़कीं जैस्मिन





**मुंबई।** टीवी एक्ट्रेस जैस्मिन भसीन ने इन दिनों ट्रोलर्स के निशाना पर हैं। सोशल मीडिया पर लगातार उन्हें फिलर्स और बोटाक्स को लेकर ट्रोल किया जा रहा है। अब इस मामले में एक्ट्रेस ने रिएक्शन दिया है। उन्होंने ट्रोलर्स को करारा जवाब देते हुए कहा कि इसमें गलत क्या है। दरअसल, जैस्मिन भसीन के कुछ फोटोशूट और वीडियोज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं, जिसमें उनका चेहरा काफी बदला-बदला नजर आ रहा है। खासकर उनके लिप्स। ऐसे में यूजर्स लगातार उन्हें ट्रोल कर रहे हैं। उनका दावा है कि जैस्मिन ने बोटाक्स और होठों पर फिलर्स करवाए हैं। बॉलीवुड बबल के साथ एक इंटरव्यू में जैस्मिन ने कहा कि आखिर लोगों को कास्मेटिक सर्जरी से समस्या क्या है? यदि ऐसे बदलाव किसी व्यक्ति को अधिक आत्मविश्वास महसूस कराने में मदद करते हैं, तो इसमें कोई बुराई नहीं है। हर व्यक्ति को अपनी पसंद और सुविधा के अनुसार फैसला लेने का अधिकार है। अगर कोई खुद को बेहतर महसूस कराने के लिए ऐसा कुछ कराता है, तो उसे जज नहीं किया जाना चाहिए। मेरी एक पोस्ट पर लोगों ने कमेंट्स किए और कई मैसेज भेजकर पूछा कि क्या जैस्मिन ने अपने होठों पर कुछ करवाया है? वगैरह-वगैरह, लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं हुआ था। दरअसल, एक हादसे की वजह से मेरे होठों में सूजन आ गई थी और उस दिन मेकअप आर्टिस्ट ने मेरे होठों को ज्यादा ओवर लाइन कर दिया था। उस वक्त मुझे वो लुक अच्छा भी लगा था, क्योंकि इंस्टाग्राम फिल्टर्स में भी होंठ थोड़े फूले हुए ही दिखते हैं, एहसास हुआ कि वो लुक मुझ पर अच्छा नहीं लग रहा था। जैस्मिन ने कहा कि उन्हें समझ नहीं आता कि लोग दूसरों को इस बात पर नीचा क्यों दिखाते हैं?

# कई OTT प्रोजेक्ट्स ठुकरा चुकी हैं भूमि

## बोलीं- किसी कहानी से जुड़ाव महसूस नहीं हुआ, अब द रॉयल्स से करेंगी डेब्यू



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर आखिरकार ओटीटी की दुनिया में कदम रखने जा रही हैं। वह जल्द ही वेब सीरीज द रायल्स में नजर आएंगी। हालांकि यह पहली बार नहीं है जब उन्हें वेब सीरीज में काम करने का प्रस्ताव मिला हो। इससे पहले भी उन्होंने कई ओटीटी प्रोजेक्ट्स ठुकरा दिए थे। भूमि पेडनेकर ने कहा कि मुझे ओटीटी पर डेब्यू करने के लिए कई वेब सीरीज के ऑफर मिले थे। मैंने सभी की स्क्रिप्ट्स भी पढ़ी थीं, लेकिन उन्हें करने से इनकार कर दिया। हालांकि बाद में वे सभी प्रोजेक्ट्स काफी सफल रहे, लेकिन सबसे बड़ी बात यह है कि मुझे उन प्रोजेक्ट्स से वैसा जुड़ाव कभी महसूस नहीं हुआ, जैसा कि द रायल्स से हुआ। इसलिए इसके लिए हामी भर दी। भूमि ने आगे कहा, मेरे लिए सबसे जरूरी बात थी सही कहानी और सही जानर का मिलना। जहां तक द रायल्स की बात है, यह एक रोमांटिक कामेडी है और रोम-काम मेरा सबसे पसंदीदा जॉनर है। मुझे नहीं लगता कि आजकल हम इस तरह की फिल्में या शोज बना रहे हैं। मैं मिल्स एंड बून के नावेल्स पढ़ते हुए बड़ी हुई हूं। शायद इसी वजह से मुझे कोरियन ड्रामा भी बहुत पसंद हैं, क्योंकि उनमें रोमांस भरपूर होता है। द रायल्स में भूमि पेडनेकर के साथ ईशान खट्टर प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। इन दोनों के अलावा इस शो में जीनत अमान, साक्षी तंवर, नोरा फतेही, डिनो मोरिया, मिलिंद सोमन, चंकी पांडे, विहान सामत और सुमुखी सुरेश जैसे कई कलाकार हैं। यह शो 9 मई को नेटफ्लिक्स पर प्रीमियर होगा।

# ग्राउंड ज़ीरो का कश्मीर में ऐतिहासिक प्रीमियर

**कश्मीर।** एक्सेल एंटरटेनमेंट की फिल्म ग्राउंड ज़ीरो का कश्मीर में ऐतिहासिक प्रीमियर हुआ। एक्सेल एंटरटेनमेंट अपने अपकमिग एक्शन थ्रिलर ग्राउंड ज़ीरो के साथ बीएसएफ के एक शानदार मिशन को पर्दे पर लाने के लिए तैयार है। यह फिल्म कश्मीर पर आधारित है और एक असली कहानी पर आधारित है जो पहले कभी नहीं सुनाई गई। ट्रेलर और पोस्टरों के बाद बढ़ती हुई उत्सुकता के बीच, फिल्म का ग्रैंड प्रीमियर कश्मीर में हुआ। घाटी में 38 सालों बाद यह पहली फिल्म प्रीमियर होने वाली फिल्म है। प्रीमियर के दौरान रेड कार्पेट पर बीएसएफ के जवानों और फिल्म की पूरी टीम ने जब अपनी एंट्री मारी, तो माहौल ही बदल गया। इमरान हाशमी, साई ताम्हंकर, निर्देशक तेजस प्रभा विजय देवस्कर, निर्माता रितेश सिधवानी अपनी पत्नी डॉली सिधवानी के साथ, फरहान अख्तर अपनी पत्नी शिबानी दांडेकर के साथ, और को-प्रोड्यूसर अरहान बगाती जैसे बड़े नाम रेड कार्पेट पर नजर आए।

## अर्जुन राज की फिल्म खेल पासपोर्ट का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** निर्देशक अर्जुन राज की फिल्म खेल पासपोर्ट का का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर डी आर जे रिकॉर्ड म्यूजिक से रिलीज किया गया है। निर्देशक अर्जुन राज ने फिल्म का ट्रेलर रिलीज करते हुए बताया कि यह फिल्म बन कर तैयार है और जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। फिल्म की पूरी शूटिंग मुंबई शहर में हुई है। फिल्म में हेरम्ब त्रिपाठी ने मुख्य भूमिका निभाई है। फिल्म में एक से बध्कर एक गाने है। फिल्म की कहानी आम आदमी के लाइफ से जुड़ी हुई है। एक लड़का इंडिया से बाहर जाना चाहता है नौकरी करने के लिए और मुंबई आकर पासपोर्ट ट्रैप में फस जाता है, इस पासपोर्ट ट्रैप से जुड़ी कहानी पर आधारित है मेरी फिल्म खेल पासपोर्ट का। फिल्म खेल पासपोर्ट का निर्माण हैप्पी क्राउड एंटरटेनमेंट, किग केयान एंटरटेनमेंट और रजिया पठान के बैनर तले किया जा रहा है। इस फिल्म को राजवंत शर्मा को-प्रोड्यूस कर रहे हैं।










# यूके में जलवा बिखेरेंगे सलमान खान

**मुंबई।** बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान द बॉलीवुड बिग वन यूके टूर में जलवा बिखेरेंगे। सलमान खान एक ऐसे सुपरस्टार हैं, जिनकी स्टारडम की कोई बराबरी नहीं कर सकता। वह सिर्फ बड़े पर्दे पर ही नहीं, बल्कि लोगों के दिलों पर भी राज करते हैं। उनकी फैन फॉलोइंग जबर्दस्त है, वो भी ऐसी जो सालों से उनके साथ खड़ी है, हर मोड़ पर। बॉक्स ऑफिस पर सलमान की फिल्मों का दबदबा हमेशा से रहा है और अब वो अपने फैन्स को एक नया तोहफा देने जा रहे हैं। सलमान अब तैयार हैं स्टेज पर धमाल मचाने के लिए। सलमान खान जल्द ही द बॉलीवुड बिग वन यूके टूर के जरिए यूके में अपने चाहने वालों से रूबरू होंगे। सलमान खान अब द बॉलीवुड बिग वन यूके टूर के जरिए लाइव परफॉर्म करने जा रहे हैं, वो भी एक दमदार लाइनअप के साथ।